बालाघाट
मंगलवार 14 अक्टूबर 2025
कार्तिक कृष्ण 08 विक्रम सम्वत 2082
वर्ष 16, अंक 23
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

पद्मेश मीडिया समूह का प्रकाशन

# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | ~ | 82,327.05 |
| निफ्टी | ~ | 25,227.35 |
| सोना | ~ | 1,25,400 |
| चांदी | ~ | 1,85,000 |
| डॉलर | ~ | 88.66 |

/padmeshmedia /padmeshmedia epaper.balaghatexpress.in E-mail: balaghatexpress@gmail.com

## खास खबर

### दिल्ली की अदालत ने चैतन्यानंद सरस्वती की जमानत पर सुनवाई टाली

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली की एक अदालत ने स्वयंभू धर्मगुरु चैतन्यानंद सरस्वती की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि पीड़ितों की संख्या के कारण अपराध की गंभीरता कई गुना बढ़ गई है। सरस्वती उस मामले में न्यायिक हिरासत में हैं जिसमें उस पर 17 छात्राओं से छेड़छाड़ का आरोप है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश दीप्ति देवेश ने कार्यवाही के दौरान कहा कि वर्तमान चरण में जमानत देने का कोई आधार नहीं बनता। उन्होंने याचिका पर सुनवाई 27 अक्टूबर तक स्थगित कर दी। बचाव पक्ष के वकील ने जोर दिया कि सरस्वती को इस मामले में फंसाया गया है।

### आतंकी जफर के खिलाफ गैर-जमानती वारंट

जम्मू, एजेंसी। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में एनआईए एक्ट के तहत, स्पेशल जज ने हिजबुल मुजाहिदीन आतंकवादी जफर भट उर्फ खुर्शीद के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया है। जफर भट अनंतनाग का रहने वाला है। वह हिजबुल मुजाहिदीन का एक सीनियर मेंबर है और अभी पाकिस्तान से सक्रिय है। वह गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 और अन्य संबंधित कानूनों के तहत दर्ज कई आतंकवाद संबंधी मामलों में शामिल रहा है। अदालत ने अनंतनाग पुलिस को उसे जल्द से जल्द गिरफ्तार करने और अदालत में पेश करने के निर्देश दिए हैं।

### नॉनवेज पार्टी पर प्रिंसिपल को नोटिस

सूरत, एजेंसी। गुजरात के सूरत में गोडादरा स्थित शिक्षण समिति के स्कूल में नॉनवेज परोसने पर विवाद हो गया है। यह कार्यक्रम 1987 से 1991 के बीच स्कूल में पढ़े तेलुगु समाज के छात्रों ने रखा था। इस दौरान पूर्व छात्रों (एल्युमिनाई) ने स्कूल कैंपस में लगी मां सरस्वती की मूर्ति को चुनरी से ढंक दिया। इसके कार्यक्रम शुरू किया गया और चिकन और टन परोसा गया। यह कार्यक्रम 12 सितंबर को हुआ। इसमें स्कूल के प्रिंसिपल भी मौजूद थे। जब मीडिया स्कूल पहुंचा तो शिक्षक और स्टाफ फरार हो गए। स्कूल चौकीदार ने कहा कि सभी लोग सुबह आए थे, कार्यक्रम दोपहर में हुआ।

### आईईडी ब्लॉस्ट से जवान घायल

बीजापुर, एजेंसी। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सोमवार को नक्सलियों का प्लांट इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) ब्लास्ट हुआ। घटना में एक जवान घायल हुआ है। पुलिस के मुताबिक, घटना कंडलापार्टी गांव के जंगल में हुई। यहां सुरक्षाबलों की टीम सर्च ऑपरेशन पर निकली थी।

### कुछ ना कहना




# बिहार चुनाव से पहले लालू परिवार को बड़ा झटका!

## आईआरसीटीसी घोटाले में लालू-राबड़ी और तेजस्वी के खिलाफ आरोप तय



पटना, एजेंसी। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सोमवार को लालू यादव, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव को आईआरसीटीसी घोटाले में आरोपी माना। अब तीनों के खिलाफ केस चलेगा। कोर्ट ने कहा कि लालू की जानकारी में टेंडर घोटाले की पूरी साजिश रची गई। टेंडर में उनका हस्तक्षेप था। इससे लालू परिवार को फायदा हुआ। उधर लालू ने इन आरोपों को निराधार बताया। यह मामला रांची और पुरी स्थित आईआरसीटीसी की 2 होटलों के टेंडर में भ्रष्टाचार से जुड़ा है। बिहार चुनाव के बीच यह फैसला लालू और आरजेडी के लिए परेशानी खड़ी कर सकता है। इससे पहले लालू व्हील चेयर पर कोर्ट पहुंचे। राबड़ी और तेजस्वी भी उनके साथ थे। लैंड फॉर जॉब्स मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट में आज फैसला टला। कोर्ट अब 10 नवंबर को फैसला सुनाएगा।

इधर, सुनवाई के बाद तेजस्वी यादव ने एक्स पर लिखा कि जब तक दंगाई और संविधान विरोधी बीजेपी सत्ता में है और मेरी उम्र है बीजेपी से लड़ते रहेंगे। एक महीना पहले बिहार आकर गृहमंत्री अमित शाह जी हमें धमकी दे रहे थे कि हमको चुनाव लडने लायक नहीं छोड़ेंगे। हम लड़ेंगे और जीतेंगे। हम बिहारी है बिहारी, बाहरी से नहीं डरते।

### यह सब राजनीतिक प्रतिशोध है

तेजस्वी यादव ने कहा कि हम इस मामले की कानूनी लड़ाई लड़ेंगे। हमने शुरू से ही कहा था कि जैसे-जैसे चुनाव करीब आएंगे, ऐसी बातें होंगी। हम अदालत के फैसले का सम्मान करते हैं और अदालत में अपनी बात रखेंगे। जिस व्यक्ति ने रेलवे को 90,000 करोड़ रुपए का मुनाफा दिया, जिसने हर बजट में किराया घटाया, वह ऐतिहासिक रेल मंत्री के रूप में जाने जाते हैं। हार्वर्ड और आईआईएम के छात्र लालू जी से सीखने आए थे। उन्हें मैनेजमेंट गुरु कहा जाता है। बिहार और देश की जनता सच्चाई जानती है।

### आगे क्या, कितनी सजा मिलेगी

लालू,राबड़ी और तेजस्वी पर केस चलेगा। लालू यादव पर भ्रष्टाचार, आपराधिक साजिश और धोखाधड़ी का आरोप है। इसके अलावा, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव पर भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी) और 120बी (आपराधिक साजिश) के तहत आरोप लगे हैं। अगर तीनों के खिलाफ आरोप साबित हुए तो इन्हें एक से 7 साल तक की सजा हो सकती है।

### लैंड फॉर जॉब मामले में फैसला टला

जमीन के बदले रेलवे में नौकरी से जुड़े लैंड फॉर जॉब स्कैम में लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव और अन्य के खिलाफ आरोप तय करने पर फैसला टल गया है। राउज एवेन्यू कोर्ट मे 10 नवंबर को आरोप तय करने पर फैसला आ सकता है। सीबीआई ने कहा था कि इसमें बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है, कुछ सेल डीड को छोडक़र, जमीन की खरीद के लिए ज्यादातर पैसों का लेनदेन कैश में हुआ। सीबीआई ने मामले में आईपीसी की धारा 120, 420, 468, 467, 471 और प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट 1988 की धारा 11,12,13,,8,9 के तहत चार्जशीट दाखिल की थी।

### बिहार चुनाव प्रचार पकड़ेगा जोर, बीजेपी ने योगी आदित्यनाथ को बनाया स्टार प्रचारक

बिहार चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया पूरी होते ही चुनाव प्रचार जोर पकड़ लेगा। इस सिलसिले में यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ की बिहार में 20 से ज्यादा सभाएं और रैलियां होना हैं। वे बीजेपी के स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल हैं। हरियाणा चुनाव में योगी ने 'बंटोगे तो कटोगे' नारा दिया था। हरियाणा के बाद महाराष्ट्र और दिल्ली चुनावों में भी इसी नारे के सहारे योगी ने हिन्दू वोटरों को एकजुट करने का काम किया। पीएम मोदी ने भी इसी तर्ज पर 'एक रहोगे, सेफ रहोगे' नारा दिया।

बिहार चुनाव में बीजेपी ने घुसपैठ को अपने प्रमुख मुद्दों में शुमार किया है, इसलिए योगी के चुनाव प्रचार में उतरने से बीजेपी और एनडीए के साथी दलों को फायदा पहुंचेगा। चुनाव के लिए एनडीए ने साथी दलों के बीच सीटों का बंटवारा हो गया है। महागठबंधन की स्थिति जल्द साफ हो जाने की उम्मीद है। एनडीए ने पटना में साथी दलों से चर्चा के बाद दिल्ली में बीजेपी के शीर्ष नेताओं के साथ बैठ कर सीटों का पेंच सुलझाया।

महागठबंधन में भी सीट शेयरिंग का पेंच दिल्ली में ही सुलझाया जाएगा। लैंड फार जाब स्कैम में सीबीआई की राउज एवेन्यू कोर्ट में लालू यादव, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव पर आरोप तय करने पर आज फैसला आने की उम्मीद है। आरजेडी के तीनों शीर्ष नेता दिल्ली में हैं। तेजस्वी के राहुल गांधी से मिलने की संभावना है। राहुल गांधी के पास उम्मीदवारों की सूची पहुंच चुकी है। बहरहाल, सीटों का बंटवारा होते ही चुनाव प्रचार अभियान भी जोर पकड़ेगा।

पीएम मोदी एनडीए की जीत के लिए 20 अक्टूबर को 'हमारा बूथ, सबसे मजबूत' अभियान की शुरुआत करेंगे। इस क्रम में वे बीजेपी कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद भी करेंगे। चुनाव प्रचार के क्रम में उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ भी बिहार आएंगे. उनकी 20से अधिक सभाओं की जानकारी सामने आई है। योगी की ताकत को बीजेपी में भी स्वीकार्यता मिली हुई है। 2024 के लोकसभा चुनाव में उनकी सालह के उलट जब बीजेपी के शीर्ष नेतृत्व ने उम्मीदवारों का चयन किया तो इसका दुष्परिणाम भी पार्टी को झेलना पड़ा। बीजेपी ने हार की समीक्षा के लिए जब बैठक बुलाई तो योगी ने बड़ी साफगोई से उम्मीदवार चयन में गड़बड़ी का आरोप नेतृत्व पर मढ़ने में संकोच नहीं किया। बाद में पार्टी ने उन्हें फ्री हैंड दे दिया।

### जम्मू-कश्मीर की 4 राज्यसभा सीट पर चुनाव नहीं लड़ेगी कांग्रेस

जम्मू, एजेंसी। जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तारिक हामिद कर्रा ने कहा कि उनकी पार्टी 24 अक्टूबर को केंद्र शासित प्रदेश की 4 सीटों के लिए होने वाले राज्यसभा चुनाव नहीं लड़ेगी, क्योंकि गठबंधन सहयोगी नेशनल कॉन्फ्रेंस ने उन्हें सुरक्षित सीट देने से इंकार किया है। पार्टी नेताओं की मैराथन बैठक के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कर्रा ने कहा कि सर्वसम्मति से यह तय हुआ है कि कांग्रेस राज्यसभा चुनाव नहीं लड़ेगी। कर्रा ने बताया कि कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व ने उन दो राज्यसभा सीटों में से एक मांगी थी जिन पर अलग-अलग चुनाव होने वाले हैं, लेकिन नेशनल कॉन्फ्रेंस ने पार्टी को उन दो सीटों में से एक की पेशकश की, जिन पर एक ही अधिसूचना के तहत चुनाव होने वाले हैं।

### 'वोट चोरी' के आरोपों की जांच के लिए नहीं बनेगी एसआईटी...सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की याचिका

नई दिल्ली, एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने लोकसभा में विपक्ष के नेता और सांसद राहुल गांधी के 'वोट चोरी' के आरोपों की जांच के लिए दायर याचिका को खारिज कर दिया है। याचिका में कांग्रेस नेता के बयानों की जांच विशेष जांच दल (एसआईटी) से कराने की मांग की गई थी।

यह जनहित याचिका (पीआईएल) अधिवक्ता रोहित पांडे ने दाखिल की थी, जिसमें सुप्रीम कोर्ट से आग्रह किया गया था कि वे पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान राहुल गांधी द्वारा लगाए गए 'वोट चोरी' के आरोपों की जांच के लिए एसआईटी गठित करने का निर्देश दें। याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाला बागची की दो सदस्यीय बेंच ने सुनवाई से इंकार कहा कि इस मामले में याचिकाकर्ता को भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) के पास जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने कहा, इसतरह के मामलों में जांच का अधिकार निर्वाचन आयोग के पास है। आप वहां जाकर अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के साथ ही राहुल गांधी के 'वोट चोरी' के आरोपों को लेकर एसआईटी जांच की मांग अब खत्म हो गई है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया कि चुनाव प्रक्रिया या परिणामों से जुड़ी शिकायतों की जांच का अधिकार केवल निर्वाचन आयोग को है, न्यायपालिका का इसमें सीधा हस्तक्षेप नहीं हो सकता। अदालत ने याचिकाकर्ता की दलीलों को सुनने के बाद कहा कि जनहित याचिका का मामले में कोई औचित्य नहीं बनता और इस मामले को खारिज किया जाता है।

## छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म पर मेरी टिप्पणी को तोड़-मरोड़कर कर पेश किया

कोलकाता, एजेंसी। पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में मेडिकल छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना के बाद छात्रावास में रहने वाली छात्राओं को देर रात बाहर न जाने की सलाह को लेकर बढ़ती आलोचनाओं के बीच सीएम ममता बनर्जी ने रविवार को आरोप लगाया कि उनकी टिप्पणी को गलत तरीके से लिया गया। ममता ने कहा कि उनकी ओर से की गई टिप्पणियों को जानबूझकर तोड़-मरोड़कर पेश किया गया है और उनके शब्दों का गलत संदर्भ निकाला।



सीएम ने मीडिया से कहा कि आप मुझसे सवाल पूछते हैं और जब मैं जवाब देती हूं, तो मेरे शब्दों को तोड़-मरोड़कर पेश किया जाता है और उनका गलत संदर्भ निकाला जाता है। मेरे साथ ऐसी घटिया राजनीति मत कीजिए। उन्होंने कहा कि दूसरों के विपरीत मुझमें आपसे मिलकर सीधे बात करने की शालीनता है। दूसरे तो बस पहले से तय सवालों के जवाब देते हैं। बारिश और भूस्खलन की घटनाओं से प्रभावित उत्तर बंगाल में राहत एवं पुनर्वास कार्यों का जायजा लेने के लिए रवाना होने से पहले ममता ने कोलकाता हवाई अड्डे पर पत्रकारों से कहा था कि उनकी सरकार का ऐसी घटनाओं को कतई बर्दाश्त नहीं करेगी।

सीएम ममता ने कहा कि यह एक स्तब्ध कर देने वाली घटना है। हमारा रुख ऐसे अपराधों को कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। घटना के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और पुलिस अन्य की तलाश कर रही है। किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस ने बताया था कि दुर्गापुर में कुछ लोगों ने ओडिशा के बालासोर जिले के जलेश्वर की रहने वाली मेडिकल छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया।

पुलिस के मुताबिक यह घटना शुक्रवार रात एक निजी मेडिकल कॉलेज परिसर के बाहर उस वक्त हुई जब छात्रा अपने एक दोस्त के साथ खाना खाने के लिए गई थी। ममता ने कहा था कि वह एक निजी मेडिकल कॉलेज में पढ़ रही है। इसकी जिम्मेदारी किसकी है? वह रात के 12:30 बजे बाहर कैसे आई? छात्रावास में रहने वाले छात्रों, खासकर जो बाहर से पश्चिम बंगाल में पढ़ाई करने आए हैं, उनसे छात्रावास के नियमों का पालन करने की उम्मीद की जाती है।

### शिक्षा की शुरुआत जिज्ञासा और खुलकर सोचने से होती है-राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि शिक्षा की शुरुआत जिज्ञासा और खुलकर सोचने से होती है। हमें ऐसा माहौल चाहिए, जहां बच्चे बिना किसी डर या दबाव के सवाल पूछ सकें। शिक्षा कुछ लोगों का विशेषाधिकार नहीं होनी चाहिए, क्योंकि यह स्वतंत्रता की असली नींव है।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि हर बच्चे को सीखने और सोचने की आजादी मिलनी चाहिए। ये केवल अमीर या कुछ लोगों तक सीमित न रहे। भारत को लोकतांत्रिक माहौल में आगे बढ़ने वाली एक नई मैन्युफैक्चरिंग व्यवस्था बनानी होगी। इसके लिए अमेरिका या पेरू जैसे देशों के साथ साझेदारी फायदेमंद होगी।

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर दक्षिण अमेरिकी देश पेरू की पॉन्टिफिकल कैथोलिक यूनिवर्सिटी और चिली यूनिवर्सिटी में छात्रों के साथ हुई बातचीत का 12 मिनट 19 सेकेंड का वीडियो शेयर किया। इसमें शिक्षा, लोकतंत्र और दुनिया की मौजूदा राजनीतिक स्थिति पर उन्होंने चर्चा की। बता दें राहुल गांधी पिछले दिनों 10 दिन की दक्षिण अमेरिकी देशों कोलंबिया, ब्राजील, पेरू और चिली की यात्रा पर गए थे। यहां उन्होंने कई यूनिवर्सिटी में आयोजित कार्यक्रमों में भारत और विश्व की राजनीति, शिक्षा समेत कई मुद्दों पर चर्चा की थी।

### पांच विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की अधिसूचना जारी, 11 को मतदान

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत निर्वाचन आयोग ने सोमवार को पांच विधानसभा सीटों के उपचुनाव की अधिसूचना जारी कर दी। इन सीटों के लिए मतदान 11 नवंबर को होगा और परिणाम 14 नवंबर को आएंगे। अधिसूचना के मुताबिक ओडिशा की 71-नुआपाड़ा विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव के लिए 20 अक्टूबर से नामांकन दाखिल होंगे, 22 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 24 अक्टूबर तक नामांकन वापस लिए जा सकेंगे। 11 नवंबर को मतदान होगा। यह सीट बीजद विधायक राजेंद्र ढोलकिया के निधन के बाद खाली हुई थी। इसी तरह पंजाब की 21-तरनतारन विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव की तारीख घोषित कर दी है। नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया 21 अक्टूबर से शुरू होगी, उसके बाद 22 को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 24 तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। मतदान 11 नवंबर को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। आप विधायक कश्मीर सिंह सोहल के निधन के बाद खाली हुई सीट पर उपचुनाव होना है। वहीं राजस्थान में 193-अंता विधानसभा क्षेत्र 23 मई को विधायक कंवर लाल मीणा की अयोग्यता के बाद यह सीट खाली हुई थी।

कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया के बेटे ने कहा-

## आरएसएस की मानसिकता तालिबान जैसी, बैन लगे

बेंगलुरु, एजेंसी। कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया के बेटे यतींद्र सिद्धारमैया ने राज्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर बैन लगाने की मांग की है। उन्होंने सोमवार को कहा कि आरएसएस की मानसिकता तालिबान जैसी है। आरएसएस हिंदू धर्म को उसी तरह लागू करना चाहता है जिस तरह तालिबान इस्लाम के सिद्धांतों को थोपने के लिए आदेश जारी करता है। इसके बाद मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि आरएसएस अपनी शाखा लगाने के लिए सरकारी परिसरों का इस्तेमाल कर रहा है। मैंने मुख्य सचिव से कहा है कि वे जांच करें और देखें कि तमिलनाडु सरकार ने क्या कदम उठाए हैं। और क्या उन्हें कर्नाटक में भी लागू किया जा सकता है।

इसके पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े के बेटे और कर्नाटक के आईटी मिनिस्टर प्रियांक खडग़े ने 4 अक्टूबर को सीएम को लेटर लिखा था। इसमें उन्होंने राज्य के सरकारी परिसरों और सार्वजनिक स्थानों पर आरएसएस की गतिविधियों पर बैन लगाने की मांग की थी।

आरएसएस को कानून के तहत लाना चाहिए

यतींद्र ने कहा कि आरएसएस को कानून के तहत लाना चाहिए और उसे एक पंजीकृत संस्था बनाया जाना चाहिए। अभी वह एक स्वैच्छिक संगठन है, इसलिए उसे कुछ कानूनी छूट मिल जाती है। आरएसएस की सोच भी तालिबान जैसी है। जैसे तालिबान इस्लाम को अपने हिसाब से चलाना चाहता है और महिलाओं की आजादी पर रोक लगाता है। उसी तरह क्रस्स् भी हिंदू धर्म को सिर्फ अपने नजरिए से दिखाना चाहता है।

### तमिलनाडु में राजनीतिक गतिविधियों पर रोक

तमिलनाडु सरकार ने हाल ही में सरकारी परिसरों और स्कूलों में किसी भी तरह की राजनीतिक या धार्मिक संगठन की गतिविधियों पर रोक लगाई है। कर्नाटक सरकार अब उसी नीति का अध्ययन कर यह तय करेगी कि राज्य में भी वैसी ही कार्रवाई की जाए या नहीं।

## शारदा चिटफंड घोटाला : आईपीएस राजीव से 6 साल तक क्यों नहीं हुई पूछताछ?

नई दिल्ली, एजेंसी। करोड़ों रुपए के शारदा चिटफंड घोटाला मामले में सुप्रीम कोर्ट वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी राजीव कुमार को दी अग्रिम जमानत को चुनौती देने वाली सीबीआई की याचिका पर इस हफ्ते में सुनवाई करेगा। सीजेआई बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने सोमवार को सीबीआई की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलीलें सुनी और मामले की अगली सुनवाई 17 अक्टूबर तक टाल दी। सॉलिसिटर ने दलील दी कि जांच एजेंसी की याचिका को अन्य लंबित याचिकाओं के साथ सूचीबद्ध किया जाए, जिसमें पूरे मामले की व्यापक समझ और विचार के लिए अवमानना याचिका भी शामिल है।

पीठ ने सीबीआई की याचिका को अन्य लंबित मामलों के साथ शुक्रवार के लिए सूचीबद्ध कर दिया। वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी राजीव को 1 अक्टूबर, 2019 को अग्रिम ज़मानत दी गई थी और उनके वकील के मुताबिक पिछले छह सालों में सीबीआई ने उन्हें एक बार भी पूछताछ के लिए नहीं बुलाया। सीजेआई ने कहा कि हमें इस मामले को लंबित क्यों रखना चाहिए? आपने इतने सालों में कुछ नहीं किया। सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि इस मामले में एक वरिष्ठ सीबीआई अधिकारी के आवास को गुंडों ने घेर लिया और उन्हें कोलकाता में अपने परिवार के सदस्यों की सलामती के लिए मदद की गुहार लगानी पड़ी थी।

सॉलिसिटर ने अनुरोध किया कि दिवाली की छुट्टियों के बाद अन्य याचिकाओं पर भी एक साथ विचार किया जाए। जनवरी 2019 में, केंद्र और पश्चिम बंगाल सरकार के बीच अभूतपूर्व गतिरोध तब पैदा हो गया था जब सीबीआई की एक टीम राजीव कुमार से पूछताछ के लिए उनके आधिकारिक आवास पर पहुची थी, लेकिन स्थानीय पुलिस द्वारा उनके अधिकारियों को हिरासत में लिए जाने के कारण उन्हें वापस लौटना पड़ा।

## अब करूर भगदड़ की जांच करेगी सीबीआई, सुप्रीम कोर्ट ने दिए आदेश

### 3 सदस्यीय कमेटी करेगी निगरानी, दो आईपीएस अफसर होंगे शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को करूर भगदड़ मामले में सीबीआई जांच के आदेश दिए। जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने अभिनेता विजय की पार्टी टीवीके और बीजेपी नेता उमा आनंदन की मामले की सीबीआई जांच याचिका पर फैसला सुनाया। मद्रास हाईकोर्ट ने मामले की जांच एसआईटी को सौंपी थी।

बेंच ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस अजय रस्तोगी की अध्यक्षता वाली 3 सदस्यीय कमेटी जांच की निगरानी करेगी। इसमें दो आईपीएस अफसर शामिल होंगे, जो आईजीपी रैंक से नीचे के नहीं होने चाहिए। बेंच ने 10 अक्टूबर को सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रखा था। कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार से पूछा था कि जब एआईएडीएमके को करूर में कम जगह होने के कारण रैली की अनुमति नहीं दी गई तो फिर टीवीके को 27 सितंबर की रैली को कैसे इजाजत दी गई।

कोर्ट ने यह भी पूछा था कि मद्रास हाईकोर्ट ने एसआईटी जांच का आदेश कैसे दिया, जबकि मामला मदुरै बेंच में था। बता दें 27 सितंबर को तमिलनाडु के करूर में अभिनेता विजय की रैली में हुई भगदड़ में 41 लोगों की मौत हुई थी। 100 से ज्यादा लोग घायल थे। सीबीआई के अधिकारियों से अपील है कि वे कमेटी के समक्ष जांच की मंथली रिपोर्ट पेश करें। एसओपी की सुनवाई बेंच को सौंपी जाएगी। हमने रजिस्ट्रार जनरल से रिपोर्ट मांगी है कि इसे आपराधिक याचिका के तौर पर कैसे लिस्ट किया गया।

मद्रास हाईकोर्ट में सिंगल जस्टिस ने चीफ जस्टिस की परमिशन के बिना याचिका पर विचार किया, जो सही नहीं माना। उन्होंने मदुरै बेंच के पहले के फैसले को नजरअंदाज करके मामला उठाया, जबकि उसी विषय पर मदुरै बेंच की डिवीजन बेंच पहले से ही जानकारी में थी। इसके कारण अलग-अलग कोर्ट में मामला चलने लगा। यह चिंता की बात है कि एसओपी से जुड़ी रिट याचिका क्रिमिनल में कैसे आ सकती है। उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार ज्यूडिशियल से इस बारे में स्पष्टीकरण मांगा गया है। जस्टिस माहेश्वरी ने हम इस सब पर विचार करेंगे। जरूरत पड़ी तो हम इसे सीबीआई को भी सौंप देंगे। वहीं एड. सिंघवी ने जिन दो मामलों में आदेश दिए हैं, वे संबंधित पक्षों ने दायर नहीं किए गए हैं। जस्टिस माहेश्वरी ने दो बातें स्पष्ट की हैं। इन दो में एक में सीबीआई जांच की मांग की गई थी। हमने हाईकोर्ट के इस प्रकार की फंक्शनिंग पर भी ध्यान दिया है।

# पंवार समाज की एकता और शक्ति का भव्य प्रदर्शन, बालाघाट बना सामाजिक एकजुटता का केंद्र

## शरद महोत्सव में सांसद, विधायक, आयोग सदस्य सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने की भागीदारी, प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदलाल चौधरी के मुख्य अतिथि एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री गौरी शंकर बिसेन की अध्यक्षता में पंवार समाज जिलाध्यक्ष विशाल बिसेन ने किया शरद महोत्सव का आयोजन। प्रमुख अतिथि सांसद भारती पारधी, विधायक विक्की पटेल, मधु भगत, आयोग सदस्य मौसम हरिनखेड़े, पूर्व मंडी अध्यक्ष पुष्पा बिसेन, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रेखा बिसेन, सहित पंवार समाज के जन प्रतिनिधिगण जिले के विभिन्न पंवार संगठन के अध्यक्षगण एवं हजारों के संख्या में पंवारजन एकजुट हुये ।

नगर मुख्यालय स्थित टीकाराम चौधरी पंवार मंगल भवन में गत रात्रि पंवार समाज द्वारा आयोजित शरद महोत्सव एवं जिला पवार क्षत्रिय संगठन की नवीन जिला कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में राष्ट्रीय पंवार महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदलाल चौधरी , पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन, प्रमुख अतिथि भारती पारधी, प्रमुख अतिथिगण श्रीमती रेखा बिसेन, श्रीमती पुष्पा बिसेन, विशिष्ट अतिथिगण विधायक विक्की विवेक पटेल, विधायक मधु भगत, मध्य प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य श्रीमती मौसम हरिनखेडे, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ बी.एम.शरणागत जिला पंचायत सदस्य लोमहर्ष बिसेन,पूजा मनोज टेंभरे,श्रीमती पूजा कामराज देशमुख नगर पालिका अध्यक्ष कटंगी, योगेश बिसेन उपाध्यक्ष नगर पालिका बालाघाट, श्रीमती योगिता बोपचे सभापति नगर पालिका बालाघाट, राज हरिनखेड़े पार्षद नगर पालिका बालाघाट, वैभव सिंह बिसेन जिला अध्यक्ष सरपंच संघ , के .सी चौहान संरक्षक पवार क्षत्रिय संगठन बालाघाट, डॉ घनश्याम देशमुख अधिष्ठाता राजा भोज




कृषि महाविद्यालय मुरझड, पालक गौतम मैनेजिंग डायरेक्टर अल्बेक्यर फार्मास्यूटिकल प्राइवेट लिमिटेड बालाघाट, प्रजेश बिसेन डायरेक्टर वैनगंगा आईटीआई बालाघाट, वरिष्ठ समाजसेवी खैरलांजी मुक्तानंद गौतम,डायरेक्टर सतपुरा ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूट, नरेश बिसेन एडवाइजर एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस, एड. आनंद टेमरे अध्यक्ष बार काउंसलिंग बालाघाट, दिलीप रियायत अध्यक्ष पवार मंदी समिति बालाघाट, पवन कुमार बिसेन अध्यक्ष पवार समाज संगठन किरनापुर, डॉ.भोज लाल पटले राम मंदिर ट्रस्ट , महेंद्र पटेल अध्यक्ष पवार संगठन लांजी, आशीष गौतम युवा अध्यक्ष पवार समाज संगठन वारासिवनी, हेमराज गौतम पवार समाज संगठन लालबर्रा, राधेश्याम देशमुख अध्यक्ष पवार समाज संगठन कटंगी, जयेश कुमार देशमुख अध्यक्ष पवार समाज संगठन मिरगपुर, डॉ तरुण कुमार तुरकर अध्यक्ष पवार समाज संगठन परसवाड़ाघाट, तपेश पटले ,अध्यक्ष पवार समाज संगठन भटेरा, राधेलाल रंहागडाले अध्यक्ष राजा भोज पवार संगठन अतरी, यीशु लाल बिसेन अध्यक्ष पवार संगठन भरवेली , अजय हरिनखेडे अध्यक्ष स्वाभिमान पवार समाज संगठन कोसमी, डॉ.राजेंद्र बोपचे ,अध्यक्ष संगठन बूढ़ी, गणेश चौहान पवार समाज संगठन गर्रा, साथ ही जिला पवार क्षत्रिय संगठन बालाघाट के वरिष्ठ स्थाई पालक संरक्षक फतूलाल बिसेन पूर्व जिला अध्यक्ष , डॉ नरेंद्र हरिनखेड़े , सुरेंद्र कुमार तुरकर, आर. सी.अमूल, डॉ शेरसिंह बिसेन, रमेश कुमार पटले, बाबूलाल राणा एड. निखिल गौतम,एड अजय बिसेन, सूरजलाल गौतम, विक्रम आड़े , रामसिंह बघेल और कु इनु रामप्रसाद बिसेन की उपस्थिति गरिमा में रही।

जिले के इतिहास में पहली बार बालाघाट जिले के समस्त विभिन्न पंवार समाज के संगठन का आगमन साथ ही राष्ट्रीय महासभा भारत के प्रबंध कार्य करने के सदस्य, पुणे पवार समाज के अध्यक्ष साथ ही बालाघाट जिले से लगे हुए आसपास के जिलों के भी संगठन इस कार्यक्रम में उपस्थित हुई, कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पंवार समाज की कुलदेवी मां गढ़कालिका की महाआरती, चौरई द्वारा प्रस्तुत की गई, महाआरती में समाज के 5000 से अधिक लोगों की उपस्थिति दर्ज रही है। साथ ही कोर कमिटी सदस्य गायत्री बिसेन, गरिमा गौतम, डॉ प्रतिभा बिसेन द्वारा पवारी नाटक प्रस्तुत किया गया तथा समाज के बच्चों द्वारा पंवारी में गीत, नाटक एवं नृत्य प्रस्तुत किया गया , नाटक प्रस्तुत करने वालो प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।कार्यक्रम के दौरान मिस इंडिया रनर अप सुश्री इनु रामप्रसाद बिसेन एवं पोवारी भाषा में पीएचडी डॉ भारती तारेन्द्र शरणागत का समाज की ओर से सम्मानित किया गया कार्यक्रम के अंतिम में जिलाध्यक्ष विशाल बिसेन द्वारा स्मस्त पंवार समाज का सहृदय आभार किया गया उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा की, जय राजा भोज - जय माँ गढ़कालिका ,शरद महोत्सव 2025 एवं नवीन जिला कार्यकारिणी शपथ ग्रहण समारोह को ऐतिहासिक सफल बनाने हेतु सभी स्वजातियगणों का आभार एवं अभिनंदन किया गया । गरिमामयी उपस्थिति एवं मार्गदर्शन हेतु कार्यक्रम में अपना अमूल्य समय देने वाले सभी सम्मानित अतिथियों का आभार व्यक्त करते हैं।कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना अभूतपूर्व योगदान देने वाले साथियों का बहुत-बहुत धन्यवाद किया गया। हमारी प्रबंध कार्यकारिणी,जिला कार्यकारिणी,कार्यक्रम आयोजन समिति,कार्यक्रम प्रबन्धन समिति,कार्यक्रम वर्किंग कमिटी,समस्त प्रकोष्ठ अध्यक्ष,महासचिव एवं कार्यकारिणी,समस्त संयोजक, सह संयोजक एवं कार्यकारिणी, समस्त कार्यक्रम प्रभारी सभी को सफल आयोजन हेतु बधाई। हमारी प्रेरणाशक्ति हमारी मातृशक्ति,बालक-बालिकाएं, समस्त प्रतिभागी,वरिष्ठ मार्गदर्शक,जिम्मेदार ऊर्जावान युवाओं को सहृदय आभार। हमारे समाज संगठन के समस्त पालक संरक्षकगण, संरक्षकगण, वरिष्ठ उपाध्यकगण, उपाध्यक्षगण, सचिवगण, सहसचिवगण, जनसंवाद सचिवगन, कार्यकारिणी सदस्यगण,समस्त प्रकोष्ठ युवा, महिला, राजा भोज फाउंडेशन,भाषा एवं संस्कृति,रक्तदान समिति, मीडिया,शासकीय कर्मचारी कल्याण, चिकित्सा, शिक्षा, एमआर, कृषि एवं गौसेवा, व्यापारी,उद्योग, विधि, पंचायती राज,नगर संगठन के साथ ही बालाघाट जिले में समाजहित में कार्यरत समस्त वार्ड,नगर,ब्लॉक समितियां एवं कार्यक्रम हेतु आर्थिक सहयोग करने वाले सभी सामाजिकगणों का इस आयोजन में अभूतपूर्व योगदान रहा एवं सभी का आपसी समन्वय इस आयोजन की सफलता का प्रत्यक्ष प्रमाण है। मैं दायित्ववान अध्यक्ष होने के नाते जिला पंवार क्षत्रिय संगठन, पंवार समाज जिला बालाघाट इस सफल,अभूतपूर्व एवं ऐतिहासिक आयोजन का संपूर्ण श्रेय अपने संगठन के साथियों को देता हूँ।

# सुंदरवाही में खेत के मकान में सो रहे बुजुर्ग की हत्या

### जादू टोना करने के शक में हत्या किये जाने की आशंका

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** बिरसा थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम सुंदरवाही में एक बुजुर्ग की हत्या कर दी गई। बीती रात वारदात इस समय हुई जब यह बुजुर्ग अपने खेत में बने मकान में सो रहा था। बिरसा पुलिस ने सूचना मिलते ही ग्राम सुंदरवाही पहुंचकर मृतक पिरम सिंह पिता चेतू नेताम 65 वर्ष का शव मौके से बरामद किये और पोस्टमार्टम करवा कर उसके



परिजनों को सौंप दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पिरम सिंह नेताम खेती किसानी करता था। जिसके परिवार में पत्नी और दो बेटे एक बेटी। हैं जिसमें एक बेटे मंगल नेताम की शादी हो चुकी है। जो अपने परिवार के साथ अलग रहता है। पिरम सिंह का बेटा सुबेलाल बेटी मंगली बाई विकलांग है।पिरम सिह अपनी पत्नी अमरित बाई विकलांग बेटा और बेटी के साथ रहता था। घर से ही कुछ दूरी पर खेत है और खेत में ही पिरम सिह ने एक मकान बनाया है। जहां पर जानवर बांध देते हैं। पिरम सिंह रात में उसी मकान में सोता था। परिवार के अन्य लोग पुराने मकान में ही सोते है।। रोज की तरह 12 अक्टूबर की रात्रि में पिरम सिंह सिंह खाना खाने के बाद खेत के मकान में सोने के लिए गया। 13 अक्टूबर को सुबह सुबेलाल नेताम घर से लगी बाड़ी में भैंसों को चारा खिलाने गया था। तब उसने अपने पिता पिरम सिंह को आंगन में पड़े हुए देखा । उसकी सांसे नहीं चल रही थी और उसके सर के बाई तरफ आंख में गाल में घाव के निशान थे। कपड़े खून से सने हुए थे ।घर के अंदर बिस्तर भी खून से सने हुए। और खाट के पास भी खून गिरा हुआ था। पिरम सिंह की किसी अज्ञात व्यक्ति ने सिर में लोहे के धारदार हथियार से मार कर हत्या कर दी थी। जिसकी रिपोर्ट मंगल नेताम 40 वर्ष ने बिरसा पुलिस थाना में की थी। सूचना मिलते ही बिरसा थाना प्रभारी निरीक्षक रेवल सिंह बरडे उप निरीक्षक शिवलाल परते अपने स्टाफ के साथ ग्राम सुंदरवाही पहुंचे और मौके का निरीक्षण कर मृतक पिरम सिंह का शव पंचनामा कार्यवाही पश्चात पोस्टमार्टम के लिए भिजवाए। बिरसा पुलिस ने पिरम सिह का शव पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिया है वहीं पर पिरम सिंह की हत्या करने के आरोप में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 103 (1) भारतीय न्याय संहिता अपराध के तहत अपराध दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

### पिरम सिह पर परिवार के लोग करते थे जादू टोना करने का शक

पहले पिरम सिंह झाड़ फुंक करता था। 3 साल से झाड़ू करना बंद कर दिया था। बताया गया है कि पिरम सिंह के बड़े भाई मिलन नेताम के तीन लड़के थे। जिसमें एक लड़का भदौरी नेताम को लकवा हो जाने से उसकी मौत हो गई थी। मिलन नेताम अपने भाई पिरम सिंह पर जादू टोना करने का आरोप लगाया था और मिलन नेताम ने इसी को लेकर के पिरम सिह के साथ मारपीट भी की थी और परिवार के कुछ लोगों ने पिरम सिंह पर जादू टोने करने का शक करते हुए उसके घर आने जाने में रोक लगा दी थी। पिछले वर्ष अमर सिंह नेताम की लकवा की बीमारी के कारण मौत होने पर भी पिरम सिंह पर जादू टोना करने का शक किया जा रहा था।

# सोया तो उठा ही नही नितिन

### पीएम के बाद परिजनों के सुपुर्द किया गया शव, मौत का कारण अज्ञात, जांच में जुटी पुलिस

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** नगर के वार्ड नंबर 13 बूढ़ी में एक घायल व्यक्ति की संदिग्ध अवस्था में घर पर ही मौत हो गई। मृतक का नाम 42 वर्षीय नितिन पिता कपूरचंद मेश्राम बताया गया है। हालांकि यह व्यक्ति कैसे घायल हुआ था, किसने अस्पताल में भर्ती कराकर उसका उपचार कराया और घर पर उसकी मौत कैसे हो गई इसकी जानकारी उनके परिजन को भी नहीं है। बताया गया कि घर से जाने के एक दिन बाद नितिन, घायल अवस्था में घर आया था जो खाना खाकर घर पर सो गया था जो सोया ही रह गया। जिसकी घर पर ही संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। जिसके शव का सोमवार की सुबह जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार के लिए शव उनके परिजनों की सुपुर्द किया गया है। तो वहीं कोतवाली पुलिस द्वारा मामले की जांच शुरू कर दी गई है। जिसकी पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मामले का खुलासा होने की बात कही जा रही है।

### बेरोजगार था नितिन, पत्नी छोड़कर चली गई थी मायके

प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 13 निवासी नितिन मेश्राम पहले पेट्रोल पंप में काम करता था तब नगर के वार्ड नंबर 5 बैहर चौकी निवासी स्नेहलता के साथ उसका विवाह हुआ था। बताया जा रहा है कि नितिन शराब पीने का आदि था, जो अक्सर शराब के नशे में रहता था।जानकारी के मुताबिक शराब पीने की इसी आदत के चलते करीब 03 माह, पत्नी स्नेहलता उसे छोड़कर आपने मायके वार्ड नंबर 05 बैहर चौकी चली गई थी और पिछले तीन माह से उसका पति नितिन मेश्राम समता भवन परिसर में मां-बाप के घर निवास कर रहा था। जिसकी शव उसके पिता कपूरचंद मेश्राम के घर मे संदिग्ध अवस्था मे मिला है। हालांकि मौत का कारण क्या था, इसकी जानकारी, किसी भी परिजन को नहीं लग पाई है। जिसका खुलासा पीएम रिपोर्ट आने के बाद होने की बात कही जा रही है।

### मृतक के सर पर दिखाई दिए 07 टाँके

प्राप्त जानकारी के अनुसार नितिन कुछ महीनो से बेरोजगार चल रहा था, जबकि पत्नी स्नेहलता मेश्राम प्राइवेट स्कूल में पढ़ाने के लिए जाती थी।बताया जा रहा है कि नितिन की शराब पीने की आदत नहीं छूटने के चलते, पत्नी स्नेहलता नाराज होकर पिछले तीन माह से नितिन को छोड़कर अपने मायके चली गई थी जो वहीं रह रही थी।जबकि नितिन अपने माता-पिता के घर समता भवन परिसर में निवास करता था बताया गया कि 10 अक्टूबर की सुबह नितिन कहीं जाने



के लिए घर से निकला था, जो शाम तक घर वापस नहीं आया और ना ही रात में उसका कुछ पता चला।इसके अगले दिन 11 अक्टूबर को जब नितिन वापस आया तो उसके कपड़ों पर खून भरा हुआ था सर पर पट्टी लगी थी , वही हाथ मे नीडिल लगी थी, जानकारी के मुताबिक नितिन ने घर आकर खाना खाया और सो गया था।जो दूसरे दिन भी नहीं जागा और उसकी वहीं पर मौत हो गई। परिजनों के अनुसार जब रविवार शाम तक नितिन नहीं जागा, तो उसके घर वालों ने उसे उठाने की कोशिश की लेकिन वह कुछ बोल नहीं पा रहा था। जिसे जिला अस्पताल लाने पर जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि जब पोस्टमार्टम के लिए शव का परीक्षण किया गया तो नितिन के सर पर करीब 07 टांके लगे हुए दिखाई दिए, इसके बाद से ही यह मामला और भी ज्यादा संदिग्ध हो गया।

### दो बहनों में एकलौता भाई था नितिन

बताया गया कि नितिन परिवार में दो बहनो में इकलौते भाई था। जो शराब पीने का आदी था।नितिन के शव में पुलिस को सिर पर चोट के निशान और उसके हाथ में मेडिकल उपकरण लगा मिला है। हालांकि मौत की वजह क्या है, यह अभी साफ नहीं है।मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।परिवार के इकलौते बेटे की मौत के बाद से परिवार में मातम का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### पीएम के बाद सौपा गया शव, मामला गम्भीर

उधर जिला अस्पताल चिकित्सको से मर्ग तहरीर मिलने पर कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे, में लिया।वही पंचनामा सहित अन्य आवश्यक कार्यवाही पूरी की। जहां शाम अधिक हो जाने के चलते रविवार को शव का पोस्टमार्टम नहीं हो सका,जिसके चलते शव को जिला अस्पताल मर्चुरी में सुरक्षित रखवा दिया गया। इसके अगले दिन सोमवार की सुबह मृतक के परिजनों के बयान दर्ज कर अन्य आवश्यक कार्यवाही की गई।वही शव का पोस्टमार्टम कराया गया। इसके उपरांत अंतिम संस्कार के लिए शव उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया है

### मामले की जांच में जुटी कोतवाली पुलिस

नितिन की मौत वाले मामले में तरह-तरह के सवाल उठ रहे हैं, सवाल यह है कि नितिन की मौत कब, किस परिस्थिति में और क्यों हुई, जब नितिन एक दिन घर से गायब रहा और दूसरे दिन लौट कर आया तो उनके परिजनों ने उनसे मामले को लेकर पूछताछ क्यों नहीं की।सवाल यह भी है कि नितिन घायल अवस्था में सर पर बैंडेज बंधे हुए पहुंचा था, जिसकी जानकारी परिजनों ने क्यों नहीं उठाई और सबसे बड़ा सवाल यह है कि नितिन एक दिन एक रात कहा था, किसके साथ था, उसके सर पर चोट कैसे लगी,और उसे अस्पताल में किसने और कब भर्ती कराया।उसे अस्पताल से छुट्टी किसने दी और खाना खाने के बाद सोने पर उसकी मौत कैसे हो गई। यह सभी सवाल तरह-तरह के खयालातों को जन्म देते हैं। कोतवाली पुलिस द्वारा हर एंगल से इस पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

### मामले कि निष्पक्ष जांच कराए जानी चाहिए- स्नेहलता

उधर महिला की पत्नी स्नेह लता मेश्राम ने भी इस मौत को संदिग्ध बताते हुए मामले की निष्पक्ष की जांच कर मौत के कारणों का पता लगाए जाने की मांग की है।

### पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है- रहांगडाले

दूरभाष पर की गई चर्चा के दौरान कोतवाली पुलिस के एएसआई रामकिशोर राहंगडाले ने बताया कि नितिन माता-पिता के साथ रहता था। जबकि पति के शराब की आदत से परेशान होकर पत्नी, घर से चली गई थी। घर में युवक सोए हालत में मृत मिला था। शव को बरामद कर पीएम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले में पीएम रिपोर्ट के बाद ही मौत की वजह का पता चल पाएगा। जब तक पीएम रिपोर्ट नही आ जाती तब तक कुछ नही कहा जा सकता।

# प्राकृतिक आपदा से हुई आर्थिक क्षति के लिए सहायता राशि स्वीकृत

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** एसडीएम बालघाट गोपाल सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6/4 के प्रावधानों के तहत प्राकृतिक आपदा से हुई आर्थिक क्षति के उपरांत पीड़ित को 75 हजार रुपए की सहायता राशि स्वीकृत की है। 27 जुलाई 2025 को बालाघाट तहसील के ग्राम टेकाड़ी निवासी राधेश्याम पिता भोजलाल तुमडाम एवं रवि पिता परसराम उइके की 02-02 भैंसों की नाले के पानी मे बहकर मृत्यु हो गई थी। फलस्वरूप एसडीएम श्री सोनी द्वारा पीड़ित राधेश्याम एवं रवि के आधार से लिंक बैंक खाते में 75-75 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि ट्रांसफर करने के आदेश दिए गए है।

## सर्टिफिकेट गुम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै दीपक कुमार पिता अशोक कुमार बावनथड़े वार्ड न. 01 बुढी बालाघाट म.प्र. का निवासी हुँ।

वर्तमान में मै सन् 2015 से बालाघाट जिले के ताम्र परियोजना मलाजखंड में कार्यरत हूँ तथा मैं टाउनशिप में ही निवास करता हूँ। मुझे खनन परीक्षा बोर्ड धनबाद झारखण्ड से माईन्स फोर - मेन सर्टिफिकेट प्राप्त हुआ था जो कि 08/01/2010 से प्रभावी है। 12 अक्टूबर को ऑफिस कार्य हेतू घर (टाउनशिप) से ऑफिस(माईन्स) जाते समय सर्टिफिकेट कही गुम हो गया। उक्त सर्टिफिकेट जिस किसी व्यक्ति को मिले कृपया संपर्क करे।

**निवेदन**
**दीपक कुमार बावनथड़े**
**वार्ड न. 18 टाउनशीप मलाजखण्ड**
**मों.न.-9685772457**

## कार्यालय तहसीलदार तहसील लालबर्रा जिला बालाघाट ( म.प्र. )

**रा.प्र.क्र. 0031/ड-154/2025-26**
**मौजा जाम, रा.नि.मं. लालबर्रा**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक जेठूलाल पिता कचरूलाल जाति मरार, निवासी ग्राम जाम, तहसील लालबर्रा, जिला बालाघाट द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मौजा जाम, रा.नि.मं. लालबर्रा, तहसील लालबर्रा, जिला बालाघाट में स्थित आवेदक द्वारा अपनी माता सम्पतिबाई पति कचरूलाल का अनुज्ञा प्रमाण पत्र रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 की धारा 12 (2), म.प्र. मृत्यु पंजीयन 1999 नियम 12 (2) प्रावधानों के अंतर्गत उपरोक्त मृत्यु की घटना दिनांक 03.01.2020 मृत्यु की घटना स्थल ग्राम जाम के अंतर्गत आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह दिनांक 22.10.2025 के पूर्व स्वयं या अपने अभिभाषक/अधिवक्ता सहित उपस्थित होकर इस न्यायालय में दावा आपत्ति पेश कर सकते है। नियत तिथि उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 13.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

स्थान - लालबर्रा
दिनांक - 14.10.2025

**आकाश अग्रवाल**
**तहसीलदार**
**तहसील लालबर्रा जिला बालाघाट म.प्र.**

# चलती मोटरसाइकिल से गिरने से महिला घायल

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। तिरोड़ी थाना अंतर्गत ग्राम महकेपार रोड पर स्थित ग्राम सीतापठोर के पास एक महिला चलती मोटरसाइकिल से गिरने से घायल हो गई। घायल महिला अंजू लता पति प्रकाश मेश्राम 33 वर्ष ग्राम मानेकसा थाना आमगांव जिला गोंदिया निवासी है। जिसे जिला अस्पताल बालाघाट में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अंजू लता मेश्राम अपने पति के साथ मजदूरी करती है। 13 अक्टूबर को 12:30 बजे करीब अंजू लता अपने अपने पति प्रकाश मेश्राम के साथ मोटरसाइकिल में अपने गांव



को मानेकसा से कोहका कटंगी अपनी बहन के घर आ रही थी। ग्राम सीतापठोर के पास मोटरसाइकिल रोड के गड्ढे में जाने से अंजू लता चलती मोटरसाइकिल से गिर गई। सिर में चोट लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे कटंगी के अस्पताल में भर्ती किया गया था जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया है।

## कीटनाशक के सेवन से युवक बेहोश

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** ग्रामीण थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम दुगलई में इसी ग्राम के एक युवक दीपक पिता रेखराम हरिनखेडे 23 वर्ष ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। जिसे जिला अस्पताल बालाघाट में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दीपक मजदूरी करता है।। 10 अक्टूबर की रात 10:30 बजे दीपक बाहर से अपने घर आया और घर के पैरा के ढेर में बैठ गया था। उस समय घर में उसकी मां थी। इसके कुछ देर बाद दीपक का बड़ा भाई राहुल हरिनखेडे आया और मां ने उसे बताई की दीपक पैरा के ढेर में बैठा है। तब राहुल ने जाकर देखा पैरा के ढेर में उसका भाई दीपक लेटा हुआ बेहोशी के हालात में था उसके मुंह से झाग निकल रही थी। तभी राहुल ने प्राइवेट वाहन से दीपक को जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किया।

**आवश्यकता है**
- मैनेजर - 01 पद
- साफ-सफाई कर्मचारी-01 पद
- रूम सर्विस - 01 पद

(DAY/NIGHT DUTY)
(PART-TIME/FULL TIME)
सैलरी-योग्यतानुसार
**होटल गौरव**
मेन रोड, कालीपुतली चौक के पास बालाघाट
संपर्क-+91-9425138713
881-992-4499
(10:00AM - 05:00 PM)

**बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली उचित दाम पर उपलब्ध**
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध



निर्माता
**तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स**
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

# धान के अवैध परिवहन पर निगरानी करें अफसर

## टीएल बैठक में कलेक्टर ने की समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।**
कलेक्टर मृणाल मीना ने 13 अक्टूबर को टीएल बैठक में विभिन्न विभागों के समय सीमा संबंधी प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे, अपर कलेक्टर श्री डीपी बर्मन, संयुक्त कलेक्टर राहुल नायक, डिप्टी कलेक्टर प्रदीप कौरव एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी वीडियों कांफ्रेंस के माध्यम से उपस्थित थे।

### आदि कर्मयोगी अभियान के ग्रामों में आदि सेवा केंद्र प्रारंभ करें

बैठक में सर्वप्रथम आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत जिले के चिन्हित 347 ग्रामों के एक्शन प्लॉन पर चर्चा की गई। इस दौरान सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को निर्देशित किया गया कि सभी ग्रामों का विलेज एक्शन प्लॉन तैयार कर शीघ्र पोर्टल पर अपलोड करें। सभी ग्रामों में आदि सेवा केंद्र प्रारंभ कर उनका संचालन सुनिश्चित करें।

### कस्टम मिलिंग का चावल जमा नही करने वाले राईस मिलर्स पर लगेगी पेनाल्टी

बैठक में कलेक्टर श्री मीना ने जिला आपूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि जिन राईस मिलर्स द्वारा धान की कस्टम मिलिंग के बाद अब तक चावल जमा नही किया गया है, उनके विरूद्ध पेनाल्टी लगाने की कार्यवाही करें। इसके साथ ही निर्देशित किया गया कि राईस मिलों में उपलब्ध धान के स्टॉक का सत्यापन कर शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इस दौरान बताया गया कि 18 राईस मिलर्स द्वारा कस्टम मिलिंग के बाद चावल जमा नही किया गया है। कलेक ?टर श्री मीना ने इस स्थिति पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए राईस मील के निरीक्षण की रिपोर्ट लिखित में प्रस्तुत नही करने पर जिला आपूर्ति अधिकारी एवं संबंधित नायब तहसीलदार को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने अपर कलेक्टर से कहा कि चावल जमा नही करने वाले राईस मिलर्स पर पेनाल्टी लगाने की फाईल शीघ्र प्रस्तुत करें।



### चेक पोस्ट पर धान के अवैध परिवहन पर कड़ी निगरानी रखे

बैठक में सभी एसडीएम एवं मंडी के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये गए कि चेक पोस्ट से धान एवं अन्य कृषि उपज की आवाजाही पर कड़ी निगरानी रखे। चेक पोस्ट पर वाहनों की नियमित रूप से जांच करे और यह सुनिश्चित करे कि धान का अवैध रूप से परिवहन नही होना चाहिए। इस दौरान रबी सीजन में उत्पादित धान एवं मंडी में विक्रय किये गए धान की मात्रा का मिलान करने के निर्देश दिये गए। मंडी सचिवों को निर्देशित किया गया कि जिले की मंडियों के शेड एवं भवन आदि की मरम्मत का कार्य कराए। मंडी में उपलब्ध दुकानों का शीघ्रता से आवंटन करने के निर्देश दिये गए। इस दौरान बताया गया कि समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए जिले के 01 लाख 27 हजार 518 किसानों का पंजीयन किया गया है। कलेक्टर श्री मीना ने पंजीयन कराने वाले किसानों के रकबे का शीघ्र सत्यापन करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्री मीना ने बच्चों की स्वास्थ्य सुरक्षा की दृष्टि से जिले में कोल्ड्रिफ सिरप के उपयोग संबंधी जानकारी एकत्र करने के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता एवं एएनएम द्वारा किये जा रहे सर्वे को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया कि जिले में श्रीसन कंपनी की दवाओं को सीज किया जाए और जिले में अमानक दवाओं की बिक्री न होने दे। इसके लिए ड्रग इंस्पेक्टर को नियमित रूप से मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण करने के निर्देश दिये गए। इस दौरान बताया गया कि जिले से श्रीसन कंपनी की 19 दवाओं के सैम्पल जांच के लिए भेजे गए है और इन्हें सीज कर दिया गया है।

### खाद्य सामग्री विक्रेता प्रतिष्ठानों की वर्ष भर नियमित रूप से जांच की जाए

बैठक में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे केवल त्यौहारों के समय ही नही बल्कि वर्ष भर नियमित रूप से खाद्य सामग्री के सैम्पल लेकर प्रयोगशाला जांच के लिए भेजे। निरीक्षण के दौरान खाद्य सामग्री विक्रय करने वाले प्रतिष्ठानों में गंदगी या अस्वच्छता पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए। खाद्य सामग्री की गुणवत्ता एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता के लिए जिले में ईट-राईट-कैम्पेन चलाने के निर्देश दिये गए।

### शिक्षकों की शत प्रतिशत ई-अटेंडेंस लगाना सुनिश्चित करें

बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी एवं सर्व शिक्षा अभियान के जिला परियोजना समन्वयक को निर्देशित किया गया कि शालाओं में अतिथि शिक्षकों के साथ ही नियमित शिक्षकों की ई-अटेंडेंस शत प्रतिशत लगाना सुनिशचित करें। ई-अटेंडेंस में कम प्रगति पाए जाने पर इन अधिकारियों का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये गए। सर्व शिक्षा अभियान के जिला परियोजना समन्वयक को कराते प्रशिक्षण में नियम विरूद्ध दी गई राशि की 10-15 दिनों में शत प्रतिशत वसूली करने के निर्देश दिये गए।

### आधार कॉर्ड बनाने वाले सभी केंद्र शीघ्र प्रारंभ करें

बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया गया कि जिले में आधार कार्ड बनाने वाले सभी मशीनों को शीघ्रता से चालू करे और इसके लिए ऑपरेटर की भर्ती की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करें। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री को निर्देशित किया गया कि पूर्ण हो चुकी नल जल योजनाओं में शत प्रतिशत हितग्राहियों को एफएसटी कनेक्शन देने का कार्य शीघ्र पूर्ण करें। उपसंचालक पशु चिकित्सक को निर्देशित किया गया कि वृंदावन ग्राम योजना के अंतर्गत प्रत्येक विधानसभा से एक-एक ग्राम का चयन कर उसमें शासन की सभी योजनाओं का 100 प्रतिशत सेच्यूरेशन करें। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को वन अधिकार पट्टो के लंबित आवेदनों का शीघ्रता से निराकरण कराने एवं संत रविदास, टंट्या मामा, बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना में ऋृण वितरण के शत प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिये गए।

### लोक सेवा गारंटी के प्रकरणों में होगी जुर्माने की कार्यवाही

बैठक में नगर पालिका बैहर, मलाजखंड एवं बालाघाट को प्रधानमंत्री आवास योजना के अपूर्ण आवासों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गए। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के प्रकरणों में शीघ्रता से ऋृण वितरण कराने कहा गया। मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री को निर्देशित किया गया कि जिले में बिजली के नीचे लटकते तारों को शीघ्रता से ठीक कराए, जिससे भविष्य में किसी तरह की दुर्घटना न हो। इस दौरान बताया गया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना में 500 कनेक्शन किये जा चुके है। बैठक में सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों का जिम्मेदारी के साथ तत्परता से निराकरण करें। इसी प्रकार लोकसेवा गारंटी अधिनियम के प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण नही करने पर जिम्मेदार अधिकारी पर जुर्माना लगाने की चेतावनी दी गई।

# प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन ने भरी आंदोलन की दी चेतावनी

## 10 नवम्बर को विशाल धरना-प्रदर्शन कर किया जाएगा आंदोलन

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।**
मध्य प्रदेश सरकार लगातार पेंशनर्सों के हितो पर कुठाराघात कर रही है । समय पर मंहगाई राहत ना देना, अनेक महिनों के मंहगाई राहत की एरियर्स राशि ना देना , न्यायालयीन आदेशों का पालन पेंशनर्सों के हित में लागू ना करना । पेंशन कार्यालयों का केन्द्रीकरण कर भ्रष्टाचार को प्रश्रय देने का काम प्रमुख है।ऐसा आरोप लगाते हुए प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन ने सरकार के खिलाफ आंदोलन का एलान किया है।जिसकी तमाम जानकारी जिलाध्यक्ष ए.एल. मोहारे ने सहमत संस्था के कार्यालय में आयोजित जिला शाखा की मासिक बैठक में दी।बैठक मे उन्होंने बताया कि आज प्रदेश का पेंशनर्स 5त्न मंहगाई राहत से वंचित है। इसलिए प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रांतीय अधिवेशन में निर्णय लिया गया कि सरकार के विरुद्ध 10 नवम्बर को भोपाल में विशाल धरना-प्रदर्शन कर आंदोलन की शुरूआत की जायेगी।वही बैठक में पांच प्रस्ताव पारित किये गये।जिसमें जिले से भोपाल में आयोजित आंदोलन में पदाधिकारियों सहित सदस्यों के सहभागी होने , संघर्ष निधि राशि प्रांतीय निकाय को भेजने , इंदौर अधिवेशन के व्यय का अनुमोदन एवं प्रदेश स्तर पर होने वाले आंदोलन के व्यापक प्रचार प्रसार अभियान प्रमुख थे।अंत में ए.एल.मोहारे को प्रांतीय उपाध्यक्ष नियुक्त किये जाने पर स्वल्पाहार का आनंद सभी पेंशनर्स साथियों ने लिया । बैठक का संचालन प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन बालाघाट जिला सचिव/ प्रवक्ता अमर सिंह ठाकुर द्वारा किया गया।आयोजित बैठक में डा. एस एस बिसेन, सुभाष पटेल, पी एल मोहारे , डी एस पंवार, अमर सिंह ठाकुर, तोषी लाल पटले , एस एल. बसेने , बी एल पटले , चैतराम रहांगडाले , देवलाल बसेने , नारायण मदनकर, ताराचंद घरते ,पी आर देशमुख, एस एन शिवहरे , ए एल तुरकर , जे एन टेम्भरें , नानाजी बिसेन, गुलाब चंद पटले , सरजू नखाते , बी एल पटले सहित अनेक पेंशनर्स साथी उपस्थित रहे।



# अंतर्राज्यीय चोर गिरोह गिरफ्तार, तीन बड़ी चोरियों का खुलासा

## 17 आपराधिक मामलों में लिप्त कुंदन बनोटे गिरफ्तार, लाखों के जेवरात बरामद

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।**
ग्रामीण पुलिस द्वारा अंतर्राज्यीय चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए बीते वर्ष हुई किरनापुर, लालबर्रा और महाराष्ट्र जिला गोंदिया में हुई तीन चोरियों का खुलासा किया गया है। जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बैहर आदर्श कांत शुक्ला द्वारा स्थानीय पुलिस कंट्रोल रूम में प्रेस वार्ता में जानकारी दी गई कि ग्रामीण पुलिस ने बीते दिनों कुंदन बनोटे को जेल से छूटते ही रेकी करते पाए जाने पर पूछताछ के लिए थाना लाया गया था, जिसमें कुंदन द्वारा अपने अन्य दो साथियों के साथ बीते वर्ष की गई अलग-अलग थाना क्षेत्र में कि गयी चोरियों को करना स्वीकार किया गया हैं ,जबकि कुंदन पर पहले से ही 17 अपराध दर्ज हैं , पुलिस ने जिला बदल की कार्रवाई भी कुंदन पर की है ।

पुलिस अधीक्षक बैहर आदर्श कांत शुक्ला ने वार्ता में बताया कि पुलिस अधीक्षक के द्वारा जिले मे लंबित चोरी की घटनाओं का खुलासा कर अज्ञात आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी कर चोरी गये माल की बरामदगी हेतु समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया है। निर्देशो के पालन में अनुविभागीय अधिकारी लांजी ओमप्रकाश के मार्गदर्शन में लगातार कार्यवाहियाँ कर जेल रिहाई, निगरानी बदमाश एवं पूर्व में चोरी के अपराधियों से लगातार पूछताछ की जा रही थी। थाना नवेगांव पुलिस द्वारा हाल ही में जेल से रिहा हुए निगरानी बदमाश कुंदन बनोटे जिसके विरूद्ध चोरी के कुल 17 अपराध पंजीबद्ध है, जिसकी संदिग्ध गतिविधियों के कारण हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर थाना किरनापुर , थाना लालबर्रा एवं जिला गोंदिया की कुल 03 चोरी की घटनाओं का खुलासा हुआ है। 26 नवम्बर वर्ष 2024 को प्रेमसुख धार्मिक, निवासी ग्राम सिवनीकलाद्वारा थाना किरनापुर में शिकायत की गयी थी कि वह एक शासकीय हाई स्कूल गढ़ी में शिक्षक हैं, जब वह सुबह के समय स्कूल चले गए थे तब घर पर कोई नही था, शाम लगभग 05:00 बजे लौटने पर उन्होंने देखा कि अज्ञात चोरो द्वारा सोने चांदी के आभूषण कीमती करीब 2.5 लाख चोरी कर ले गये है। प्रेमसुख की रिपोर्ट पर थाना किरनापुर में धारा 331(3), 305(ए) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।



### इस प्रकार हुआ चोरी का खुलासा

थाना नवेगांव अंतर्गत जेल से छूटे कुंदन बनोटे जिसके विरूद्ध चोरी के कुल 17 अपराध है जिसकी संदिग्ध गतिविधियों के कारण हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर अपने साथियों जितेन्द्र गौतम एवं प्रदीप तीनों निवासी ग्राम बगदरा के साथ चोरी की वारदात करना स्वीकार किया। पूछताछ में आरोपियों ने ग्राम सिवनीकला थाना किरनापुर क्षेत्र की चोरी की घटना सहित थाना लालबर्रा के ग्राम बेलगांव में एक अन्य चोरी का अपराध करना स्वीकार किया गया है। जिस प्रकरण में बरामदगी हेतु पूछताछ जारी है।

### गोंदिया में भी किये हैं चोरी

तीनों आरोपियों ने जिला गोंदिया , महाराष्ट्र के ग्राम धापेवाड़ा में चोरी की वारदात करना स्वीकार किया है संबंधित थाने को सूचना प्रेषित की गई है। आरोपियों के कब्जे से सोने के जेवरात नेकलेस, पेंडल, नाक की नथ, झाले, कान की बाली, टॉप्स, आदि तथा चांदी के आभूषण (पायल, बिछिया, करधन) कुल कीमती करीबन 2 लाख रूपये बतायी जा रही हैं । इस कार्यवाही में थाना प्रभारी किरनापुर निरीक्षक अशोक कुमार ननामा, थाना प्रभारी नवेगांव उपनिरीक्षक अमित अग्रवाल, सउनि. अनिल बिसेन, सउनि. जगदीश शैय्याम, सउनि. प्रभुदयाल कानतोड़े, प्रआर. कृष्णा पटले, प्रआर. मनीष ब्रम्हे, प्रआर. तोपेंद्र कावरे, प्रआर. रमेश बिसेन, आर. राघविरेंद्र टेकाम की उल्लेखनीय भूमिका रही।

# खाली प्लॉट बन रहे गंदगी का अड्डा

## मच्छरों से बढ़ा संक्रमण का खतरा

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।**
शहर में अनेक वार्डों में खाली पड़े प्लाटों में गंदा पानी भर रहा है। मच्छर आदि सहित कीड़े, मकोड़े पनप रहे हैं। जिससे अनेक बीमारियां फैलने का खतरा बना रहता है। नगर पालिका परिषद किसी भी तरह का ध्यान नहीं दे रही है। वार्डों में गंदीगी पनप रही है। वार्डों में निवास कर रहे लोगों द्वारा इसकी शिकायत भी की गई, लेकिन नगर पालिका में बैठे जिम्मेदार इस ओर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। वार्डवासियों में आक्रोश पनप रहा है। जिसका एक ताजा मामला शहर के वार्ड क्रमांक 13 के करुणा नगर का है । यहां के वार्डवासी अंकुशदीप द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि बीते कुछ वर्षों से उनके घर के बाजू में कुछ प्लाट खाली है , जिनमें वर्ष भर पानी भरा रहता है । पानी भरा होने के कारण कई संक्रमण और बीमारियां पनप रही है जिस कारण उन्होंने इसकी शिकायत कई बार की लेकिन कोई भी इस विषय पर कार्रवाई नहीं कर रहा है ।

नगर पालिका द्वारा वैसे तो शहर में साफ सफाई और स्वच्छता रखने की बात कही जाती है, किंतु देखा जाए तो शहर के ऐसे बहुत सारे वार्ड है जहां आज भी गंदगी फैली हुई है । खाली प्लाटों में पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण खाली पड़े प्लांट छोटे तालाब जैसे नजर आते हैं। जबकि ऐसा नहीं है कि वार्ड वासियों द्वारा इसकी शिकायत और सूचना नगर पालिका को नहीं दी गई हो, शिकायत करने के बावजूद भी नगर पालिका द्वारा शहर के खाली प्लाटों में भर रहे पानी की निकासी की व्यवस्था नहीं की जा रही है । जबकि इसके पहले नगर पालिका द्वारा खाली प्लाटों पर भी कार्रवाई किए जाने की बात कही गई थी ,किंतु नगर पालिका के सारे वादे खाली ही साबित हो रहे हैं। शहर के वार्ड क्रमांक 13 निवासी अंकुशदीप द्वारा पद्मेश न्यूज़ को जानकारी देते हुए बताया गया कि वह वार्ड क्रमांक 13 करुणा नगर में रहते हैं और बीते कुछ वर्षों से उनके घर के आस-पास खाली प्लाट है, जिनमें वर्ष भर पानी भरा रहता है और पानी निकासी की व्यवस्था नहीं है , पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण उनके घर के आसपास गंदगी और बीमारियां फैल रही है । संक्रमण का हमेशा खतरा बना रहता है । उनके घरों में छोटे-छोटे बच्चे आए दिन संक्रमण से ग्रसित होते हैं, उन्होंने कई बार नगर पालिका में इसकी शिकायत की , किंतु नगर पालिका द्वारा इस विषय पर किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की जाती ,सिर्फ उन्हें आश्वासन ही दिया जाता है उन्होंने बताया कि यदि नगर पालिका पानी निकासी की व्यवस्था कर देती है तो वार्ड वासियों को परेशान नहीं होना पड़ेगा । लेकिन नगर पालिका और वार्ड पार्षद इस ओर ध्यान ही नहीं दे रहे हैं।



### गंदगी को लेकर सीएम मोहन यादव को कर चुके हैं ट्वीट

अंकुशदीप ने पद्मेश न्यूज़ से जानकारी में यह भी बताया कि उन्होंने नगर पालिका के साथ-साथ सीएम हेल्पलाइन के 181 नंबर पर भी इसके पहले शिकायत की थी ,किंतु नगर पालिका द्वारा उनकी शिकायत को हटवा दिया गया ,किंतु आज पुन: शिकायत जैसी की वैसी बनी हुई है । उन्होंने तो यह भी बताया कि उन्होंने वार्ड में भर रहे पानी और फैल रही गंदगी सहित वार्ड की कुछ फोटो लेकर प्रदेश के मुखिया मोहन यादव को भी ट्वीट किया है ,किंतु अभी तक उनकी समस्या पर नगर पालिका द्वारा कोई संज्ञान नहीं लिया गया है। उन्होंने कहा कि वह 14 अक्टूबर को लगने वाली जनसुनवाई में भी अपनी शिकायत को लेकर कलेक्टर से मिलेंगे और वार्ड में भर रहे गंदे पानी की निकासी किये जाने की व्यवस्था बनाये जाने की मांग करेंगे ।

## ग्रामीण पटेल कल्याण संघ की बैठक आज

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** ग्रामीण पटेल कल्याण संघ प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल शरणागत ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि पटेल संघ की विभिन्न लंबित मांगों को लेकर मंगलवार 14 अक्टूबर को बस स्टैंड धर्मशाला में पटेल कल्याण संघ की बैठक का आयोजन किया गया है जहां उन्होंने विज्ञप्ति के माध्यम से उक्त बैठक में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर अपनी मांगों को लेकर आगामी रणनीति बनाने की अपील की है।

# धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस आज

## जगह जगह विभिन्न कार्यक्रमों के होंगे आयोजन

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।**
आज से करीब 70 वर्ष पूर्व 14 अक्टूबर 1956 को बाबा साहब आंबेडकर ने अपने 5 लाख अनुयायियों के साथ नागपुर की दीक्षाभूमि में हिन्दू धर्म त्याग कर बौद्ध धर्म की दीक्षा ग्रहण की थी।जिससे इस दिन को सभी आंबेडकर अनुयायी धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस के रूप में मनाते है। जिसके तहत जगह जगह विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए जाते है।इसी कड़ी में प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी जिला मुख्यालय सहित अन्य तहसील व ग्रामीण अंचलों में बौध्य् अनुयायियों द्वारा हर्षोल्लास के साथ धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस मनाया जाएगा।जिसके तहत जिले भर में जगह जगह विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए जाएंगे।नगर में आयोजित कार्यक्रम की शुरुवात मंगलवार सुबह करीब साढ़े 8 बजे, नगर में आंबेडकर चौक से की जाएगी।जहा बौध्य् अनुयायियों द्वारा बाबा साहेब आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर उनका जयघोष किया जाएगा तो वही नगर में विभिन्न बौध्य् विहार में दिन भर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन होंगे।इसमें नगर के अंबेडकर में जहा पूजा वंदना एंव सामुहिक भोजनदान का आयोजन किया जाएगा। तो वही पूज्य भन्ते धम्म शिखर एंव भंते कुशल चित द्वारा धम्म देशना दी जाएगी।जिसके उपरांत मंचीय कार्यक्रम सहित अन्य आयोजनों के साथ देर रात भीम बुद्ध गीत की प्रस्तुति ऑकेस्ट्रा के बाद कार्यक्रम का समापन किया जाएगा।



### उत्सव के रूप में मनाया जाता है धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस-दयाल

धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए सार्वजनिक जयंती समारोह समिति के अध्यक्ष अधिवक्ता दयाल वासनिक एंव सचिव अधिवक्ता पवन गजभिए ने सँयुक्त रूप से बताया कि जाति उत्पीड़न से मुक्ति के प्रतिक रूप में धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस मनाया जाता है, जो गौतम बुद्ध के बताये गये शांति मार्ग पर चलने की सीख देता है। बाबा साहब ने 14 अक्टूबर 1956 को नागपुर में अपने 5 लाख अनुयायियों के साथ भंते चंद्रमणि के द्वारा बौद्ध धर्म ग्रहण किया। डॉ. आंबेडकर ने अपने अनुयायियों को संबोधित करते हुए 22 प्रतिज्ञा भी दी थी।वही डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर ने नागपुर में अपने 5 लाख अनुयायियों के साथ बौद्ध धर्म अपनाया था। इस दिन को एक उत्सव के रूप में मनाते हैं। जिसके तहत मंगलवार की सुबह आंबेडकर चौक में माल्यार्पण कर बाबा साहेब का जय घोष किया जाएगा तो वही समता भवन बूढ़ी में धम्म देशना, मंचीय कार्यक्रम, भोजन दान सहित देर शाम तक विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए जाएंगे।

# विद्युत करेंट से भैंस की हुई मौत, दो भैंस बाल-बाल बचीं

## मवेशी मालिक ने विद्युत विभाग के प्रति जताई नाराजगी, मुआवजा की मांग की

पद्मेश न्यूज। लालबर्रा। नगर मुख्यालय से लगभग 5 किमी. दूर ग्राम पंचायत ददिया से पोटियाघाट धाम पहुंच मार्ग के किनारे से विद्युत विभाग का 11 केव्ही का विद्युत लाईन गुजरी है और इस लाईन से किसानों के खेतों एवं निवासरत लोगों के घरों में कनेक्शन गया हुआ है। सोमवार की सुबह पंचायत भवन से 400 मीटर दुर श्री हरिनखेड़े के खेत के समीप विद्युत पोल के तार में आई करेंट की चपेट में आने एक एक भैंस की मौत हो गई एवं दो अन्य भैंस बाल-बाल बचे गये। अगर ये दोनों भैंस उसी के समीप से गुजरते रहते तो वे भी विद्युत करेंट की चपेट में आ सकते थे जिससे उनकी भी मौत हो सकती थी। इस तरह से विद्युत करेंट लगने से मवेशी मालिक को करीब 40 हजार रूपये का नुकसान हुआ है। वहीं मवेशी मालिक का कहना है कि उक्त हादसा विद्युत विभाग की गलती के कारण हुआ है। विद्युत विभाग के द्वारा विद्युत पोल से किसानों को टीसी कनेक्शन तो दिया गया है लेकिन कनेक्शन के वायरिंग (तार) काफी नीचे है और जिस स्थान पर विद्युत करेंट से भैंस की मौत हुई है उक्त स्थान पर किसी किसान के खेत में गये विद्युत कनेक्शन के तार से रिटर्न करेंट आने से भैंस की मौत होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। किसानों ने विद्युत विभाग से मुआवजा दिये जाने, विद्युत कनेक्शन के वायरिंग (तार) जो झुल रहे है उन्हे ऊपर कर व्यवस्थित करने की मांग की है।





### विद्युत कनेक्शन के तार रोड़ किनारे से झुल रहे है, जिम्मेदार मौन

प्राप्त जानकारी के अनुसार ददिया निवासी भोजलाल हरिनखेड़े कृषक के साथ ही पशुपालक भी है। जिन्होने कुछ दिनों पूर्व ही 40 हजार रूपये की एक भैंस खरीदकर लगाये थे जो 4 से 5 दिनों के अंदर बच्चे को जन्म देने वाली थी। सोमवार को भोजलाल हरिनखेड़े के घर की तीन भैंस को चारागाह पोटियापाट धाम की ओर लेकर जा रहा था। तभी पंचायत भवन से करीब 400 मीटर दुर पटरी किनारे चारा होने के कारण भैंस भोजलाल हरिनखेड़े के परिवार के श्री हरिनखेड़े के खेत के समीप चरने लगी। इसी दौरान विद्युत पोल के समीप चरते समय भैंस को करेंट लगते ही वह चिल्लाने लगी। जिसकी आवाज सुनकर उसके पीछे खड़ी दो भैंस भाग गई नही तो वे भी विद्युत करेंट की चपेट में आ सकते थे। विद्युत करेंट से एक भैंस की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, जिसकी जानकारी मवेशी मालिक एवं विद्युत विभाग को दी गई और तत्काल बिजली सप्लाई बंद करवाई गई। वहीं जिस स्थान पर भैंस की विद्युत करेंट से मौत हुई है उसी स्थान पर एक किसान आज खेत की मेढ़ पर मवेशियों की रोकथाम के लिए रूदने आने वाला था। लेकिन वह नही गया नही तो उसके साथ भी बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। विद्युत करेंट से भैंस की मौत होने से मवेशी मालिक को करीब 40 हजार का नुकसान हुआ है, इस घटना से मवेशी मालिक सहित ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है और विद्युत विभाग की लापरवाही से उक्त घटना होने का आरोप लगा रहे है। अगर विद्युत विभाग जिन किसानों को कनेक्शन दिये है उन्हे पहले ही हिदायत दे देते कि कनेक्शन के वायरिंग (तार) को सुरक्षित लेकर जाये, नीचे न झुलने दे तो उक्त हादसा घटित नही होता और रोड़ किनारे से विद्युत कनेक्शन के वायरिंग (तार) झुल रहे है अगर वे टूट जाते है या उसमें करेंट रहता है तो आने-जाने वाले किसान व मवेशी उसकी चपेट में आ सकते है। जिससे किसी भी समय बड़ी दुर्घटना होने की संभावना बनी हुई है इसलिए मवेशी मालिक व किसानों ने विद्युत विभाग से मांग की है कि मवेशी मालिक को मुआवजा दे एवं जो रोड़ किनारे विद्युत कनेक्शन के तार झुल रहे है उन्हे व्यवस्थित करें।

### 80 हजार रूपये का हुआ नुकसान - भोजलाल

मवेशी मालिक भोजलाल हरिनखेड़े ने बताया कि कुछ दिनों पूर्व ही 40 हजार रूपये से भैंस खरीदकर लाया था जो कुछ दिनों बाद ब'चें को जन्म देने वाली थी, सोमवार की सुबह तीन भैंस को चराने के लिए चारागाह लेकर जा रहा था। तभी पंचायत से करीब 400 मीटर दूर रोड़ किनारे स्थित विद्युत पोल में करेंट आने से एक भैंस की घटना स्थल पर ही मौत हो चुकी है एवं दो बाल-बाल बच गये और यह हादसा विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण हुआ है। अगर वे विद्युत पोल के माध्यम से किसानों को कनेक्शन दिये है उसे व्यवस्थित नही किये है जिसके कारण कनेक्शन के वायरिंग (तार) झुल रहे है। श्री हरिनखेड़े ने बताया कि 40 हजार रूपये में खरीदा था, जिसकी मौत हो चुकी है, अब पुनः 40 हजार रूपये खरीदने में लगेगे। इस तरह से मुझे 80 हजार रूपये का नुकसान हुआ है, प्रशासन से मांग है मुआवजा दें।

### वायरिंग को करेगें व्यवस्थित - राजेन्द्र

सरपंच प्रतिनिधि राजेन्द्र भलावी ने बताया कि भोजलाल हरिनखेड़े के घर की भैंस की विद्युत करेंट से मौत हो चुकी है, जो तीन-चार दिनों में बच्चें को जन्म देने वाली थी और खुले तार में करेंट आने से उक्त हादसा घटित हुआ है। श्री भलावी ने बताया कि किसानों ने टीसी कनेक्शन लिये है जिनका सीजन खत्म हो चुका है, मोटरे बंद है फिर भी किसान अस्थाई कनेक्शन के वायरिंग (तार) को नही हटाये है वे नीचे झुल रहे है लेकिन विद्युत विभाग इस ओर कोई ध्यान नही दे रहा है। जिससे आज एक भैंस की मौत हुई है, कभी भी बड़ी दुर्घटना होने की संभावना बनी हुई है। जिस स्थान पर भैंस की मौत हुई है उसी स्थान पर किसान आज खेत की पार के मेढ़ किनारे रूदने आने वाला था, अगर वह भैंस के आने के पहले ही आता तो उसके साथ दुर्घटना घटित हो सकती थी। इसलिए विद्युत विभाग से मांग है कि असुरक्षित विद्युत कनेक्शन के वायरिंग (तार) को व्यवस्थित करें।

### नियमानुसार की जायेगी कार्यवाही - विनीत

विद्युत विभाग के जेई विनीतकुमार टेकाम ने बताया कि घटना स्थल पहुंचने के बाद पता चला कि एक किसान की भैंस की मौत बिजली करेंट लगने से हुई है और यह दुर्घटना उपभोक्ता की लापरवाही से हुई है। जिसने जीआई तार का उपयोग कर असुरक्षित तरीके से कनेक्शन जोड़ा था और संभवतः किसी अन्य किसान के टीसी कनेक्शन से रिटर्न करेंट आया है जिससे उक्त हादसा घटित हुआ है। श्री टेकाम ने बताया कि पंचनामा कार्यवाही कर संबंधित उपभोक्ता के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जायेगी और कई स्थानों पर उपभोक्ताओं के कनेक्शन के वायरिंग (तार) झुले रहे है सभी को हटाया जायेगा एवं नियमानुसार कार्यवाही कर मुआवजा दिलवाने का पुरा प्रयास किया जायेगा।

# विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव आज

## एसडीओपी एवं तहसीलदार ने खेल मैदान का किया निरीक्षण, तैयारी कर लिया जायजा



पद्मेश न्यूज। लालबर्रा। नगर मुख्यालय स्थित सांदीपनी स्कूल लालबर्रा के खेल मैदान में 14 अक्टूबर को सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत विधानसभा स्तरीय कबड्डी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव के एक दिन पूर्व 13 अक्टूबर की शाम में एसडीओपी अभिषेक चौधरी, तहसीलदार एवं थाना प्रभारी के द्वारा खेल मैदान का निरीक्षण कर तैयारी का जायजा लिया गया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। साथ ही एसडीओपी ने विधानसभा क्षेत्र के पुरूष एवं महिला खिलाड़ियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव में शामिल होकर अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की अपील की है। चर्चा में खेल ब्लाक समन्वयक लव पटेल ने बताया कि सांसद खेल महोत्सव 2025 के तहत विधानसभा बालाघाट-लालबर्रा के अंतर्गत 14 अक्टूबर को लालबर्रा सांदीपनी स्कूल खेल मैदान में विधानसभा स्तरीय कबड्डी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजित कबड्डी खेल प्रतियोगिता में विधानसभा बालाघाट लालबर्रा के खिलाड़ियों की उम्र 15 से 35 वर्ष के बीच होना चाहिए। जिसमें 1 जनवरी 1991 से 31 दिसंबर 2010 के बीच होना आवश्यक है एवं एक खिलाड़ी एक ही खेल में चयनित होगा और सभी खेल महिला और पुरूष दोनों वर्गों में आयोजित होगें। साथ ही विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव पर आयोजित खेल प्रतियोगिता में छात्र, गैर छात्र, ग्राम पंचायत के खिलाड़ी सभी पात्र होगें। आज 14 अक्टूबर को पुरूष/महिला वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता संपन्न होगी जिसकी तैयारी पुरी कर ली गई है। इस विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव के अवसर पर बालाघाट-लालबर्रा विधानसभा क्षेत्र के खिलाड़ी अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर अपने खेल का जौहर दिखा सकते है।

## आज मनाया जायेगा 69 वाँ धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस

पद्मेश न्यूज। लालबर्रा। नगर मुख्यालय के हद्य स्थल बस स्टैण्ड स्थित संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा स्थल में बौध्द संघ तहसील शाखा लालबर्रा के द्वारा 14 अक्टूबर को प्रातः 8 बजे 69 वां धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस मनाया जायेगा। चर्चा में बौध्द संघ तहसील शाखा लालबर्रा के महासचिव ताराचंद कावड़े ने बताया कि धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस के अवसर पर 14 अक्टूबर को प्रातः 8 बजे बस स्टैण्ड स्थित संविधान निर्माता बाबा साहेब के प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद बुध्द वंदना, धम्म वंदना एव संघ वंदना की जायेगी। इस अवसर पर बौध्द उपासक-उपासिकाओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील बौध्द संघ तहसील शाखा लालबर्रा के महासचिव ताराचंद कावड़े ने की है।

# थाने में पटाखा एसोसिएशन की हुई बैठक

## बैठक में दीपावली पर्व पर फटाखा दुकान लगाने सहित अन्य बिन्दुओं पर चर्चा कर शासन के नियमों का पालन करने के दिये गये निर्देश





पद्मेश न्यूज। लालबर्रा। थाना परिसर में सोमवार को पुलिस एवं राजस्व विभाग के द्वारा फटाखा एसोसिएशन की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक एसडीओपी अभिषेक चौधरी, तहसीलदार आकाश अग्रवाल, कन्हैयालाल टेकाम, थाना प्रभारी सुनिल चतुर्वेदी सहित फटाखा एसोसिएशन संघ के पदाधिकारी व सदस्यों की उपस्थिति में प्रारंभ हुई। आयोजित बैठक में नगर मुख्यालय में दीपावली पर्व के दौरान अस्थाई फटाखा दुकान खोले जाने, शासन के नियमों का कैसे पालन करना है, बाजार क्षेत्र के दुकानों में अवैध रूप से दीपावली पर्व पर बिकने वाले फटाखों पर प्रतिबंध लगाने सहित अन्य बिन्दुओं पर चर्चा की गई। वहीं एसडीओपी श्री चौधरी एवं तहसीलदार श्री अग्रवाल के द्वारा सभी अस्थाई दुकानदारों को शासन के नये नियमों की जानकारी दी गई और कहा गया कि जब तक जितने लोगों ने फटाखा दुकान लगाने के लिए अस्थाई लायसेंस बनाने के लिए दिये है। उन सभी के अस्थाई लायसेंस बन जाने के बाद ही दुकान लगाने के लिए ड्रा किया जायेगा और दुकाने लगाने के लिए जगह आबंटित की जायेगी। आगे यह भी कहा कि फटाखा के प्रत्येक दुकानों में टीन शेड, रेत व गैस सिलेण्डर रखना अनिवार्य है और सभी को शासन के नियमों का पालन कर दुकान लगाने एवं दुकान जिसके नाम से लायसेंस बना है उसे बैठे रहने सहित अन्य आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। वहीं अस्थाई फटाखा दुकान लगाने वाले दुकानदारों ने प्रशासन से कहा कि हम लोग 4-5 दिन के लिए लायसेंस लेकर दुकानें लगाते है परन्तु बाजार क्षेत्र में कुछ दुकानदार अवैध रूप से फटाखों का विक्रय करते है। जिससे हमारे व्यापार प्रभावित होता है इसलिए प्रशासन से मांग है कि अवैध फटाखा विक्रय पर प्रतिबंध लगाये। बैठक संपन्न होने के बाद एसडीओपी, तहसीलदार, थाना प्रभारी के द्वारा फटाखा दुकान लगाने वाले दुकानदारों के साथ सांदीपनी स्कूल लालबर्रा के खेल मैदान का निरीक्षण भी किया और किस तरह से दुकाने लगेगी उस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये गये। इस अवसर पर फटाखा एसोसिएशन संघ के पदाधिकारी, दुकानदार, प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### नियमों का उल्लंघन करते पाये जाने पर की जायेगी सख्त कार्यवाही - चौधरी

एसडीओपी चौधरी ने बताया कि लालबर्रा क्षेत्र के नगर मुख्यालय में 35 से 40 अस्थाई लायसेंसधारी दीपावली पर्व पर फटाखे की दुकाने लगायेगें। जिनकी थाने में बैठक आयोजित कर उन्हे लायसेंस लेने, शासन के नियमों के अनुसार दुकान लगाकर नियमों का पालन कैसे करना है उसके बारे में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये है। साथ ही सुरक्षा मानकों पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई है और सभी दुकानों के बीच पर्याप्त गैप (दूरी) सुनिश्चित करने कहा गया है। वहीं प्रत्येक दुकान में एक फायर एक्सटिंग्विशर (अग्निशमन यंत्र) अनिवार्य रूप से उपलब्ध होना चाहिए। श्री एसडीओपी ने बताया कि 14 अक्टूबर को सांदीपनी स्कूल के खेल मैदान में विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव कार्यक्रम होना है। उसके बाद ड्रा कर अस्थाई फटाखा लायसेंसधारियों को दुकाने आबंटित की जायेगी और जो फटाखा दुकानदार शासन के नियमों का उल्लंघन करते पाये जायेगें उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी।

# दो राईस मिल एवं दुकान के टूटे ताले, चोर सीसीटीव्ही कैमरे में हुए कैद

## अज्ञात चोरों ने दो मोटर सहित अन्य सामग्री लेकर हुए फरार, जांच में जुटी पुलिस

पद्मेश न्यूज। लालबर्रा। नगर मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में अज्ञात चोर सक्रिय हो चुके है और चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे है। जिससे क्षेत्रीयजन खासा परेशान है। शनिवार की रात्रि में अज्ञात चोरों ने लालबर्रा थाना से 1 किमी. दूर स्थित जय अम्बे राइस मिल, हाईवे मार्ग मानपुर पांगा तालाब की मोड़ाई से 100 मीटर दूर स्थित माँ बम्लेश्वरी राइस मिल एवं खारी स्थित दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने हजारों रूपये की सामग्री चोरी कर फरार हो गये है। वहीं अज्ञात चोर सीसीटीव्ही कैमरे में कैद भी हो चुके है लेकिन उनका चेहरा स्पष्ट दिखाई नही दे रहा है। लेकिन खारी चौक में ऑटो के साथ कुछ व्यक्ति दिखाई दे रहे है। जिससे संभावना व्यक्त की जा रही है कि इन्ही व्यक्तियों ने दो राइस मिल एवं खारी में अरशद समी कुरैशी की दुकान के ताले तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिये होगें। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस गस्त की उठी मांग

प्राप्त जानकारी के अनुसार अमोली निवासी अनुराग पशीने की थाने से 1 किमी. दूर अमोली एवं बम्हनी पहुंच मार्ग पर जय अम्बे राइस मिल एवं बेलगांव रोड़ में मॉ बम्लेश्वरी राइस मिल स्थित है। जहां धान से चावल बनाने का कार्य किया जाता है। शनिवार की रात करीब 8 से 9 बजे के बीच राईस मिल बंद कर वे अपने घर आ गये थे। वहीं खारी निवासी अरशद समी कुरैशी की साइकिल स्टोर्स व किराना दुकान खारी चौक में स्थित है जिन्होने रात करीब 8 बजे दुकान बंद कर घर चले गये थे। जिसके बाद रात्रि में अज्ञात चोरों ने दो राइस मिल एवं साइकिल स्टोर्स व किराना दुकान का ताला तोड़कर जय अम्बे राइस मिल से दो मोटर एवं किराना दुकान से नगद राशि व राजश्री गुटाखा पाउच सहित अन्य सामग्री लेकर फरार हो गये। जब सुबह वे राइस मिल एवं दुकान खोलने पहुंचे तो राइस मिल व दुकान का ताला टुटा हुआ दिखाई दिया। जिससे उन्हे संदेह हुआ कि रात्रि में चोरी की वारदात घटित हुई है। जिसके बाद पुलिस को घटना की जानकारी दी गई और माँ बम्लेश्वरी राइस मिल व खारी चौक में लगे सीसीटीव्ही कैमरे की जांच की गई तो रात 10.15 के बाद अज्ञात चोरों ने इस चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। वहीं अज्ञात चोर लाल कलर की आटो में थे जिसमें एक व्यक्ति दिखाई दे रहा है जो सीसीटीव्ही कैमरे में कैद हो चुके है। वहीं अज्ञात चोरों ने बेलगांव रोड़ स्थित राइस मिल का ताला तोड़कर अंदर तक घुसे लेकर किसी की आहट मिलने या सीसीटीव्ही कैमरे दिख जाने के चलते बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम नही दे पाये किन्तु अमोली स्थित राइस मिल पर रखे दो मोटर चोरी कर फरार हो गये। इसी तरह खामघाट, मोहगांव ध में भी शनिवार की रात में चोरी होने की जानकारी सामने आ रही है। जिससे ऐसा प्रतीत हो रहा है जिन अज्ञात चोरों ने दो राइस मिल, किराना दुकान में चोरी की वारदात को अंजाम दिये है। उन्ही लोगों ने खामघाट, मोहगांव ध. में भी चोरी की होगी। साथ ही अज्ञात चोर पुरे प्लानिक के साथ चोरी करने आये थे लेकिन बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम देने में विफल रहे। पुलिस ने सीसीटीव्ही कैमरे फुटेज के आधार पर जांच में जुट गई है। वहीं राइस मिल संचालक एवं साइकिल स्टोर्स संचालक ने पुलिस प्रशासन से अज्ञात चोरों को जल्द गिरफ्तार कर सख्त कार्यवाही करने एवं नगर मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में गस्त करने की मांग की है।






### इनका कहना है-

शनिवार की रात में दो राइस मिल, खारी में साइकिल स्टोर्स, किराना दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने सामग्री की चोरी की है एवं सीसीटीव्ही फुटेज में चोर कैद हो चुके है। लेकिन उनका चेहरा स्पष्ट नजर नही आ रहा है। पीड़ितजनों की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला पंजीबध्द कर मामले की जांच की जा रही है और जल्द अज्ञात चोरों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

**सुनिल चतुर्वेदी**
**थाना प्रभारी**
**लालबर्रा।**

पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।
संगठन सृजन अभियान के माध्यम तहत कांग्रेस देश भर में जमीनी स्तर पर संगठन को सशक्त बना रही है। खासकर महिलाओं और युवाओं को पार्टी से जोड़ने पर विशेष जोर दिया जा रहा है,प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संगठन सृजन अभियान के तहत वारासिवनी खैरलाँजी क्षेत्र में संगठनात्मक गतिविधियों को तेज करने लिए व संगठन में सक्रियता लाने मंडलम व सेक्टर पदाधिकारियों का सम्मेलन आयोजित किया गया। वहीं कांग्रेस पार्टी से प्रभावित होकर कोचेवाही के लगभग १४ लोगो ने जिला अध्यक्ष संजय उइके के हस्ते गमछा पहनकर यूथ कांग्रेस के पद सदस्यता ग्रहण की।

# भाजपा में चरणवंदना करने पर दी जाती है टिकट-बोधसिंह भगत

## कांग्रेस मंडलम सेक्टर प्रभारियों का सम्मेलन आयोजित





### भाजपा वोट चोर करके गद्दी में बैठी है- विवेक

विधायक विवेक पटेल ने कहा की हमारे छिंदवाड़ा में नकली सिरप से बच्चों की मौत हो गई किसानो को खाद नहीं मिल रही है। भाजपा सरकार कहती थी किसानो को २४ घंटे बिजली देंगे भाजपा सरकार सिर्फ झूठे वादे करती है,भाजपा सरकार ने चुनाव के पूर्व किसानो से कहा था इकत्तीस सौ रूपये में धान खरीदेंगे । मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव कटंगी आए तो हम कांग्रेस विधायक उन्हें उनका वादा याद दिलाने गए थे। तो हमें पुलिस ने पहले ही रोक दिया कोई भी भाजपा का नेता किसानो के हित में बात नहीं करता । प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर अब हर गाँव गाँव का अध्यक्ष,सेक्टर प्रभारी,मंडलम अध्यक्ष बनाया जाएगा । विधानसभा चुनाव के समय हमारे कांग्रेस का हर कार्यकर्ता मजबूत था इन्ही की देन से मैं विधायक बना हुं भाजपा वोट चोर करके गद्दी में बैठी हैं ईमानदारी से चुनाव भाजपा पार्टी कभी सरकार बना ही नहीं सकती।

### पैदा अन्याय से लड़ने हुए है- बोधसिंह भगत

पूर्व सांसद बोधसिंह भगत ने कहा की जब हमने अंग्रेजो को खदेड दिया तो भाजपा पार्टी को खदेड़ना कोई बात नहीं है। मैंने भाजपा इसलिए छोड़ी मुझे कोई पद का लालच नहीं है हम पैदा अन्याय से लड़ने हुए है। गौरीशंकर बिसेन जब कृषि मंत्री थे नकली खाद बीज सब बिक रहा था उसकी कम्पनी के लाइसेंस को मैंने सस्पेंड करवा दिया था। वो पावर में थे इसलिए उन्होंने हमारी टिकट काट दी मुझे सत्ता का लोभ रहता तो मैं उसके चरणों में जाता पैर पड़ता,प्रदीप जायसवाल और गौरव पारधी ने टिकट के लिए भोपाल में जाकर गौरीशंकर के पैर पडे थे मैं सेवा करने आया हुं मुझे धन दौलत की जरूरत नहीं है।

### मुख्यमंत्री ने किसानो को गुमराह किया है-अनुभा

बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे ने कहा की खाद बीज डालने के बाद पौधे में पानी दो तब पेड़ बनता है । आप लोगो ने हमें जिताया तब हम विधानसभा में पहुँचकर जनता की आवाज उठाते है ,जनता आज कहती है हमने जिन्हे जिताया वो हमारे लिए सरकार से लड़ाई लड़ रहें है। बूथ के पदाधिकारी ही हमारी ताकत है उन्ही के कारण हमें वोट मिलते है बूथ के कार्यकर्ता अपना बूथ मजबूत करें अगर बूथ मजबूत है तो हमारी लड़ाई सफल हो जाती है। मुख्यमंत्री ने किसानो को गुमराह किया है जो वादा किया था उन्होंने कुछ नहीं किया। कटंगी आकर फिर किसानो को लॉलीपाप देकर चले गए हमने काले गमछे दिखाकर विरोध करने जा रहें थे। हमें पुलिस ने रोक दिया हमें मिलने नहीं दिया छिंदवाड़ा में कप सिरप से बच्चों की मौत हो गई। स्वास्थ्य मंत्री को इस्तीफा दे देना चाहिए भाजपा का नेता आज चुप बैठा है कोई कुछ नहीं बोल रहा है।

### नौकरी मांगने पर सरकार युवाओं को भेज रही जेल-संजय

कांग्रेस जिला अध्यक्ष संजय उइके ने बताया की कार्यकर्ता हमारी कांग्रेस पार्टी की रीड़ है मंडलम और सेक्टर के जो पदाधिकारी है वह सभी अहम होते है। वोट चोर हस्ताक्षर अभी कांग्रेस के द्वारा चलाया जा रहा है वोट चोर के खिलाफ जो आवाज उठाते है सरकार किसी ना किसी मामले में जेल डालने का प्रयास करती है। युवा अगर नौकरी की बात करता है तो पुलिस के डंडे खाता है वोट चोरी का जो मुद्दा कांग्रेस पार्टी ने लाया है भाजपा उसे दबाना चाहती है। आजीविका मिशन योजना कांग्रेस की योजना है कांग्रेस अब नए सिरे से वोट चोरी ना हो इसके लिए हस्ताक्षर अभियान चला रही है। ताकि घर घर पहुँचकर हम जनता को बताए की आपके वोट की चोरी हो रही है। इस दौरान जिला अध्यक्ष संजय उइके,जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राटसिंह सरसवार,पूर्व सांसद बोधसिंह भगत,विश्वेसर भगत,विधायक विवेक पटेल, विधायक अनुभा मुंजारे,सिवनी जिला पंचायत उपाध्यक्ष राकेश सनोडिया, गोकुलप्रसाद गौतम,जीतू राजपूत,शाहिद खान, स्वप्निल डोंगरे, अनिल पिपरेवार, सुदेश सोनी,राजा अली,जेसराज पारधी, रामकिशोर बिसेन, फेकनलाल डोहरे, तेजराम नगपुरे,जावेद अली, दुर्गाप्रसाद लिल्हारे,महादेव ठाकरे,अनीश बेग,विवेक जुझार,राजकुमार चौधरी,छोटू ठाकरे, देवीप्रसाद लिल्हारे,राहुल अरोरा,चिंटू जै,ईश्वरीय दामनकर,मनीष धुवारे,सुनील राणा,उज्वल गौतम,संदेश बिसेन,गगन बिसेन, नरेंद्र राहंगडाले,रितिक गौतम,विजय बिसेन,सत्तू बिसेन,गणेश कुंभरे सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# मनरेगा मेट संगठन ने जनपद सीईओ को सौंपा ज्ञापन

## महिला मेट को प्रशिक्षण में शामिल करने की मांग

पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।
मध्यप्रदेश ग्राम पंचायत मनरेगा मेट संगठन के द्वारा जनपद पंचायत सीईओ दीक्षा जैन को ज्ञापन सौंप कर महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के तहत ग्राम पंचायत में कार्य कर रहे मनरेगा के तहत मेटों की समस्यों के निराकरण करने मांग की गई है। ज्ञापन में बताया कि भारत सरकार के महत्वपूर्ण योजना महात्मा गाँधी राष्ट्रीय रोजगार गारन्टी स्कीम संपूर्ण भारत के राज्यों में संचालित हो रही है। इसी प्रकार मध्यप्रदेश राज्यों में १९ वर्षो से क्रियान्वयन हो रहा है। योजना के क्रियान्वयन हेतु म.प्र. के २३ हजार ग्राम पंचायतों में २ लाख ४० हजार मेट कार्यरत है। जिसमें से वर्तमान में बालाघाट जिले के वारासिवनी ब्लाक में १६ एवं १७ अक्टुबर को ३० पंचायत से २-२ महिला मेटो का प्रशिक्षण हेतु शासन के द्वारा आदेशीत किया गया है। जबकि सभी पंचायतो में ५ से ७ महिला मेट एवं पुरूष है। शासन के द्वारा दोहरी नीति मेटों के साथ अपनायी जा रही है जो गलत है। यदि सभी ६० पंचायत के समस्त मेटों को प्रशिक्षण नहीं दिया जाता तो जिन पंचायत की महिला मेटों को प्रशिक्षण में बुलाया गया है ये सब आने से इंकार है। यदि समस्त मेटों को प्रशिक्षण में नहीं बुलाया गया तो मेट संगठन के समस्त मेटों के द्वारा जनपद पंचायत के सामने भुख हड़ताल पर बैठने पर मजबूर होना पड़ेगा। इस अवसर पर चंद्रकला टेभूरने ,महेश जमरे ,छाया रहाँगडाले ,हेमलता रहाँगडाले, शारदा रंगारे मेट मौजूद रहे। शारदा रंगारे ने बताया कि हमारे पंचायत में प्रशिक्षण के लिए कोई आदेश नहीं आया है। पंचायत में ५ मेट है सभी को बुलाना चाहिए वरना कोई नहीं जाएगा और जिसने भी ऐसा कुछ किया है उसे पहले जानकारी देना था। इस संबंध में हमने एपीओ अधिकारी से चर्चा की थी तो उन्होंने बताया कि जो ग्राम में लगातार काम कर रही एक्टिव महिला है उन्हें नहीं जिन्होंने काम नहीं किया है उनके लिए यह प्रशिक्षण लगाया गया। परंतु २ मेट को बुलाना ठीक नहीं है सभी को बुलाना चाहिए यह जो किया गया है वह दूजा भाव लग रहा है। महेश जामरे ने बताया कि पंचायत में पिछले करीब १८ वर्ष से अधिक समय से काम कर रहे हैं। इसमें बालाघाट के वारासिवनी में ६० पंचायत है उसमें ३० पंचायत की दो दो महिला मेट को १६ से १७ अक्टूबर को प्रशिक्षण के लिए बुलाया गया है। और भी ३० पंचायत है जिसे छोड़ दिया गया है जहां किसी को कोई सूचना नहीं है। जिस पंचायत के २ मेट बुलाए गए हैं वहां पर भी और मेट है एक पंचायत में ५ से ७ मेट होते हैं उन्हें छोड़ दिया गया है। ऐसे में हम जनपद सीईओ को अवगत करवाने आए थे कि प्रशिक्षण सभी को दिया जाए एक दो को नहीं।



### इनका कहना हैं

किसी एनजीओ के द्वारा महिला सशक्तिकरण को लेकर कार्य किया जा रहा है। ऐसे में उनके द्वारा कुछ महिला मेट का चयन प्रशिक्षण के लिए किया गया है। उन्हीं के द्वारा उन्हें प्रशिक्षण दिया जाएगा यह पंचायत स्तर से इसका कोई लेना देना नहीं है।

**दीक्षा जैन**
**मुख्य कार्यपालन अधिकारी वारासिवनी**

# पुलिस के हाथ चढ़ा अंतर्राज्यीय चोर गिरोह, २ व्यक्ति गिरफ्तार

## रैकी कर चोरी को अंजाम देते थे आरोपी न्यायालय ने भेजा जेल





पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।
नगर सहित क्षेत्र में बीते दिनों चोरी की वारदातें लगातार हो रही थी। ऐसे में पुलिस प्रशासन के द्वारा गंभीरता से मामले में जांच की जा रही थी। जिसमें पुलिस के द्वारा संदेह के आधार पर दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई। जिसमें उनके द्वारा नगर के दो मकान में चोरी की वारदात करना सहित महाराष्ट्र के अन्य स्थानों पर भी चोरी करना स्वीकार किया। जिस पर पुलिस के द्वारा अनिल बोरकर और अक्षय गुप्ता दोनों निवासी समर्थ नगर लाखनी जिला भंडारा महाराष्ट्र को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से न्यायालय ने उन्हें जेल भेज दिया।

### फूलचंद ठाकरे के मामले की जांच में पकड़े गए आरोपी

प्राप्त जानकारी के अनुसार १९ सितंबर को फूलचंद पिता शोभाराम ठाकरे जो सांदीपनि विद्यालय में शिक्षक है। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराई की प्रात: १०.१५ बजे वह घर में ताला लगाकर स्कूल गए थे उनकी पत्नी लिखेश्वरी ठाकरे जब शाम ४.३० बजे घर वापस लौटी तो देखा की मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। घर के अंदर अलमारी का सामान बिखरा हुआ था जिसकी शिकायत पर पुलिस ने जांच की तो पाया कि अज्ञात चोरों ने दरवाजे के कुंदें और जाली को तोड़कर घर में प्रवेश किया है। घर के सोने चांदी के आभूषण पुराने मोबाइल और लगभग ४०००० रूपये नकद चोरी कर लिए हैं। मामले में पुलिस ने अपराध क्रमांक ५१८ /२५ धारा ३३१ ३ ,३०५ ए भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत विवेचना की जा रही थी।

### ५० से अधिक सीसीटीवी फुटेज देखकर की गई पहचान

पुलिस अधीक्षक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी अभिषेक चौधरी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी हेमंत नायक के नेतृत्व में टीम गठित की गई। जिनके द्वारा मामले में जांच प्रारंभ कर दी गई दौरान तीन पुलिस टीमों के द्वारा ५० से अधिक सीसीटीवी कैमरे के फुटेज की जांच की गई। जिसमें आरोपी की पहचान तो हो गई परंतु लगातार पतासाजी करने पर भी कोई पता नहीं चला। इसमें सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण कर तकनीकी साक्ष्य के आधार पर दो व्यक्तियों की पहचान कर सतत प्रयासों के बाद उन्हें महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया गया। जिसमें अनिल पिता चुन्नीलाल बोरकर उम्र ३८ वर्ष निवासी शिवाजी वार्ड साकोली जिला भंडारा महाराष्ट्र हाल मुकाम समर्थ नगर लाखनी ,अक्षय पिता दिनेश गुप्ता उम्र २४ वर्ष निवासी शादीपुर डिपो वेस्ट पटेल नगर नई दिल्ली हाल मुकाम समर्थ नगर लाखनी जिला भंडारा से पूछताछ की गई। जिसमें उनके द्वारा कई चीजे स्वीकार की गई इसमें बाहर की भी चोरियां शामिल है।

### आदतन अपराधी है दोनों आरोपी

वारासिवनी पुलिस के द्वारा दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर कड़ाई से पूछताछ की गई जिसमें उनके द्वारा वार्ड नंबर एक हिमाचल नगर और अन्य एक चोरी करना स्वीकार किया गया। जिसमें चोरी किए गए सामान पुलिस ने बरामद किया वहीं क्षेत्र में हुए अन्य चोरी की घटनाओं में भी पुलिस के द्वारा आरोपियों से पूछताछ की गई। परंतु दो चोरी का ही खुलासा वर्तमान तक हो पाया है ,जिसमें सोने एवं चांदी के आभूषण कुल कीमत ५५००० रुपये के बरामद हुए। हैं। साथ ही यह दोनों आरोपियों ने जिला भंडारा साकोली लखानी सिहोरा एवं अवधूतवाडी जिला यवतमाल महाराष्ट्र थाना क्षेत्र में कुल ९ चोरियों की वारदात करना स्वीकार किया है। साथ ही दोनों आरोपी लगभग सात आठ वर्षो से चोरी लूट डकैती जैसी संपत्ति संबंधी अपराधों में संलिप्त रहे हैं । इन्होंने मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र एवं छत्तीसगढ़ में भी अपराध करने की बात स्वीकार की है। इसमें वारदात करने का तरीका आरोपियों ने बताया कि वह दिन के समय रैकी कर उन सुने मकान को चिन्हित करते थे जिसमें ताले लगे होते थे। बाद में ताला तोड़कर घर में घुसते थे और अलमारी से नगदी व आभूषण चोरी कर लेते थे।

### अन्य चोरियों का कब होगा खुलासा

नगर में लंबे समय से चोरी की वारदात होती जा रही है जिसमें वर्तमान तक एक दर्जन से अधिक चोरियां हो चुकी है। इसमें बीते समय आधा दर्जन से अधिक चोरियां दो दिन में सामने आई थी ऐसे में वर्तमान समय में अंतर्राज्यीय चोर गिरोह के दो सदस्य पुलिस के हाथ लगे हैं। जिनके द्वारा दो चोरी का ही खुलासा हो पाया है बाकी अन्य चोरियां आज भी जांच के भरोसे चल रही है। ऐसे में उक्त पीड़ित परिवारों के द्वारा भी पुलिस प्रशासन से उनके चोरी हुए सामान को बरामद करने आरोपियों को गिरफ्तार करने की भी मांग की जा रही है ताकि उन्हें हुई नुकसानी की कुछ वापसी हो सके।

### इनका रहा सराहनीय योगदान

इस कार्यवाही में थाना प्रभारी हेमंत नायक, उपनिरीक्षक सुरेन्द्र उइके , उपनिरीक्षक अभिमन्यु द्विवेदी ,उपनिरीक्षक अनुराग सिंह भदौरिया, महिला आरक्षक रितु बघेल ,आरक्षक हेमंत बघेल ,तारेन्द्र बिसेन, विष्णु शरद लिल्हारे एवं ओमकार उइके का सराहनीय योगदान रहा।

### दोनो आरोपी आधतन अपराधी है जिसे गिरफ्तार किया है-एसडीओपी

एसडीओपी अभिषेक चौधरी ने बताया कि नगर में फूलचंद ठाकरे के मकान में चोरी हुई थी जिसकी जांच की जा रही थी। ऐसे में सीसीटीवी फुटेज विश्लेषण में हमें दो संदिग्ध व्यक्ति की पहचान की गई और उनकी तलाश करके गिरफ्तार किया गया। जिसमें अनिल बोरकर और अक्षय गुप्ता शामिल है यह आदतन अपराधी है लंबे समय से उनके द्वारा मध्य प्रदेश ,महाराष्ट्र ,छत्तीसगढ़ में चोरी की वारदातें की गई है। शहर के दो स्थानों पर उनके द्वारा चोरी करने की बात कर स्वीकार की गई है मसूरका बरामद कर लिया गया है। यह पूरी कार्यवाही वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में की गई है वहीं आगे हमारी जांच जारी है। इसमें एक आरोपी कुछ दिनों पहले ही जेल से छुटकारा आया है यह पिछले करीब ८ वर्षों से चोरी लूट डकैती जैसे अपराध में संलिप्त है। इनके द्वारा मोटरसाइकिल से घूम कर रैकी की जाती थी और घर में ताला लगा होने पर चोरी की वारदात की जाती थी।

# मोवाड़ में पोषण माह अभियान कार्यक्रम सम्पन्न




पद्मेश न्यूज। खैरलांजी। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी १७ सितंबर से १६ अक्टूबर २०२५ तक राष्ट्रीय पोषण माह अभियान मनाया जा रहा है। जिसके तहत महिला बाल विकास विभाग परियोजना अधिकारी लंकेश ऊके के निर्देशन एवं पूनम चौहान सेक्टर सुपरवाइजर मोवाड़ की उपस्थिति में १० अक्टूबर को सेक्टर स्तरीय पोषण माह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सेक्टर की समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका उपस्थिति रही। वहीं सेक्टर सुपरवाइजर शीला राहंगडाले के द्वारा पोषण माह आयोजन के उद्देश्य के बारे में विस्तार से समझाया गया। कि सभी किस प्रकार स्थानीय उपलब्ध सामग्री का उपयोग करते हुए अधिक पौष्टिकता प्राप्त कर सकते हैं। सेक्टर सुपरवाइजर पूनम चौहान के द्वारा पोषण के प्रति जागरूकता फैलाने अंधविश्वास व भ्रामकता को दूर करने की बातें बताई गई। पोषण माह कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की व्यंजन प्रदर्शनी रखी गई जिसमें अंकुरित दाल, अनाज ,मूंग दाल ,सब्जियों से बने व्यंजन जैसे लौकी के बड़े पत्तों की बड़ी ,मंगोडे। इस कार्यक्रम में पल्लवी साखरे ,अलका साखरे,आरती कोचे,रेखा देवाहे,तुरसन मातरे, मंगला तामसवाडे, शकुंतला सुहागपुरे,शोभा बारसागडे के द्वारा बनाकर लाया गया। कुपोषण छोड़ पोषण की ओर थामे शुद्ध भोजन की डोर को सार्थक करने के बारे में गर्भवती माता किशोरी बालिकाओं को कैसा व कितना भोजन करना है इस पर विस्तार से समझाया गया। राष्ट्रीय पोषण माह अभियान कार्यक्रम में श्रीमती अन्नपूर्णा देवी,पल्लवी साखरे,ज्योति उपरीकार ,योगेंद्र धूवारे ,सुधीर बावनकर,राजकुमार साखरे ,सूरज पंचेश्वर,होलूजी कहालकर, विष्णु सेलोकर उपस्थित रहे।

# संभाग स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिये तीन छात्रों का हुआ चयन

पद्मेश न्यूज। वारासिवनी। मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा संभाग स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय महाविद्यालय तामिया छिंदवाड़ा में १६ अक्टुबंर से किया जा रहा है । जिसे हेतु शासकीय एस एस पी महाविद्यालय के ३ छात्र का चयन हुआ है । जिसमें मधुर डोंगरे एम ए प्रथम,दिव्यांश बी ए तृतीय वर्ष व विजय धार्मिक का चयन हुआ है। ज्ञात हो की सभी का चयन जिला स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता हट्टा बालाघाट में उच्च प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। जिला स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में महाविद्यालय की पुरुष टीम ने उपविजेता के रूप में अपना स्थान प्राप्त किया था। इसी के आधार पर इनका चयन हुआ है। सभी के चयन होने पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एस एस गेड़ाम, क्रीड़ा समिति के समस्त सदस्यगण, समस्त प्राध्यापक सहायक प्राध्यापक नियमित कार्यालय कर्मचारी गण अतिथि विद्वान, जन भागीदारी शिक्षक व कर्मी, आउटसोर्स कर्मी ने बधाइयां प्रेषित की एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की ।



# प्रोग्रेसिव पेंशनर एसोसिएशन की बैठक संपन्न

पद्मेश न्यूज। वारासिवनी। आइडियल पब्लिक स्कूल के सभा कक्ष में रविवार को प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक अध्यक्ष पी एल लिल्हारे ,कार्यकारी अध्यक्ष सी एम दहिकर सहित अन्य सदस्यों की उपस्थिति में प्रारंभ की गई। जिसमें प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रदेश स्तरीय विभिन्न कार्यक्रम की जानकारी देने के साथ ही पेंशनरों को आ रही समस्याओं को लेकर विचार विमर्श किया गया। जिसमें प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन का स्थापना दिवस की जानकारी दी गई । वहीं प्रदेश स्तर पर पेंशनर की समस्याओं को लेकर आंदोलन किए जाने की बात बताई गई जो नवंबर में होना है। जिसमें बड़ी संख्या में पेंशनर शामिल होकर अपने हक की लड़ाई लड़ेंगे। वहीं शासन के द्वारा २ प्रतिशत डीए बढ़ाने की बात कही गई थी जो वर्तमान तक नहीं बढ़ाया गया है और ना ही कोई आदेश जारी कर स्वीकृति दी गई है। ऐसे में केवल यह बातें हो रही है शासन को इसमें आदेश जारी करना चाहिए सहित अन्य विषयों पर भी विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। इस अवसर पर एस के दहीकर, जे एल पटले ,दिलीप घोले ,अरविंद कुमार देशपांडे, नरसिंह भलावे ,चुन्नीलाल पटले ,ओ पी भवरे ,सी एल ठाकरे ,वाय एल पटले, एम आर तुरकर, एस आर घोड़ेश्वर, शुभांगी घोले सहित अन्य पेंशनर मौजूद रहे।



## संपादकीय

# दुराग्रहों की सीमा और महिलाओं की मौजूदगी

भारत में महिला सशक्तीकरण की तस्वीर को सिर्फ इतने से समझा जा सकता है कि आज यहां महिलाएं अमूमन हर क्षेत्र में पुरुषों के समकक्ष खड़ी हैं। वे किसी भी जिम्मेदारी या दायित्व के मामले में बेहतरीन नतीजे दे सकती हैं। मगर चाहे अनचाहे कई बार ऐसी घटनाएं सामने आती हैं, जिसमें महिलाओं के खिलाफ दुराग्रह आम दिखते हैं। गौरतलब है कि अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी ने अपने भारत दौरे के क्रम में नई दिल्ली में शुक्रवार को जो संवाददाता सम्मेलन किया, उससे महिला पत्रकारों को बाहर रखा गया। जिस दौर में भारत की बहुत सारी महिला पत्रकार देश-दुनिया की मुख्यधारा की पत्रकारिता में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कर रही हैं, वैसे समय में किसी देश के विदेश मंत्री से सवाल करने वालों के बीच उन्हें जगह नहीं दी जाए, तो यह न केवल सामान्य औपचारिकता के खिलाफ है, बल्कि पत्रकारिता के मोर्चे पर बेहद सक्षम रही महिलाओं को कमजोर मानने की तरह है।

> अफगानिस्तान में वर्ष 2021 में सत्ता में आने के बाद तालिबान की सरकार की राजनीतिक विचारधारा और सामाजिक सोच से जुड़े पूर्वाग्रह छिपे नहीं रहे हैं। खासतौर पर महिलाओं के जीवन को लेकर उसकी संकीर्णता जगजाहिर रही है।

यह संभव है कि किसी देश के दूतावास के परिसर के संदर्भ में जो नियम-कायदे लागू होते हैं, उसके मुताबिक मेजबान देश के दखल की एक सीमा होगी। मगर यह विचित्र है कि संवाददाता सम्मेलन से महिला पत्रकारों को बाहर रखने के मसले पर सरकार की ओर से कोई औपचारिक विरोध दर्ज नहीं किया गया। इस मुद्दे के तूल पकड़ने के बाद भारत के विदेश मंत्रालय ने एक स्पष्टीकरण जरूर जारी किया कि इस संवाददाता सम्मेलन में उसकी कोई भूमिका नहीं थी! सवालों से घिरने के बाद रविवार को मुत्ताकी के एक और संवाददाता सम्मेलन में महिला पत्रकारों को भी बुलाया गया। इसे सिर्फ गलती में सुधार की कोशिश ही कहा जा सकता है! इससे पहले के संवाददाता सम्मेलन में महिलाओं को बाहर रखने के पीछे की मानसिकता सवालों से परे नहीं हो जाती। दुनिया भर में भू-राजनीतिक तकाजों के मुताबिक रणनीतिक रूप से किसी अन्य देश के साथ संवाद और संबंध के ऐसे प्रारूप तय किए जा सकते हैं, जिससे अपने देश के हित सुनिश्चित किए जा सकें। आतंकवाद के मोर्चे पर अफगानिस्तान के साथ संवाद कायम करना भारत के हित में हो सकता है, लेकिन इस क्रम में तालिबान के वैचारिक मानदंडों या मानसिकता को जगह देना कितना सही माना जा सकता है।

अफगानिस्तान में वर्ष 2021 में सत्ता में आने के बाद तालिबान की सरकार की राजनीतिक विचारधारा और सामाजिक सोच से जुड़े पूर्वाग्रह छिपे नहीं रहे हैं। खासतौर पर महिलाओं के जीवन को लेकर उसकी संकीर्णता जगजाहिर रही है। अफगानिस्तान की महिलाओं और उनके मानव अधिकारों पर चोट करने वाली तालिबान की मानसिकता पर भारत में एक ठोस विरोध रहा है। मगर तमाम प्रगतिशील मूल्यों और अपेक्षाओं को दरकिनार करके तालिबान ने अफगानिस्तान की महिलाओं की शिक्षा और नौकरी से लेकर सार्वजनिक गतिविधियों तक को नियम-कायदे बना कर नियंत्रित किया। सवाल है कि अफगानिस्तान में अपनी वैचारिक राजनीति को मनचाहे तरीके से लागू करने वाले तालिबान को भारत में वैसा कर पाने की सुविधा कैसे मिली। कायदे से संवाददाता सम्मेलन से महिलाओं को बाहर रखे जाने के मुद्दे पर सरकार से लेकर वहां गए पत्रकारों की और से भी आपत्ति उठनी चाहिए थी। महिलाओं के अधिकारों और उनके सशक्तीकरण के सवाल पर प्रगतिशील मूल्यों का न्वाहक रहे भारत में महिलाओं को दोयम समझने वाले किसी संकीर्ण मानदंडों की जगह नहीं होनी चाहिए।

# भरोसे की दुनिया में जीवन का सार

एक कार्यशील समाज के लिए विश्वास आवश्यक है। जीवन में आगे बढ़ने के लिए हमें मूल रूप से उन लोगों पर भरोसा करने में सक्षम होना चाहिए, जिन्हें हम प्यार करते हैं। अपने दोस्तों और परिवार पर..। साथ ही अपने पड़ोसियों, सहकर्मियों और यहां तक कि उन लोगों पर भी, जिन्हें हम अच्छी तरह से नहीं जानते। मसलन, हमारे किराना दुकानदार और हमें दूध पहुंचाने वाले। शोधकर्ताओं ने दुनिया भर के सभी उम्र के ढाई लाख से अधिक प्रतिभागियों को शामिल करते हुए लगभग पांच सौ अध्ययनों के परिणामों का विश्लेषण किया, ताकि यह देखा जा सके कि भरोसा करने में सक्षम होने से उनके जीवन की संतुष्टि और खुशी पर क्या प्रभाव पड़ा। उन्होंने पाया कि विश्वास और कल्याण एक साथ चलते हैं। दूसरों पर भरोसा करने से खुशहाली बढ़ी और बेहतर खुशहाली का एहसास किसी और पर ज्यादा भरोसा करने में मदद करता है। शोधकर्ताओं ने यह भी पाया कि जैसे-जैसे हम जीवन के विभिन्न चरणों से गुजरते हैं, भरोसा और उसका महत्त्व बदलता जाता है। बच्चों, किशोरों और बुजुर्गों के लिए भरोसा युवा या मध्यम आयु वर्ग के वयस्कों की तुलना में थोड़ा ज्यादा जरूरी है। विश्वास का विकास शिशु उम्र से ही शुरू हो जाता है। स्नेहपूर्वक, ध्यानपूर्ण और संवेदनशील देखभाल पाकर शिशु सीखते हैं कि वे अपने आसपास के लोगों पर भरोसा कर सकते हैं और उनकी दुनिया एक सुरक्षित और दयालु जगह है। दूसरी ओर, अगर उन्हें कठोर, अनियमित या उपेक्षापूर्ण देखभाल मिलती है, तो वे इसके विपरीत सीखेंगे, जिससे उन्हें बाद में मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। जैसे-जैसे बच्चे बड़े होते हैं, वे अनुभव से सीखना शुरू करते हैं कि हर कोई भरोसेमंद नहीं होता। शोध बताते हैं कि पांच साल की उम्र के बच्चे भी उस वयस्क को पहचान लेते हैं जो उन्हें धोखा देने की कोशिश कर रहा है, और उस व्यक्ति के सच बोलने पर भरोसा नहीं करेंगे। इसका मतलब है कि बच्चों को भरोसा दिलाने के लिए हमें खुद भी भरोसेमंद होना चाहिए। जैसे-जैसे बच्चे किशोरावस्था में प्रवेश करते हैं, दूसरों पर भरोसा करना उनके लिए आवश्यक सहकर्मी संबंधों को विकसित करने के लिए महत्त्वपूर्ण बना रहता है। इस दौरान ऐसे मित्रों और मार्गदर्शकों की आवश्यकता होगी जिन पर वे भरोसा कर सकें। भले ही किशोर खुद को माता-पिता से अलग करना सीख जाते हैं और अधिक दूर या सहकर्मी केंद्रित लग सकते हैं, माता पिता उनके विकास के लिए महत्त्वपूर्ण बने रहते हैं, भले ही इस मधुर, घनिष्ठ संबंध हमारी भलाई के लिए बहुत महत्ववपूर्ण हैं और विश्वास मजबूत संबंध बनाने में मदद करता है, इसलिए यह समझ में आता है कि अधिक भरोसेमंद और विश्वसनीय होने से हमारी सकारात्मक भावनाएं और जीवन संतुष्टि बढ़ेगी। प्रक्रिया से विश्वास कम हो जाए। हालांकि दूसरों पर भरोसा करना सीखने की शुरुआत बचपन में ही हो सकती है, लेकिन दूसरों पर भरोसा करने की क्षमता और जरूरत, खासकर पारस्परिक संबंधों में, जीवन भर बढ़ती रहती है। चूंकि मधुर, घनिष्ठ संबंध हमारी भलाई के लिए बहुत महत्त्ववपूर्ण हैं और विश्वास मजबूत संबंध बनाने में मदद करता है, इसलिए यह समझ में आता है कि अधिक भरोसेमंद और विश्वसनीय होने से हमारी सकारात्मक भावनाएं और जीवन संतुष्टि बढ़ेगी। अपने व्यापक समुदाय से जुड़े रहना, इसके लिए थोड़ा अधिक संवेदनशील होना और दूसरों की सामान्य अच्छाई पर भरोसा करना आवश्यक हो सकता है। हालांकि पूर्वाग्रह हमें उन लोगों पर भरोसा करने से रोक सकते हैं, जो हमसे अलग दिखते, सोचते या कार्य करते हैं। अध्ययनों में पाया गया है कि जिन नागरिकों का अपनी सरकार और अपनी संस्थाओं पर अधिक भरोसा होता है, वे भी अधिक खुश रहते हैं। वृद्धावस्था में विश्वास और भी महत्त्वपूर्ण हो जाता है।

**-मनीष कुमार चौधरी**

# इक्कीसवीं सदी में जयप्रकाश और लोहिया



बीता हफ्ता महात्मा गांधी, जयप्रकाश नारायण और डा. राम मनोहर लोहिया के जीवन से जुड़ी घटनाओं के स्मरण का था। दो अक्तूबर महात्मा गांधी की जयंती थी तो आठ अक्तूबर जयप्रकाश नारायण की पुण्यतिथि और 11 अक्तूबर उनकी जयंती थी। जबकि 12 अक्तूबर डॉ लोहिया की पुण्यतिथि थी। इन तिथियों पर देश में बचे खुचे समाजवादियों ने इन महापुरुषों को अपने-अपने ढंग से याद किया। ध्यान से देखें तो जयप्रकाश नारायण जिन्हें लोग प्यार से जेपी कहते थे उनके और डॉ लोहिया के विचार वास्तव मे गांधी के विचारों का नए रूप में विस्तार हैं।

आज आवश्यकता इस बात की है कि हम किस प्रकार उनके विचारों के माध्यम से मौजूदा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों का मुकाबला करें। पिछले तीस-पैंतीस वर्षों से यह दुनिया और हमारा देश आर्थिक और राजनीतिक वैश्वीकरण की प्रक्रियाओं से गुजर रहा था और तब यह कहा जा रहा था कि समाजवाद का मॉडल और देशी अर्थव्यवस्था की आत्मनिर्भरता और स्वदेशी का मॉडल विफल हो चुका है और आज आवश्यकता है वैश्वीकरण, निजीकरण और उदारीकरण की। यानी पूंजी और वस्तुओं का वैश्विक आदान प्रदान आसान हो, राष्ट्रीय परिधि में नौकरशाही की जकड़बंदी खुले और उत्पादन का काम सरकारी नियंत्रण से अलग निजी क्षेत्रों में जाए। इसी के साथ यह भी कहा जा रहा था कि अगर भारत ने अपनी राजनीतिक आजादी 1947 में प्राप्त की थी तो आर्थिक आजादी 1991 में तब हासिल की जब उदारीकरण की प्रक्रिया शुरू हुई। लेकिन आज उदारीकरण और वैश्वीकरण की प्रक्रिया इतनी बुरी तरह से विफल हो चुकी है कि जहां अमेरिका मागा यानी अमेरिका को फिर से महान बनाने की बात कर रहा है वहीं भारत मीगा यानी भारत को फिर से महान बनाने की बात कर रहा है।

अंतरराष्ट्रीय व्यापारों को बढ़ावा देने के बजाय उन पर रोक लगाने के लिए नए किस्म के कर लगाए जा रहे हैं। लोगों के दूसरे देशों में जाकर नौकरियां करने पर फिर से रोक लगाई जा रही है। जहां अमेरिका से भारतीयों को हथकड़ियां और बेड़ियां पहनाकर वापस भेजा जा रहा है वहीं आस्ट्रेलिया से यूरोप तक आव्रजनों के विरुद्ध प्रदर्शन हो रहे हैं। अब फिर से देशों के बीच के रिश्ते व्यापार के बजाय हथियारों से तय होने लगे हैं। उन तमाम देशों में लोकतंत्र संकट में हैं जहां पर लोकतंत्र फलते फूलते देखा जा रहा था और उम्मीद थी कि वे सारी दुनिया को लोकतंत्र के रंग में रंग देंगे। सभ्यताओं, संस्कृतियों और धर्मों के टकराव के नाम पर एक नफरती दुनिया का निर्माण हो रहा है। संयुक्त राष्ट्र की संस्थाएं प्रभावहीन हो गई हैं।

युद्ध एक नियम बनता जा रहा है और शांति एक अपवाद। यानी वैश्विक गांव बनने के बजाय टूटा हुआ और विखंडित विश्व बन रहा है। जिसे विश्लेषक बहुपक्षीयता कह रहे हैं। राष्ट्रीय राजनीति में पार्टियां एक दूसरे की पूरक होने के बजाय शत्रु हो गई हैं।

ऐसे समय में डॉ लोहिया और जेपी के विचारों की प्रासंगिकता फिर से बनती दिखाई दे रही है। जेपी के 1975 की संपूर्ण क्रांति के आह्वान की स्वर्ण जयंती के अवसर पर यह स्मरण किया जाना चाहिए कि उन्होंने अपने उस विचार की किस प्रकार व्याख्या की थी। जेपी ने संपूर्ण क्रांति के उद्देश्यों को स्पष्ट करते हुए कहा था, 卐 इस समय हम एक दूरगामी असर वाली क्रांति की देहरी पर खड़े हैं। युग की जो भावना है वह समता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के आदर्शों की पूर्ति के लिए शोर मचा रही है, वह चाहती है कि राज्यविहीन समाज बने और हर किसी को उसकी योग्यता और हर किसी को उसकी जरूरत के लिहाज से मिले।

गांधीजी एक बात अक्सर कहा करते थे कि जहां क्रांतियों ने सामाजिक व्यवस्था के बाहरी ढांचे में बदलाव किया लेकिन वे जो क्रांति करना चाहते हैं वह दो स्तरों की होगी। यह एक ऐसी क्रांति होगी जो पहले लोगों के मानस में शुरू होगी और बाद में समाज के बाह्य रूप को बदलेगी। वह एक आध्यात्मिक क्रांति होगी। देश की आध्यात्मिक क्रांति आज ऐसी विरासत की मांग कर रही है।卐 इसके अतिरिक्त जेपी दलीय पद्धति पर सवाल उठाते हुए कहते हैं दलीय पद्धति को जितना मैंने देखा है वह लोगों को डरपोक और नपुंसक बना रही है। मैंने ऐसा अनुभव किया कि दलीय पद्धति लोगों को भेड़ों की स्थिति में ला देना चाहती है। जिसका काम नियत समय पर गड़रियों को चुन लेना है जो उनके कल्याण की चिंता करेंगे। मुझे इसमें स्वतंत्रता के दर्शन नहीं होते।



जबकि डॉ लोहिया कहते थे कि आज का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण विचार है सम्मानजनक जीवन स्तर के बजाय सतत समृद्धि का।

उनके लिहाज से आधुनिक औजार इतने जटिल हो गए हैं कि लोकतंत्र के सिद्धांत के विरुद्ध हो गए हैं। दो तिहाई दुनिया पर इन्हें जबरदस्ती लादा जा रहा है। इसलिए डॉ लोहिया का कहना था कि अपेक्षाकृत अधिक उत्पादन किया जाए और आवश्यकताएं सीमित रखी जाएं। विभिन्न आयों में अपेक्षाकृत समानता और संपत्ति पर सामाजिक स्वामित्व हो। उनके इन विचारों को सात सूत्रों में देखा जा सकता है। वे अधिकतम प्राप्य समानता, शक्ति का अधिकतम वितरण, सामाजिक स्वामित्व, छोटी मशीन की प्रौद्योगिकी, राष्ट्रीय सीमाओं में बढ़ते रहने के स्थान पर सारी मानव जाति के लिए सम्मानजनक जीवन स्तर, सभी सामूहिक अतिक्रमणों से व्यक्ति की निजता की रक्षा, विश्व सरकार और विश्व संस्कार।

डॉ लोहिया संपूर्ण दक्षता की बात करते हैं और कहते हैं कि आज के युग में मनुष्य इतिहास के उस बिंदु पर आ गया है जहां पर वह उत्थान और पतन के चक्र से मुक्त हो सकता है। यह संपूर्ण दक्षता क्या है उस पर समाजवादी अर्थशास्त्रियों को काम करना चाहिए। मनुष्य ने अगर अट्ठरहवीं और उन्नीसवीं सदी में मुक्त व्यापार के विचार को अपनाया और माना कि अधिकतम दक्षता निजी क्षेत्र में हासिल की जा सकती है तो बीसवीं सदी में सरकारी नियंत्रण और स्वामित्व से चीजों को चलाने की कोशिश की। सदी के बीतते बीतते उसे इसी प्रणाली की सीमाएं स्पष्ट होने लगीं और सरकार द्वारा नियंत्रित अर्थव्यवस्थाएं टूटने लगीं। सोवियत संघ और पूर्वी यूरोप की समाजवादी सरकारें गिरने लगीं और चीन बाजार के रास्ते पर आ गया। अब फिर से बाजार की सीमाएं स्पष्ट होने लगी हैं और बाजार के बजाय सामुदायिक स्वामित्व का सवाल उठने लगा है।

लेकिन यह सब काम तब तक नहीं हो सकता जब तक समाज में विभाजनकारी राजनीति चलेगी। विभाजनकारी राजनीति के विरुद्ध गांधी, जेपी और लोहिया के विचार बेहद प्रासंगिक हैं बशर्ते उन्हें नए रूप में परिभाषित किया जाए। डॉ लोहिया कहते थे कि हमारे पुरखे दूर दूर तक गए और उन्होंने मानव समाज की तमाम सभ्यताओं के साथ ऐक्य कायम किया लेकिन वे साम्राज्यवादी नहीं थे। यही बात प्रसिद्ध मानवशास्त्री लेवी स्ट्रास कहते हैं कि सभी संस्कृतियों का मूल्य समान है। गांधी सभी संस्कृतियों के मूल्य को सत्य से निसृत मानते थे। उसे ही वे प्रेम की संज्ञा देते थे। भारतीय संदर्भों में डॉ लोहिया इसे राम और कृष्ण जैसे प्रतीकों के ऐक्य संबंधी उद्देश्यों से जोड़ते थे। उनका कहना था कि राम हिंदुस्तान की उत्तर दक्षिण एकता के प्रतीक थे तो कृष्ण पूरब पश्चिम की एकता के। उनमें बहुत गुण हैं लेकिन एकीकरण उनका सबसे बड़ा गुण है। उनका ऐक्य का यह दर्शन भारत समेत पूरी दुनिया पर लागू किया जा सकता है और वे उसे करते भी थे। वे अगर विश्व संसद और विश्व सरकार की बात करते थे तो अरब इजराइल विवाद के लिए फिलस्तीन और इजराइल के महासंघ की बात भी करते थे। भारत और पाकिस्तान के झगड़े के निपटारे के लिए भारतीय उपमहाद्वीप के महासंघ की बात करते थे। वे हथियारों से मुक्त अहिंसक विश्व के निर्माण की बात भी करते थे। जो कि इस दौर की सबसे बड़ी चुनौती है।

आज सवाल यह है कि क्या हम समाजवाद के विचारों के सहारे इक्कीसवीं सदी की चुनौतियों का सामना कर सकते हैं, वे विचार जिनमें समता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के मूल्य हैं जिसमें मानव सामीप्य का मूल्य है। यह कहना कठिन है कि सारा देश और सारी दुनिया इन विचारों को इसी रूप में अपना लेगी। लेकिन एक बात तय है कि पूंजीवादी उत्पादन और वितरण पद्धति की सीमाओं को दुनिया फिर पहचान रही है। अगर 1991 का वर्ष सरकार नियंत्रित समाजवाद के संकट का साल था तो 2024-25 का वर्ष बाजार नियंत्रित पूंजीवाद के संकट का साल है। इसलिए यह सोचने का समय है कि क्या गांधी, जयप्रकाश नारायण और लोहिया के विचारों के माध्यम से हम इसका समाधान देख सकते हैं?

**- अरुण कुमार त्रिपाठी**

# बुजुर्ग समाज : सांध्य वेला में

## दुनिया जहान की बातें

कुछ समय पहले एक सुबह मित्र ने वाट्सएप पर एक 'रील' भेजी। उसमें गर्मी की एक सुबह-सवेरे गांव-देहात की कच्ची सड़कों पर बुजुर्ग दादा अपनी पोती को साइकिल पर स्कूल छोड़ने जा रहे थे। पोती साइकिल के पीछे कैरियर पर दादा के ऊपर छाता ताने चिपक कर खड़ी है। देख कर अंदाजा लग जाता है कि बेशक लोग समझें या न समझें, लेकिन बुजुर्गों का साथ अगली पीढ़ियों के लिए किस कदर अनमोल होता है। कहा भी जाता है कि दो ही चीजें इंसान को समझदार बनाती हैं- एक किताबें, जो आप पढ़ते हैं। और दूसरे बुजुर्ग, जिनसे आप मिलते हैं। हर बुजुर्ग अपने पोते-पोतियों और नाती-नातिनों की देखभाल करके, उन्हें प्यार और स्नेह देकर तथा उन्हें अमूल्य जीवन कौशल सिखाते असीम सुख अनुभव करता है। घर-परिवारों में बुजुर्गों के होने भर के कितने ही फायदे हैं, बेशक वे खाली बैठे या लेटे ही क्यों न रहें! बच्चों को उनके हवाले छोड़ कर माता-पिता कहीं भी बेफिक्री से आ-जा सकते हैं, उनके रहते घर से निकलते वक्त ताले लगाने और आकर खोलने का झंझट भी नहीं रहता।

जब बुजुर्ग होते हैं, तो उनकी अहमियत नजरअंदाज हो जाती है। लेकिन उनके बगैर अनेक छोटी-बड़ी दिक्कतों का रोज-रोज सामना करना पड़ता है। एक फिल्म 'अतिथि तुम कब जाओगे' में बखूबी दिखाया गया है कि गांव के एक बुजुर्ग का लंबे समय तक घर में ठहर जाना दंपति को अखरता है, जबकि उन्हें उसके जाने के बाद उसके रहने से होने वाली सहूलियतों का अहसास हो पाता है। किसी ने एक वाकया सुनाया। एक रेलगाड़ी जा रही थी। डिब्बे में एक अकेले बुजुर्ग ही सवार थे। अगले स्टेशन पर रेलगाड़ी रुकी, तो नौ-दस नौजवान लड़के उसमें सवार हो गए। हमउम्र लड़कों की टोली का लड़ना-झगड़ने और शरारतें करने को आदत के तौर पर ही देखा जाता है। एक ने कहा कि 'यारो, मस्ती सूझ रही है, कुछ मजा लिया जाए। मजाक मजाक में ट्रेन की जंजीर खींचते हैं...'! अभी उसने अपनी बात पूरी भी नहीं की थी कि दूसरे ने टोका 'जंजीर खींचते ही ट्रेन रुक जाएगी। टीटी आते ही हमारी शामत आ जाएगी। बेवजह जंजीर खींचने के जुर्म में चालान भरना पड़ेगा। खामख्वाह रुपए चुकाने पड़ेंगे, वरना जेल की हवा खानी पड़ेगी।' तीसरा लड़के ने चेताया और सलाह दी, 'शरारत से पहले देख लो कि हमारी जेबों में रुपए कितने हैं!' सभी अपनी-अपनी जेबें टटोलने लगे। किसी की जेब में सौ निकले, तो किसी के दो सौ रुपए। कुल मिला कर बमुश्किल पंद्रह सौ रुपए हो गए।

बु जुर्ग अपने अनुभव, ज्ञान और मार्गदर्शन से अगली पीढ़ियों को सिखा सकते हैं, परिवारों को मजबूत कर सकते हैं, पारिवारिक विवादों को घर की चारदीवारी में सुलझाने का दम रखते हैं। बुजुर्ग परिवार के सदस्यों को एक साथ लाते हैं, एकता-स?द्भाव बनाते हैं, सामाजिक मूल्यों को उभारने और मजबूत करने में मदद करते हैं।

चुपचाप बैठा बुजुर्ग लड़कों की बातें गौर से सुन रहा था। इतने में, उसमें से एक लड़के के मन में तरकीब सूझी। वह बोला, 'हम जंजीर भी खीचेंगे, मजा भी आएगा और नाम इस बूढ़े का लगा देंगे। इससे हमारे पैसे भी बच जाएंगे।' खैर, लड़कों ने जंजीर खींच दी! ब्रेक लगने की आवाज के साथ ट्रेन के पहिए ठहर गए। दो-चार मिनट में टीटी आ गया। पूछने लगा, 'भैया, जंजीर किसने खींची है?' लड़के बूढ़े की ओर इशारा करते हुए बोले, 'जी, उन्होंने..!' टीटी ने बुजुर्ग की ओर रुख किया और पूछा, 'आपने खींची है?' बुजुर्ग के पास बचने का कोई चारा तो था नहीं, तो उसने बड़ी समझदारी से अपनी गलती कबूल करते-करते माना, 'हां, जंजीर मैंने ही खींची है! मैं और करता भी क्या ? मेरे पास पंद्रह सौ रुपए थे, तो इन लड़कों ने जोर-जबरदस्ती से छीन लिए। मैं जंजीर न खींचता, तो क्या करता। मेरे रुपए दिला दीजिए, आपकी बड़ी मेहरबानी होगी।' टीटी ने रेल पुलिस को फोन करके बुला लिया। लड़कों की जेबों की तलाशी ली गई, तो पूरे पंद्रह सौ रुपए निकले। पुलिस ने रुपए बुजुर्ग को दिए और लड़कों को पकड़ कर ले चली। बुजुर्ग धीमे स्वरों में कहने लगा, 'मैंने यों ही बाल सफेद नहीं किए।'

इस उद्धरण को बुजुर्गों के समय के हिसाब से विवेक के आधार पर परिस्थितियों का सामना करने के संदर्भ में समझा जा सकता है। युवाओं के बीच कई बार सामाजिक व्यवहार के मामले में जिस तरह की अपरिपक्वता देखी जाती है, उसमें इसे एक सीख देने वाले अध्याय के तौर पर देख सकते हैं।

सच यह है कि बुजुर्ग अपने अनुभवों से युवा पीढ़ी को सही और गलत का अंतर समझा सकते हैं और कठिन परिस्थितियों से निपटने के तरीके बता सकते हैं। ढलती उम्र में फल न भी दे पाएं, तो उनकी छांव भी बड़ी आरामदायक होती है। इसलिए हमेशा परिवार के बुजुर्गों की सेवा करने को ईश्वर तुल्य पूजा माना जाता है। यह तय है कि बुजुर्ग अपने अनुभव, ज्ञान और मार्गदर्शन से अगली पीढ़ियों को सिखा सकते हैं, परिवारों को मजबूत कर सकते हैं, पारिवारिक विवादों को घर की चारदीवारी में सुलझाने का दम रखते हैं।

बुजुर्ग परिवार के सदस्यों को एक साथ लाते हैं, एकता-सद्भाव बनाते हैं, सामाजिक मूल्यों को उभारने और मजबूत करने में मदद करते हैं। परिवार के रीति-रिवाजों को अगली पीढ़ी तक पहुंचाते हैं। अपनी मातृभाषा घर में बोलते हैं, जिससे अगली पीढ़ियां उनके साथ से ही काफी सीख जाती हैं। अपनी बातों में कहावतों को मिला कर, बच्चों के दिल-दिमाग में ऐसे घोल देते हैं कि वे ताउम्र भूल नहीं पाते। सच यह है कि हर बुजुर्ग समाज के लिए अमूल्य है। फिल्मी तर्ज पर इसे यों कह सकते हैं- 'धूप हो, छाया हो.. दिन हो कि रात रहे, बुजुर्गों का साथ रहे..।'

**-अमिताभ**

# चुनाव के पहले ही नीतीश ने खर्च कर दिया 66 प्रतिशत बजट!

बिहारी पलायन पर तो बहुत हो-हल्ला मचता है, लेकिन बिहारियों के जमा पैसों के पलायन पर कोई बात नहीं करता। बिहार आर्थिक सर्वे 2024 25 के अनुसार बिहार का क्रेडिट-डिपॉजिट (सीडी) अनुपात सिर्फ 47.6प्रतिशत है, जो पूरे देश में सबसे कम है। इसका मतलब यह है कि बिहार के बैंकों में जितना पैसा जमा होता है, उसका बहुत छोटा हिस्सा ही बिहार में ऋण के रूप में वापस आता है। बाकी पैसा दूसरे राज्यों में निवेश या उधार के रूप में चला जाता है और वहीं की अर्थव्यवस्था को मजबूत करता है। बिहार में अंतरराज्यीय पलायन पूरे भारत की तुलना में पाँच गुना ज्यादा है, यानी यहाँ बुनियादी रोजगार के मौके भी नहीं हैं। लेकिन क्या इसका कारण सिर्फ लालू यादव का राज है? नहीं, बिल्कुल नहीं। आजादी के शुरुआती सालों में बिहार देश का एक प्रमुख औद्योगिक और कृषि राज्य था। यह देश के कुल चीनी उत्पादन में 30प्रतिशत से ज्यादा योगदान देता था। चावल और गेहूं का भी शीर्ष उत्पादक था। सब्जी उत्पादन में इसका योगदान लगभग 29-30प्रतिशत तक था। बिहार की जमीन देश की सबसे उपजाऊ जमीनों में से एक है, पंजाब की मिट्टी से



तीन गुना ज्यादा उपजाऊ। पानी भी यहाँ प्रचुर मात्रा में है। दक्षिण बिहार (जो अब झारखंड है) खनिज संपदा से भरपूर था और वहाँ कई औद्योगिक शहर थे, लेकिन राज्य विभाजन के बाद वे सब झारखंड के हिस्से में चले गए।

पर जो बात आम तौर पर चर्चा में नहीं आती, वह यह है कि पंचवर्षीय योजनाओं के ज़रिए जो केंद्रीकृत आर्थिक योजना बनाई गई थी (1951-2017), उसका उद्देश्य था, सभी राज्यों का संतुलित विकास, गरीबी मिटाना और क्षेत्रीय असमानता कम करना। लेकिन इन योजनाओं में बिहार जैसे पिछड़े राज्य के साथ लगातार भेदभाव होता रहा। यह भेदभाव मुख्य रूप से संसाधनों के वितरण, औद्योगिक निवेश और विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में नज़र आया। उदाहरण के लिए, 1969 की चौथी योजना में गाडगिल फॉर्मूला के तहत राज्यों के बीच वित्तीय अंतर घटाने का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन बिहार को उसका उचित हिस्सा नहीं मिला, जिससे सड़क, बिजली जैसे बुनियादी ढांचे में पिछड़ापन बढ़ा। इसी तरह 1980 के दशक में बिहार के लिए 4 बिलियन डॉलर का निवेश प्रस्तावित था, लेकिन 1987 तक यह घटकर सिर्फ 12 डॉलर प्रति व्यक्ति रह गया। यह राष्ट्रीय औसत से बहुत कम था, जिसके कारण राज्य की कृषि और आधारभूत ढांचे में निवेश प्रभावित हुआ। योजना आयोग ने खुद चौथी पंचवर्षीय योजना (1969-74) में माना था कि विकास का लाभ मुख्य रूप से महाराष्ट्र और गुजरात जैसे विकसित राज्यों को मिला, जबकि बिहार जैसे राज्य क्षेत्रीय असंतुलन से जूझते रहे। तीसरी और चौथी योजनाएँ, यानी हरित क्रांति के दौर की योजनाएँ, पंजाब और हरियाणा पर केंद्रित रहीं, जबकि बिहार की बाढ़ प्रभावित कृषि को पर्याप्त सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण परियोजनाएँ नहीं मिलीं। नतीजतन, बिहार की कृषि निर्भरता 54.2प्रतिशत रही, जो राष्ट्रीय औसत से काफी ज्यादा थी। आज भी, चुनावी मौसम में रेवड़ियों की बारिश के बीच सच्चाई यह है कि बिहार सरकार को केंद्र से मिलने वाली कई रकम बकाया हैं, चाहे वो केंद्रीय योजनाएँ हों, कर वितरण हो, या ऋत्रऋण चुकौती। अक्टूबर 2025 तक केंद्र सरकार पर बिहार का कुल बकाया लगभग 2.5-3 लाख करोड़ अनुमानित है। 2025-26 बजट में केंद्र ने स्न्नहृक्रश्चत्त के लिए 86,000 करोड़ तो आवंटित किए हैं, लेकिन पुराने बकाये अब भी नहीं दिए गए। ये बकाये राज्य के विकास को प्रभावित करते हैं। इसलिए जून 2024 की पूर्व-बजट बैठक में बिहार सरकार ने केंद्र से अतिरिक्त सहायता की मांग की थी। और हाँ, नीतीश कुमार की लगातार मांग के बावजूद बिहार को अब तक विशेष राज्य का दर्जा नहीं मिला है। दूसरी ओर, चुनाव से ठीक पहले नीतीश सरकार ने महिलाओं, युवाओं और किसानों पर जो मेहरबानी की है, उसके लिए लगभग 40,000 करोड़ रुपये पहले ही खर्च कर दिए गए हैं, जो राज्य के कुल बजट का लगभग 66 प्रतिशत हिस्सा है।

**- मनोरमा सिंह**

# इंदौर बाजार भाव

**इंदौर एजेंसी।** लेवाली निकलने से सोमवार को अनाज मंडी में मसूर बाजार तेजी के रहे। चना सुस्ती पर रहा। खाद्य तेलों में मजबूती के साथ टिकाव रहा। तिलहनों में सोयाबीन बना रहा। किराना जिंसों में ग्राहकी भरपूर रही। व्यापारिक सूत्रों के अनुसार लेवाली से भावों में तेजी आयी। मसूर बाजार सुधरकर 6000-6050 रू. प्रति क्विंटल पर आ गये। चना 5900 रू. प्रति क्विंटल पर सुस्त रहा। खाद्य तेलों में मजबूती के देखे गये। तिलहनों में सोयाबीन बना रहा। किराना जिंसों में ग्राहकी बढ़िया रही। भाव इस प्रकार रहे-

**किराना-** शक्कर 4260-4310, खोपरा गोला 325-380, खोपरा बूरा 4000-6100 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 235-240, ऊंझा हल्का 245-255, मीडियम 245-255, बेस्ट 265-285, हल्दी निजामाबाद 170-210, सांगली 265-270, साबूदाना हल्का 4800-4900, मीडियम 5000-5100, बेस्ट 5100-5200, सच्चा मोती 5300, मोरधन 7200-8200, सौंफ मोटी 110-250, एस्ट्रा बेस्ट 300-400, सौंफ बारिक 280-400, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 770-775, गरबल 720-725, मटरदाना 795-810, खसखस अनक्लीन 900-1200, क्लीन 1300-1500, दालचीनी 250-265, जायफल 725-750, बेस्ट 780-790, वाद्यान फूल 440-495, शाहजीरा 385, तेजपान 90-95, पत्थर फूल 340-425, बेस्ट 475-500, जावत्री 1675-1750, बेस्ट 1850-1890, केसर 175-185, सौंठ 375-400, धोली मूसली 2175-2250, लौंग 725-780, हींग (वनदेवी 751) 2600, पाउच 2650, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 100-135, सिंदूर 6600, देशी कपूर 720-770, पूजा बादाम 115-200, पूजा सुपारी 450-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची शंकर 3250-3300, विरूद्ध नगर 3150-3200, मीडियम 3350-3400, एक्ट्रा बोल्ड 3400-3500, पानबार 2700, बड़ी इलायची 1550-1750, बेस्ट1800-1900, तरबूज मगज 665-690, काजू (240) 950-980, काजू (320) 870-890, काजू एस. डब्ल्यू 840-845, काजू एस.एस. डब्ल्यू 820-825, टुकड़ी 790-870, बादाम मगज 845-870, अमेरिकन 750-780, सिंगापुरी 795-815, अखरोट 510-800, जर्दालु 250-350, बेस्ट 450-600, किशमिश कंधारी 420-470, बेस्ट 550-650, इंडियन 140-150, बेस्ट 170-190, चारौली 1550-1650, बेस्ट 1700, मुनक्का 450-550, बेस्ट 650-900, अंजीर 750-1450, मखाना 1100-1625, खारक 115-135, मीडियम 140-180, बेस्ट 225-250, एक्ट्रा बेस्ट 300-310, पिस्ता 1400-1600, कंधारी 1750-1900, गेहूँ आटा 1820, मैदा कट्टा 1850, रवा कट्टा 1880, बेसन 4675 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 3350-3400, (160) 3800-3900, (200) 4800-4850, (250) 4900-5000

तेल- सींगदाना 1350-1370, मुम्बई 1380-1390, राजकोट तेलिया 2170-2180, सोया साल्वेंट 1190-1200, सोया रिफाइंड 1260-1270, कपास्या 1275-1280, धूलिया 1280, कड़ी 1285,

**रात की धारणा-** गुजरात लुज 1350-1355, मुम्बई पाम 1290, मुम्बई सोया 1290,

**खली-** कपस्या खली (60 कि.ग्रा.) इन्दौर 2400, देवास-उज्जैन 2400, खंडवा-बुरहानपुर 2375, अकोला 3800 (प्रति क्विटल)

**तिलहन-** सरसो 6900-7100, रायडा 6200-6300, सोयाबीन 4200-4300, नया सोयाबीन 3700-4000, टोली (महुआ बीज) 4400-4600, करंज 4400-4500, अलसी 6800-7000, अरंडी 4500-4700, तिल्ली पुरानी 6500-7000, तिल्ली नई 7200-7500,

**दलहन-** चना कांटेवाला बेस्ट 5900-5950, एवरेज 5750-5800, विशाल 5450-5550, काबूली डॉलर 8500-9000, काबुली रशियन 5600-5800, बिटकी 5300-5400, मसूर बेस्ट 6000-6050, एवरेज 5800-5900, मूंग देशी 7800-7900, पाला 7900-8000, चमकी 8000-8100, नायलोन 8000-8100, तुअर निमाड़ी बेस्ट 6600-6700, एवरेज 6400-6500, हल्की 6200-6300, तुअर महाराष्ट्र 6600-6700, महाराष्ट्र लाल 6600-6900, उड़द बेस्ट 7600-7700, एवरेज 7400-7500, शंकर 7200-7300, हल्की 7000-7100,

**दाल-** चना दाल एवरेज 7200-7400, मीडियम 7400-7500, बोल्ड 7700-7900, तुअर दाल सवा नं. 7300-7400, तुअर दाल फूल 9000-9100, तुअर दाल बोल्ड 9900-10100, मसूर दाल एवरेज 7700-7800, बेस्ट 7900-8100, मूंग दाल 9100-9200, बोल्ड 9500-9700, मूंग मोगर 9300-9400, बोल्ड 9700-9800, उड़द दाल 8500-8600, बोल्ड 8700-8900, मोगर 9800-10000, बोल्ड 10100-10200,

**अनाज-** गेहूं मिल क्वालिटी 2625-2650, लोकवन 2800-2850, (147) 2600-2650, बेस्ट 2650-2800, मालवराज 2650-2675, पूर्णा 2750-2800, चन्द्रोसी 3000-3800, ज्वार देशी 2400-2550, मक्का पीली 2275-2300,

**चावल-** चावल हंसा सफेद 3000-3200, सेला 3600-3800, परमल 3500-3800, दुबराज 4500-5500, राजभोग 7000-7200, काली मुंछ 8500-8900, बासमती दुबार 9500-10000, मीनी दुबार 8000-8500, मोगरा 4500-6000, तिबार 10500-11500, बासमती (921) 12000-13000, बासमती सेला 7500-9500, पोहा 4800-5300,

**मावा-** इन्दौर 380, उज्जैन 280, रतलाम 34.0 रू. प्रति किलो।

# इंदौर सर्राफा बाज़ार

**इन्दौर एजेंसी।** सोमवार को स्थानीय सराफा बाजार में कामकाज अच्छा रहा। दोनों ही कीमती धातुओं में बाजार तेजी के रहे। भाव इस प्रकार रहे-

चॉंदी (9999) 172000, चॉंदी (99) 171600, टंच 171000, सिक्का 1800, सोना 10 ग्राम 127800,

# रुपया बढ़त के साथ बंद हुआ

**मुंबई एजेंसी।** भारतीय रुपया सोमवार को चार पैसे की बढ़त के साथ ही 88.68 पर बंद हुआ। इससे पहले आज सुबह अमेरिकी मुद्रा में व्यापक मजबूती से रुपया शुरुआती कारोबार में सीमित दायरे में कारोबार करता हुआ पांच पैसे टूटकर 88.77 प्रति डॉलर पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि रुपया अपने सर्वकालिक निम्न स्तर के आसपास घूम रहा है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 88.75 प्रति डॉलर पर खुला। फिर डॉलर के मुकाबले 88.77 से नीचे आया जो पिछले बंद भाव से पांच पैसे की गिरावट दिखाता है। रुपया शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले 88.72 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.04 फीसदी की गिरावट के साथ 98.93 पर आ गया।

# आज का राशिफल

**मेष-** आज आपके मन में काम को लेकर कुछ नए-नए आइडिया आएंगे। बिजनेस में काम को लेकर यदि आपने किसी काम को लेकर पार्टनरशिप की, तो पार्टनर आपके लिए कोई नई समस्या खड़ी कर सकते हैं। आपको लोगों की पूरी जांच पड़ताल करके ही आगे बढ़ाना बेहतर रहेगा। आप अपनी शारीरिक समस्याओं को नजरअंदाज न करें। जीवनसाथी को किसी नई नौकरी की प्राप्ति होने से आपका मन काफी खुश रहेगा।

**वृषभ-** आज का दिन आपके लिए कुछ विशेष कर दिखाने के लिए रहेगा। आपके मौज-मस्ती की आदत आपको समस्या देगी। आपका कोई पुराना लेनदेन आपको समस्या दे सकता है। यदि आपने किसी से किए हुए वादे को लेकर लापरवाही दिखायी, तो वह आपको टेंशन देंगी। वाहन की अक्समात खराबी के कारण भी आपका खर्चा बढ़ सकता है। आप अपने कामों में कोई बदलाव सोच समझकर करें।

**मिथुन-** आज आप अपने कामों को लेकर धैर्य और संयम बनाए रखने की कोशिश करें। आप किसी कानूनी मामले को लेकर थोड़ा परेशान रहेंगे, जिसके लिए आपको कुछ अनुभवी व्यक्तियों से भी बातचीत करने की आवश्यकता है। आज दिखावे के चक्कर में ना पड़ें, क्योंकि आप अपने स्टेटस को मेंटेन करने में अच्छा खासा धन खर्चा करेंगे और सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

**कर्क-** आपको अपने खर्चों को लेकर योजना बनाकर चलना होगा। प्रेम जीवन जी रहे लोगों की अपने प्यार से मुलाकात होगी। आपको अपने मन में किसी के प्रति ईर्ष्या की भावना ना रखें। बॉस आपके प्रमोशन की बात आगे कर सकते हैं। आपको परिवार में किसी सदस्य से कोई बात सोच समझकर करना होगा। आपकी सेहत में उतार-चढ़ाव रहने से आप अपने कामों को कल पर टालने की कोशिश करेंगे, जो बाद में आपके लिए टेंशन बन सकते हैं।

**सिंह-** आज का दिन आपके लिए सेहत में उतार-चढ़ाव लेकर आएगा। आपकी अपने पिताजी से किसी बात को लेकर बहसबाजी हो सकती है। आप अपने घर के कामों में कोई बदलाव न करें और जिम्मेदारियां को लेकर आप कोई लापरवाही बिल्कुल ना दिखाएं। कार्यक्षेत्र में कोई आपको बहलाने-फुसलाने की कोशिश कर सकता है, जिससे आपके काम आसानी से पूरे होंगे। आप धार्मिक कार्यक्रम में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे।

**कन्या-** आज का दिन आपके लिए आय पर विशेष ध्यान देने के लिए रहेगा। आपको अपनी संतान की संगति पर विशेष ध्यान देना होगा। एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्याकाग्रता बढ़ सकती है। पारिवारिक मामलों को भी आप मिल बैठकर निपटाएं। आप अपने किसी काम को लेकर किसी दूसरे पर डिपेंड न रहें, नहीं तो उसे पूरा करने में समस्या अवश्य आएगी। आपकी बिजनेस को लेकर योजनाएं फलीभूत होंगी।

**तुला-** आज का दिन आपके लिए किसी नए घर आदि की खरीददारी के लिए रहेगा। आप यदि किसी मित्र से धन उधार लेंगे, तो वह भी आपको आसानी से मिल जाएगा और आपको अपने परिवार में किसी सदस्य की कोई बात बुरी लगने से आपका मन परेशान रहेगा। आप अपने किसी विरोधी की बातों में ना आएं। भाई-बहनों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक-** आज का दिन आपके लिए उन्नति की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। विद्यार्थी पढ़ाई लिखाई में जुटेंगे। आपकी कुछ नए लोगों से मुलाकात होगी और आपको किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर करने से बचाना है। बिजनेस को लेकर आप पार्टनरशिप को बहुत ही देखभाल करे। आपको घूमने-फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

**धनु-** आज का दिन आपके लिए सोच समझकर कोई काम करने के लिए रहेगा। आपको कार्यक्षेत्र में कोई बहलाने फुसलाने की कोशिश कर सकता है। भगवान की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। आप अपने कामों से एक नयी पहचान बनाएंगे। आपको काम को लेकर भागदौड़ भी अधिक रहेगी, लेकिन फिर भी आप अपने परिवार के सदस्यों के लिए समय निकालेंगे। माताजी से आप अपने मन की इच्छा को लेकर बातचीत कर सकते हैं।

**मकर-** आज का दिन आपके लिए मौज मस्ती भरा रहने वाला है। आपके चारों ओर का माहौल खुशनुमा रहेगा और आप छोटे बच्चों को लेकर कहीं घूमने फिरने भी जा सकते हैं। आपका प्रमोशन आदि मिलने से आप काफी खुश होंगे और माताजी से आप अपनी चल रही अनबन को भी दूर करने की पूरी कोशिश करेंगे। आपको वाहनों का प्रयोग थोड़ा सावधान रहकर करना होगा। आप लोगों से काम से काम मतलब रखें, तो आपके लिए बेहतर रहने वाला है।

**कुंभ-** आज का दिन आपके लिए समस्याओं से भरा रहने वाला है। आपको किसी नए काम को करना बेहतर रहेगा। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। विद्यार्थियों को पढ़ाई लिखाई में पूरी मेहनत से जुटना होगा। आप किसी दूसरे के मामले में बेवजह ना बोले। जीवनसाथी से यदि किसी बात को लेकर अनबन चल रही थी, तो उसे भी आप बातचीत के जरिए दूर करने की कोशिश करेंगे।

**मीन-** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपका रुका हुआ धन मिलने से आपके काम भी आसानी से पूरे होगे। प्रॉपर्टी डीलिंग का काम कर रहे लोगों को थोड़ा सावधान रहना होगा। आपके आसपास का वातावरण खुशनुमा रहेगा। जो लोग किसी को पसंद करते हैं, अपने साथी से प्रेम का इजहार कर सकते है। आपको कार्यक्षेत्र में किसी राजनीति का हिस्सा बनने से बचना होगा।

## शब्दजाल - 8049

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | श | मु | रा | ज | त | हो | प | न | प | क्त |
| ज | क्रि | ब | ना | द | म | जा | जि | स्म | र | ह |
| न | के | र | हे | नि | ऐ | ना | न | व | टि | म |
| बी | ट | सा | न | शा | वा | त | क | ले | ज | को |
| चो | दा | त | प | ने | तो | हो | बा | गो | ब | दि |
| ब | र | त | अ | ग | स | ए | व | र | वॉ | वा |
| द | प | म | न | प | व | ह | अ | गो | प्ला | ना |
| क | र | क | चा | क | ह | भा | र | चो | आ | क |
| र | व | त | म | ए | भी | र | क | अ | न | र |
| फु | ट | पा | त | र | शो | ता | ण | र | ह | ग |
| मुं | ब | र्ल | न | आ | प | र | क | प | स्त | ये |

शब्दजाल में बिपाशा बसु की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. शब्द ऊपर से नीचे, दाएं से बाएं एंव तिरछे हो सकते हैं

राज, अजनबी, ऐतबार, जिस्म, फुटपात, अपहरण, हम को दिवाना कर गये, बरसात, चोर मचाए शोर, रक्त.

### शब्दजाल - 8048 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | दि | न | ल | बे | म | ज | वि | न | र | क |
| ना | य | क | को | ट | वा | जी | रा | इ | रा | ल |
| आ | बे | दे | पू | ह | जी | स्म | स | का | म | दि |
| पु | ची | व | श | ट | ज | प | त | पा | ल | र |
| का | त | ई | फा | में | व | खें | जा | भा | ख | ते |
| र | मे | म | दे | ला | बे | व | न | ई | न | जा |
| ट | जं | न्स | मे | बु | क | ता | या | न | है | ब |
| च | म | न | ए | स | ल | प | र | ली | म | ए |
| ले | बो | र्न | य | त | चि | दी | री | ता | न | क्स |
| त | रा | जु | न | ज | बा | त्र | व | ल | म | प्रे |
| बे | बी | लो | नि | या | ल | र | न | रा | त | स |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली- 6993

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 | ■ |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | | 8 |
| 9 | 10 | | ■ | 11 | 12 | | ■ | 13 | |
| ■ | | ■ | 14 | ■ | 15 | | 16 | ■ | |
| 17 | | | | | | ■ | 18 | | |
| | ■ | ■ | | ■ | ■ | 19 | | ■ | ■ |
| 20 | 21 | | ■ | 22 | | | ■ | 23 | ■ |
| 24 | | ■ | ■ | | | 25 | | | |
| | ■ | 26 | | | | ■ | | | ■ |
| ■ | 27 | | ■ | | ■ | 28 | | | |

**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, संजीवकुमार, सचिन, हेमा, राखी, पूनम ढिल्लों की फिल्म-३
३. 'दिल मेरा कहता है' गीत वाली सुनील, हरीश, सोनाली की फिल्म-३
६. तुषार कपूर, अंतरा माली की फिल्म-३
७. 'नीले गगन के तले' गीत वाली सुनील दत्त, मुमताज की फिल्म-४
९. 'जुबलीकुमार' राजेंद्रकुमार की पहली फिल्म जिसकी नायिका गीता बाली थी-३
११. अशोककुमार, नादिरा की 'काहे जादू किया मुझको' गीत वाली फिल्म-३
१३. सुपर हिट फिल्म 'शोले' में धर्मेन्द्र के किरदार का नाम क्या था-२
१५. कुमार गौरव, शरनाज की 'जिंदगी कब तुम को' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'आजा आजा मैं हूँ प्यार' गीत वाली शम्मीकपूर, आशा की फिल्म-३,३
१८. सतीश कौल, सरिता की बी. आर. इशारा निर्देशित १९७४ की एक फिल्म-३
१९. 'चोरी चोरी कोई आए' गीत वाली फारूख शेख, पूनम का फिल्म-२
२०. गोविंदा, रवीना की 'तेरे प्यार ने ये क्या कर दिया' गीत वाली फिल्म-३
२२. 'दुनिया में कितना' गीत वाली राजेश खन्ना, स्मिता पाटिल की फिल्म-३
२४. मनोज बाजपेयी, उर्मिला की जोड़ी वाली रामगोपाल वर्मा की एक फिल्म-२
२५. 'आधा है चंद्रमा रात आधी' गीत वाली महीपाल, संध्या की फिल्म-४
२६. विनोद मेहरा, मौसमी की 'तेरे नैनों के मैं दीप' गीत वाली फिल्म-४
२७. 'हम' में नायिका किमी काटकर के किरदार का नाम क्या था-२
२८. बलराज साहनी, लीला की 'हाये रे वो दिन क्यूं ना' गीत वाली फिल्म-४

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'तिरछी टोपी वाले' गीत वाली फिल्म-३
२. आमिर खान, ग्रेसी सिंह की फिल्म-३
३. 'एहसान मेरे दिल पे तुम्हारा है' गीत वाली सुनीलदत्त, साधना की फिल्म-३
४. गीफा अवार्ड्स में किस को फिल्म 'रंग दे बसंती' के लिये सर्वश्रेष्ठ संगीतकार का पुरस्कार मिला था-४
५. ओमपुरी, शबाना आजमी, माधुरी की सुधीर मिश्रा निर्देशित फिल्म-३
८. बी. आर. इशारा निर्देशित विजय अरोड़ा, रीना राय की १९९२ की एक फिल्म-४
१०. जिमी, उदय चोपड़ा, इरफान, नम्रता की 'राहें लहरा के हम से' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'रंग और नूर की बारात किसे' गीत वाली सुनीलदत्त, मीना की फिल्म-३
१४. मिथुन, सारिका की 'साथी है हम जनमों के' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'दिल लूटने वाले जादूगर' गीत वाली रंजन, चित्रा जयश्री की फिल्म-३
१७. मिथुन, चंकी, ऋतुपर्णा, सोमी की 'जब मैंने तेरा' गीत वाली फिल्म-३,२
१९. फिल्म 'बंदिवी' की नायिका कौन थी-३
२१. अजय देवगन, ट्विंकल खन्ना की 'बेईमान पिया रे' गीत वाली फिल्म-२
२२. फिरोज खान, मुमताज की फिल्म-४
२३. विनोद खन्ना, आमिर, सैफ, अश्विनी भावे, रवीना, नीलम की 'हम बंजारे दिल नहीं देते' गीत वाली फिल्म-४
२६. जितेन निर्देशित मिथुन चक्रवर्ती, राखी, नीता मेहता की १९८६ की एक फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 6992

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | र | दे | स | ■ | शा | ली | मा | र | ■ |
| हे | ■ | व | र | दा | न | ■ | सु | ■ | ही |
| ली | ड | र | ■ | न | ■ | ओ | म | का | श |
| ■ | र | ■ | शि | व | श | म | ■ | पों | ■ |
| जु | ■ | दा | वा | ■ | ज | ■ | फ | रे | ब |
| बै | श | ग | ■ | चा | ह | त | ■ | ट | ■ |
| दा | ■ | ■ | शि | ■ | ठ | ■ | दा | ■ | अ |
| ■ | स | त्य | का | म | ■ | श | मा | ■ | न |
| दौ | ड़ | ■ | र | जा | मु | श | द | ■ | क |
| ■ | क | र्ज | ■ | ल | ■ | बी | ■ | जू | ही |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

14 अक्टूबर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कन्या में | तुला | 06.15 बजे से |
| चंद्र | मिथुन में | वृश्चिक | 08.29 ब.से |
| मंगल | तुला में | धनु | 10.45 बजे से |
| बुध | तुला में | मकर | 12.50 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कुंभ | 14.37 बजे से |
| शुक्र | कन्या में | मीन | 16.10 बजे से |
| शनि | मीन में | मेष | 17.40 बजे से |
| राहु | कुंभ में | वृष | 19.20 बजे से |
| केतु | सिंह में | मिथुन | 21.18 बजे से |
| राहुकाल | | कर्क | 23.32 बजे से |
| 3.00 से 4.30 | | सिंह | 01.48 बजे से |
| बजे तक | | कन्या | 04.00 बजे से |

**मंगलवार** 2025 वर्ष का 287 वा दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** कार्तिक (दक्षिण भारत में आश्विन) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** अष्टमी 11.10 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** पुनर्वसु 11.55 बजे को समाप्त। **योग** सिद्ध 04.11 बजे प्रात: को समाप्त। **करण** कौलव 11.10 बजे तदनन्तर तैतिल 22.47 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 22.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 08° 09' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872497 **जूलियन दिन** 2460962.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** रबी उस्सानी **तारीख** 21

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगत: सेवा का संदेश

यह घटना उस समय की है जब स्वामी शिवानंद सरस्वती जी महाराज मलाया में रहकर चिकित्सा कार्य करते थे। उन दिनों अंग्रेजों के रबर के बगीचों में अनेक भारतीय भी काम करते थे। अधिकतर भारतीय निर्धन थे। स्वामी जी एक बगीचे के पास स्थित अपने क्लीनिक में रोगियों की चिकित्सा करते थे। एक दिन एक बहुत ही गरीब श्रमिक अपनी पत्नी को साथ लेकर उनके पास पहुंचा। उसकी पत्नी गंभीर रूप से बीमार थी और बुरी तरह कराह रही थी। यह देखकर स्वामी जी द्रवित हो उठे और तुरंत उसके इलाज में लग गए। जब श्रमिक ने देखा कि स्वामी जी बिना कुछ कहे उसकी पत्नी का इलाज कर रहे हैं तो वह रोता हुआ बोला, 'स्वामी जी, मेरे पास इस समय आपको देने के लिए एक रुपया तक नहीं है। मैंने तो यह भी नहीं पूछा कि आप मेरी पत्नी के इलाज की कितनी फीस लेंगे। इलाज करने के बाद यदि मैं आपकी फीस न चुका पाया तो क्या होगा? कृपया आप मुझे अपनी फीस बताइए ताकि मैं उसका इंतजाम कर सकूं।' श्रमिक की बात सुनकर स्वामी जी बोले, 'परेशान होने की जरूरत नहीं है। पहले मुझे इसकी जांच तो कर लेने दो। वह ठीक हो जाए फिर फीस भी आ ही जाएगी।' स्वामी जी ने श्रमिक की पत्नी की बीमारी का पता लगाकर उसके लिए जड़ी-बूटियां बनाईं और उसे पिलाईं। कुछ देर बाद वह श्रमिक को अनेक दवाइयां और उसके साथ ही कुछ रुपये देते हुए बोले, 'इस समय तुम्हारी पत्नी को इन दवाइयों के साथ ही पौष्टिक भोजन व फल की भी सख्त जरूरत है। तुम इन दवाइयों के साथ इसे फल, दूध व अन्य पौष्टिक आहार देते रहना। कुछ ही दिनों में यह स्वस्थ हो जाएगी। जब कभी तुम्हारे पास रुपये आ जाएं तो किसी रोगी व जरूरतमंद की मदद कर देना। समझ लेना मुझे मेरी फीस मिल गई।' यह सुनकर श्रमिक स्वामी जी के प्रति नतमस्तक हो गया।

## सूडोकु नवताल- 7302

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | | | 5 | | |
| | 1 | | | 8 | | | | 9 |
| 7 | | | | | 4 | | | |
| | | | 9 | | | 1 | | |
| | 3 | | | | | | 6 | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | | | 3 | | | | | 8 |
| 5 | | | | 6 | | | 2 | |
| | | 4 | | | | | | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- ■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- ■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- ■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- ■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7301 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 1 | 4 | 9 | 7 |
| 9 | 4 | 5 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 1 |
| 1 | 7 | 8 | 2 | 9 | 4 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 9 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 8 |
| 5 | 6 | 2 | 1 | 4 | 8 | 3 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 6 | 2 |
| 4 | 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 9 | 3 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 4 |

## शब्द पहेली - 8517

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | | 6 |
| | ■ | 7 | | 8 | | | ■ | |
| 9 | 10 | ■ | ■ | | ■ | ■ | 11 | |
| 12 | | ■ | 13 | | 14 | ■ | 15 | |
| ■ | 16 | | | ■ | 17 | | | ■ |
| 18 | | ■ | 19 | 20 | | ■ | 21 | 22 |
| 23 | | ■ | ■ | | ■ | ■ | 24 | |
| | ■ | 25 | 26 | | 27 | 28 | ■ | |
| 29 | | | | ■ | 30 | | | |

**बाएँ से दाएँ**

1. घूमना-फिरना-4
4. पक्षियों का शोर-4
7. धोखाधड़ी, मक्कारी-5
9. भस्म, खाक -2
11. आज्ञापालक, कर्मचारी-2
12. मगन, लीन-2
13. नेत्रावरण-3
15. त्याग, दक्षिणा-2
16. जीभ, जिव्हा-3
17. मक्खन-3
18. पेड़ का मध्य व मोट भाग-2
19. गर्भ-3
21. निवास, रहना-2
23. भाग्य (अंग्रेजी-2)
24. पानी, नीर-2
25. इच्छा पूर्ति करना-5
29. एक मुस्लिम महीना-4
30. भाग्य, नसीब-4

**ऊपर से नीचे**

1. अनबन, झगड़ा-4
2. भालू-2
3. परिणाम-2
4. प्याला-2
5. बालों का गुच्छा-2
6. वर, इच्छापूर्ति-4
8. नीरज, जलज-3
10. भयानक-5
11. दयालु-5
13. आश्रय, शरण-3
14. करिश्मा, करतब-3
18. तहखाना-4
20. मगरमच्छ-3
22. शलवार, पायजामा-4
25. आनंद-2
26. झुका हुआ-2
27. पत्र, चिट्ठी-2
28. नासिका, घ्राणेंद्रिय-2

### शब्द पहेली -8516 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ल | बा | दा | ■ | स | ल | वा | र |
| प | ■ | ■ | न | सी | ब | ■ | ■ | त |
| ल | ■ | र | बी | ■ | क | ल | ■ | ज |
| क | म | त | र | ता | ■ | त | म | गा |
| ■ | द | ■ | ता | ■ | रा | ■ | ग | ■ |
| म | न | का | ■ | मो | ह | त | र | मा |
| र | ■ | ला | र | ■ | दे | र | ■ | म |
| ह | ■ | ■ | प | र | ख | ■ | ■ | ला |
| म | र | घ | ट | ■ | ना | पा | क | ■ |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# शेयर बाजार हल्की गिरावट के साथ बंद

**मुंबई एजेंसी।** भारतीय शेयर बाजार सोमवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स करीब 173.77 अंक टूटकर 82,327.05 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 58 अंक फिसलकर 25,227.35 पर बंद हुआ। आईटी और एफएमसीजी स्टॉक्स में गिरावट से बाजार नीचे आया है। आज अधिकतर सूचकांक नीचे आये हैं। निफ्टी आईटी 0.78 फीसदी, निफ्टी एफएमसीजी 0.90 फीसदी, निफ्टी पीएसई 0.55 फीसदी, निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.84 फीसदी, निफ्टी मेटल 0.43 फीसदी और निफ्टी एनर्जी 0.30 फीसदी की कमजोरी के साथ बंद हुआ। निफ्टी पीएसयू बैंक 0.24 फीसदी, निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज 0.16 फीसदी, निफ्टी रियल्टी 0.02 फीसदी और निफ्टी प्राइवेट बैंक 0.10 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुआ। मिडकैप और स्मॉलकैप में आज मिश्रित कारोबार हुआ। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स




64.95 अंक बढ़कर 58,762.35 बंद हुआ। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 31.60 अंक टूटकर 18,101.75 पर था। सेंसेक्स पैक में अदाणी पोर्ट्स, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक, भारती एयरटेल, एनटीपीसी, आई, मारुति सुजुकी, टाइटन और एमएंडएम सबसे अधिक बढ़े जबकि टाटा मोटर्स, एचयूएल, इन्फोसिस, पावर ग्रिड, बीईएल, आईटीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट, टीसीएस, टाटा स्टील, टेक महिंद्रा, एलएंडटी, ी बैंक और ट्रेंट के शेयर सबसे ज्यादा गिरे। बाजार जानकारों के अनुसार एफएमसीजी शेयरों में मुनाफावसूली हावी होने से बाजार नीचे आया है। इससे पहले आज सुबह बाजार गिरावट के साथ खुले। सेंसेक्स 400 से ज्यादा अंक की गिरावट लेकर 82,049.16 पर खुला। इसी तरह निफ्टी-50 भी गिरावट के साथ 25,177 पर खुलकर 68.85 अंक की गिरावट लेकर 25,219 पर कारोबार कर रहा था। वहीं एशियाई बाजारों लाल रंग में रहे, चीन और अमेरिका के बीच ट्रेड तनाव बढ़ने के बाद। दोनों देशों ने नए व्यापार प्रतिबंध लगाए और आपस में आरोप-प्रत्यारोप जारी रखा। वॉल स्ट्रीट के प्रमुख सूचकांक एसएंडपी 500 और कम्पोजिट में अप्रैल के बाद सबसे बड़ी एकल-दिन की गिरावट देखी गई। यह गिरावट अमेरिका और चीन के बीच ट्रेड विवाद बढ़ने के बाद आई।

# आरबीआई ने पेमेंट एग्रीगेटर के लिए नियम आसान बनाए

**नई दिल्ली एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पेमेंट एग्रीगेटर (पीए) के लिए नए दिशानिर्देश जारी किए हैं, जिनके तहत पूरी तरह से लाइसेंस प्राप्त पीए अब सीमा पार भुगतान जैसे नए सेगमेंट में तेजी से विस्तार कर सकते हैं। पहले सीमा पार (सीबी) भुगतान में काम करने के लिए अलग मंजूरी लेने में लगभग एक साल का समय लगता था, लेकिन नए नियमों के अनुसार पीए को केवल 30 दिन पहले आरबीआई को सूचना देना होगा और वे तुरंत नए बिजनेस में काम शुरू कर सकते हैं। इस बदलाव से बाजार में प्रवेश की प्रक्रिया आसान और तेज हुई है। फिनटेक क्षेत्र में काम करने वाली अधिकांश कंपनियां पहले पीए लाइसेंस लेकर बाद में पीए-सीबी में विस्तार करती हैं। इन दोनों श्रेणियों के अनुपालन मानदंड लगभग 80 फीसदी समान होते हैं। इसलिए, नए नियमों से पूरी तरह से लाइसेंस प्राप्त पीए पहले से ही लागू मानदंडों को पूरा करने के कारण नए बिजनेस में जल्दी कदम रख पाएंगे। इससे उनकी राजस्व वृद्धि और विस्तार योजनाओं को मजबूती मिलेगी। पेमेंट एग्रीगेटर ग्राहक और मर्चेंट के बीच पेमेंट चैनलों को जोड़ते हैं। वे ग्राहकों से पेमेंट एकत्र कर मर्चेंट को निपटान करते हैं। पीए-सीबी इकाइयां ऑनलाइन आयात-निर्यात की वस्तुओं और सेवाओं के लिए सीमा पार भुगतान की सुविधा प्रदान करती हैं। देश में फिलहाल 56 पूरी तरह से लाइसेंस प्राप्त ऑनलाइन पीए और 6 पीए-सीबी हैं, जिन्हें आरबीआई की मंजूरी मिली हुई है। नए नियमों से इनकी संख्या बढ़ने की उम्मीद है, जिससे डिजिटल भुगतान क्षेत्र और मजबूत होगा।

# अमेरिका-चीन व्यापार तनाव गहराया, चीन ने तकनीकी निर्यात रोका

**नई दिल्ली एजेंसी।** अमेरिका और चीन के बीच व्यापारिक तनाव एक बार फिर चरम पर पहुंच गया है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के लिए सम्मान व्यक्त करते हुए कहा कि अमेरिका चीन को नुकसान नहीं पहुंचाना चाहता, बल्कि उसकी मदद करना चाहता है। अपने सोशल मीडिया पोस्ट में ट्रंप ने लिखा, चीन की चिंता मत कीजिए, सब ठीक हो जाएगा। अत्यधिक सम्मानित राष्ट्रपति शी का बस एक बुरा पल था। हालांकि, ट्रंप का यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका ने चीन पर नए और सख्त व्यापार प्रतिबंध लगाने का ऐलान किया है। ट्रंप ने घोषणा की कि 1 नवंबर से चीन से आयात होने वाले सभी उत्पादों पर 100 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाया जाएगा। इसके अलावा, अमेरिका महत्वपूर्ण सॉफ़्टवेयर और तकनीकों पर भी निर्यात नियंत्रण लागू करेगा। इससे चीन से आने वाले कुल आयात पर शुल्क 130 फीसदी तक पहुंच सकता है। ट्रंप ने आरोप लगाया कि चीन अंतरराष्ट्रीय व्यापार में नैतिक अपमान कर रहा है और उसने वैश्विक समुदाय को एक शत्रुतापूर्ण पत्र भेजा है। इसके जवाब में चीन ने भी कड़ा रुख अपनाया है। चीनी वाणिज्य मंत्रालय ने अमेरिका पर दोहरे मानदंड अपनाने का आरोप लगाया और कहा कि टैरिफ की धमकी कोई समाधान नहीं है। चीन ने दुर्लभ पृथ्वी खनिजों और तकनीकी उपकरणों के निर्यात पर नए प्रतिबंध लगाते हुए इसे रक्षात्मक कदम बताया।

# गाय चराने गया रंजू राउत नदी पार करते बहा दो दिन बाद 7 किमी दूर मिला शव

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** लांजी थाना अन्तर्गत ग्राम सुनार ककोड़ी निवासी रंजू पिता सालिकराम रॉउत उम्र 32 वर्ष जो कि 11 अक्टूबर 2025 के शाम 6 बजे से ग्राम से लापता था जिसका शव पुलिस के द्वारा सोननदी के टेमनी घाट में बरामद किया गया है। घटना के संबध में प्राप्त




जानकारी के अनुसार रंजू पिता सालिकराम राऊत उम्र 32 वर्ष मवेशी चराने का कार्य करता था। मृतक रंजू के पिताजी ने पुलिस को जानकारी में बताया कि मेरे दुसरे नंबर का बेटा रंजू राऊत व उसकी पत्नि रेणुका राऊॅत गाय चराने का काम करते है। दिनांक 11 अक्टूबर को रोजाना की तरह प्रातः 10 बजे मवेशी चराने के लिये रामूटोला कोचेवाही नदी के जंगल तरफ गये थे। 11 अक्टूबर के शाम करीब 6:30 बजे मेरी बहु रेणुका राऊत ने घर आकर बताया कि मेरे पति रंजू राऊत गांव के मवेशियों को चराने के लिये उक्त जंगल की ओर गये थे। मेरे पति जानवरो को नदी के उसपार ले जा लिया था तथा शाम करीब 6 बज्रे जब मवेशियों को वापस ला रहे थे तभी नदी के बीच में रामूटोला घाट पर अचानक गहरा पानी दिखाई दिया मैने अपने पति को जोर से आवाज लगाई तो मेरे पति डूबते हुये हाथ उपर कर हिलाये उसके बाद मेरे पति दिखाई नही दिया, आस पडोस में आवाज लगाई तो ग्रामीण जन एवं बच्चे आ गये थे। लेकिन मेरे पतिा का कोई अता पता नही लग पाया। इसके पश्चात परिजनो ने पुलिस थाना लांजी में सूचना देते हुये गुमशुदगी दर्ज कराई, पुलिस के द्वारा सूचना दर्ज कर रंजू राऊत की पताासाजी प्रारंभ की गई।

## पुलिस और एसडीईआरएफ का 2 दिन तक चला रेसक्यू अभियान

सुनार ककोड़ी निवासी रंजू राऊत उम्र 32 वर्ष के गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज करने के पश्चात तथा यह ज्ञात होने के बाद की रंजू राऊत नदी में डूब चुका है लांजी पुलिस एव एसडीईआरएफ बाढ आपदा प्रबंधन दल के द्वारा लगभग दो दिनों तक तलाशी अभियान चलाया गया, नदी के बोट नाव की सहायताद से चंहुओर तलाशी ली गई 13 अक्टूबर को उक्त दल के द्वारा दोपहर करीब 2 बजे रंजू राऊत के शव का रेसक्यू किया गया। लांजी पुलिस के द्वारा आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कर शव को पीएम हेतु सिविल अस्पताल लांजी लाया जाकर शव का पीएम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया गया। उक्त घटना की सूचना प्राप्त होते ही 12 अक्टूबर को एसडीएम कमलचंद सिंहसार, तहसीलदार भवेदी, राजस्व अमला, थाना प्रभारी दीपड्क्षसह परमार, संपूर्ण पूलिस बल एवं एसडीईआरएफ दल के साथ तैनात रहा। एसडीएम लांजी के मार्गदशन में संपूर्ण कार्यवही की गई।

# ट्यूशन से घर जा रही पांचवीं की छात्रा के अपहरण का प्रयास

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** बहेला थाना अंतर्गत गोंडीटोला (अंधियाटोला) स्कूल में कक्षा पांचवी की छात्रा दिशा चौधरी पिता अनिल चौधरी निवासी अधियाटोला को 13 अक्टूबर को लगभग 10.15 बजे कुछ नाकाप पोश अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चॉकलेट का लालच देकर



अपहरण करने की कोशिश की गई, लेकिन गांव के बकरी चराने वाले व्यक्ति की अचानक नजर पड़ी और उसके चिल्लाने और हस्तक्षेप करने से लड़की उन अपहरण कर्ता के चंगुल से बच गई वरना आज और एक बड़ी घटना घट सकती थी। समस्त शिक्षक साथियों को सूचित किया जाता है कि आपकी शाला में जो भी छात्र अध्ययनरत है उन्हें एक बार फिर से सचेत कर दीजिए कि वे स्कूल से घर और घर से स्कूल ग्ररुप में ही आए और जाए। पूर्व में दरबड़ा में जो घटना घटित हुई थी जिसमें एक कक्षा सातवीं के छात्र को कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा अपहरण करने की नाकाम कोशिश की गई थी ठीक उसी तरह से 13 अक्टूबर को लगभग 10.15 बजे फिर से गोंडीटोला (अंधियाटोला) स्कूल में कक्षा पांचवी की छात्रा दिशा चौधरी पिता अनिल चौधरी निवासी अधियाटोला को कुछ नाकाप पोश अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चॉकलेट का लालच देकर अपहरण करने की कोशिश की गई, लेकिन गांव के बकरी चराने वाले व्यक्ति की अचानक नजर पड़ी और उसके चिल्लाने और हस्तक्षेप करने से आज लड़की उन अपहरण कर्ता के चंगुल से बच गई वरना आज और एक बड़ी घटना घट सकती थी। जिसकी सूचना बहेला थाने में पंजीबद्ध कर दी गई और कुछ ही समय में रिसेवाड़ा से बहेला के बीच लगे सभी सीसीटीवी कैमरे में नकाप पोश अज्ञात व्यक्तियों की तलाश की जा रही है।

# राजकुमार पांचे पंचतत्व में विलीन

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** लांजी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम टेमनी निवासी राजकुमार पिता पन्नेलाल पांचे उम्र 43 वर्ष का 12 अक्टूबर को आकस्मिक निधन हो गया। बतादे कि राजकुमार पांचे जिन्हे सभी नानो भाऊ धान व्यापारी के नाम से प्रचलित थे, मिलनसार एवं सामाजिक



व्यक्ति थे जो कि आज कम आयु में इस दुनिया को छोड विदा हो गये। आप अपने पीछे पत्नि रेखा पांचे तथा एक पुत्र एवं पुत्री को छोड स्वर्ग सिधार गये। आपका अंतिम संस्कार 13 अक्टूबर को स्थानीय मोक्षधाम टेमनी सामाजिक रीति रिवाजो के साथ किया गया। आपकी अंतिम यात्रा में पूर्व विधायक हिना कावरे, देवेन्द्र खोंगल,अमृत मेश्राम, लक्ष्मण कावरे, महेश मातरे, विरेन्द्र नागदवने, खेमलाल मातरे, मुकेश जोशी, गजेन्द्र नागदवने, उत्तम देवाहे सहित भाजपा कांग्रेस सहित अन्य पार्टी के पदाधिकारी, समाज सेवी, नाते रिश्तेदारों, ईष्ट मित्रो ने पंहुचकर पंच लकड़ी प्रदान कर परम पिता ईश्वर से मृत आत्मा को अपने श्री चरणो में स्थान तथा इस दुख की घडी में परिजनो को संबल प्रदान करने की प्रार्थना की गई।

# लांजी-किरनापुर क्षेत्र में वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान जोरों पर

## ग्राम मिरीया में हुआ हस्ताक्षर अभियान का आयोजन

**पद्मेश न्यूज। लांजी।**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर पूरे देश में चलाए जा रहे वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के आह्वान पर लांजी-किरनापुर विधानसभा क्षेत्र में भी यह अभियान पूरे जोश के साथ चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष हिना लिखीराम कावरे के नेतृत्व में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लांजी, किरनापुर और बहेला में हस्ताक्षर अभियान आयोजित किया गया। 12 अक्टूबर को लांजी ब्लॉक के ग्राम बेनेगांव और बहेला ब्लॉक के ग्राम मिरीया में हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया।



### हस्ताक्षर अभियान में प्रमुख नेताओं की भागीदारी

इस अभियान में पूर्व विधायक हिना कावरे, विधानसभा प्रभारी देवेंद्र ठाकुर, जनपद अध्यक्ष अर्चना खोंगल, पूर्व जनपद अध्यक्ष देवेंद्र खोंगल, जनपद उपाध्यक्ष अजय अवसरे, ब्लॉक कांग्रेस बहेला के अध्यक्ष ॠषि पटेल दशरिया, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष लांजी खेमचंद दानी, ब्लॉक अध्यक्ष बरघाट मनोज रहांगडाले, ओंकार रहांगडाले, दिनेश लाड़े, राजू मेंढे, गोवर्धन घोरमारे, रेवाजी करहाटकरे, लिखेंद्र उपराड़े, लीलाधर डोलस, शरद आसटकर, मुकेश जोशी सहित अनेक कांग्रेस मंडल अध्यक्ष, सेक्टर प्रभारी और कार्यकर्ता शामिल रहे।

### वोट चोरी लोकतंत्र पर हमला

अभियान को संबोधित करते हुए पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष हिना कावरे ने कहा कि मतदाता सूची में गड़बडयिों के खिलाफ यह अभियान लोकतंत्र को बचाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा, वोट चोरी सिर्फ चुनाव चुराने की साजिश नहीं, बल्कि यह आम नागरिकों के अधिकारों की डकैती है। जब तक प्रत्येक मत का सम्मान और प्रत्येक मतदाता का अधिकार सुरक्षित नहीं होता, हमारी यह लड़ाई जारी रहेगी। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने मतदाता सूची में गड़बडयिों के मुद्दे को उजागर करने में अहम भूमिका निभाई है।

### राहुल गांधी के नेतृत्व में लोकतंत्र की रक्षा

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बहेला के अध्यक्ष ॠषि पटेल दशरिया ने कहा कि यह अभियान लोकतंत्र को बचाने की दिशा में सबसे महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी वोट चोरी के खिलाफ देशव्यापी लड़ाई लड़ रहे हैं। हमें उनके इस अभियान को मजबूती प्रदान कर देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभानी है। वोट चोरी लोकतंत्र के खिलाफ अपराध है, और हम इसे किसी भी कीमत पर नहीं होने देंगे।

### 5 करोड़ हस्ताक्षर का लक्ष्य

विधानसभा प्रभारी देवेंद्र ठाकुर ने बताया कि इस अभियान के तहत देशभर से 5 करोड़ हस्ताक्षर एकत्रित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी मतदाता सूची में हो रहे फर्जीवाड़े और नाम काटे जाने के खिलाफ यह अभियान चला रही है। वोट चोरी एक व्यक्ति-एक वोट के लोकतांत्रिक सिद्धांत पर हमला है। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए साफ-सुथरी मतदाता सूची अनिवार्य है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपने बूथ पर संविधान रक्षक बनकर वोट चोरी और फर्जी मतदाताओं को रोकने का आह्वान किया।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं का उत्साह

हस्ताक्षर अभियान में संजित ठाकरे, खेमराज मच्छिरके, राम ठाकरे, लक्ष्मण कावरे, ललित कबीरे, सैय्यद अरशद, कैलाश कुराहे, नरेंद्र गजबे, गुड्डा महाराज, नेतराम लिल्हारे, धनराज बोंबार्डे, धन्नूलाल बनौठे, झींगूलाल लिल्हारे, अनिल गिरीया, पूनाराम लिल्हारे, लीलाराम लिल्हारे, कुलवंत लिल्हारे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे। यह अभियान लोकतंत्र और मतदाता अधिकारों की रक्षा के लिए एक संकल्प के रूप में देखा जा रहा है।

# सांसद खेल महोत्सव 2025

## 15 से 17 अक्टूबर तक विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** लांजी-किरनापुर विधानसभा क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव 2025 का आयोजन 15 अक्टूबर से 17 अक्टूबर 2025 तक किया जाएगा। इस दौरान विभिन्न खेलों के ट्रायल और प्रतियोगिताएं रानी अवंती बाई मिनी स्टेडियम लांजी एवं शासकीय महाविद्यालय लांजी के खेल मैदानों में आयोजित की जाएंगी।

### खेल और कार्यक्रम का विवरण

15 अक्टूबर को कराटे, कुश्ती, शतरंज, वॉलीबॉल, रस्साकसी और बैडमिंटन के ट्रायल होंगे। कबड्डी प्रतियोगिता 16 और 17 अक्टूबर को आयोजित की जाएगी। वहीं, 100 मीटर, 200 मीटर, 1500 मीटर दौड़ और गोला फेंक प्रतियोगिताओं के ट्रायल दीपावली के बाद होंगे।

### पात्रता और नियम

प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों का लांजी-किरनापुर विधानसभा क्षेत्र का निवासी होना अनिवार्य है। आयु सीमा 15 से 35 वर्ष (जन्म तिथि 01/01/1991 से 31/12/2010 के बीच) निर्धारित की गई है। महिला और पुरुष दोनों वर्गों में प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। छात्र, गैर-छात्र और ग्राम पंचायत के खिलाड़ी सभी पात्र होंगे।

### रजिस्ट्रेशन और आवश्यक दस्तावेज

खिलाड़ियों को प्रतियोगिता स्थल पर सुबह 10:00 बजे तक पहुंचना होगा, साथ ही मूल निवास प्रमाण पत्र या आधार कार्ड की फोटोकॉपी और एक स्वयं की फोटो लानी होगी। कबड्डी टीमों के लिए 15 अक्टूबर 2025 को रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है।

### अधिक जानकारी के लिए संपर्क

खेल महोत्सव से संबंधित जानकारी के लिए प्रज्ञात वासनिक, ब्लॉक खेल समन्वयक, गौरव बैस व शिव तारण, सांसद खेल महोत्सव प्रभारी से सम्पर्क करें। यह खेल महोत्सव क्षेत्र के युवाओं के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने का सुनहरा अवसर है। सभी पात्र खिलाड़ियों से अपील है कि वे समय पर रजिस्ट्रेशन करवाकर इस आयोजन का हिस्सा बनें।

# ग्राम वारी में खुशी आजीविका समाज सेवी संगठन ने शुरू की नि:शुल्क ट्यूशन क्लासेस

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** खुशी आजीविका समाज सेवी संगठन, लांजी के तत्वावधान में 13 अक्टूबर को ग्राम वारी में नि:शुल्क ट्यूशन क्लासेस का शुभारंभ किया गया। इस पहल का उद्देश्य कक्षा पहली से पांचवीं तक के बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा प्रदान करना है, साथ ही उनकी शारीरिक और मानसिक उन्नति के लिए नैतिक शिक्षा और योग भी सिखाया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ संगठन की अध्यक्ष श्रीमती मंजू भालाधरे ने किया। इस अवसर पर शिक्षिका अंकिता पाँचे सहित संगठन के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। ट्यूशन क्लासेस में बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा देने के साथ-साथ कहानियाँ सुनाना, गाने, शब्दावली, संख्या बोध, छोटे-ब? शब्द जैसे विषयों पर ध्यान दिया जाएगा, ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके। संगठन के सदस्यों ने ग्राम वारी के सरपंच ॠषि पटेल से मुलाकात कर उन्हें इस पहल की जानकारी दी और एक वृक्ष भेंट किया। इस दौरान संगठन द्वारा लांजी एवं आसपास के गाँवों में किए जा रहे वृक्षारोपण और स्वच्छता जागरूकता अभियानों के बारे में भी बताया गया।यह पहल ग्रामीण बच्चों के उज्जवल भविष्य और सामाजिक जागरूकता के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

# अपनी प्रमुख मांगों को मेट संघ लांजी ने सौंपा ज्ञापन

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** जनपद पंचायत लांजी के अन्तर्गत समस्त ग्राम पंचायतों में कार्यरत मेट संघ के द्वारा 13 अक्टूबर को जनपद पंचायत लांजी पहुंचकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी रामगोपाल यादव तथा जनपद उपाध्यक्ष अजय अवसरे को अपनी न्यायोचित मांगो का ज्ञापन सौंपा गया। मेट संघ के



द्वारा बताया गया कि कायालय कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा, जनपद पंचायत लांजी के द्वारा आगामी 15 एवं 16 अक्टूबर को प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई है। जिसमें 19 पंचायतों के 38 महिला मेटो को शामिल किया गया है। इस संबध में हम मेट संघ के माध्यम से मांग करते है कि समस्त पंचायतों के महिला पुरूषों मेटो को एक साथ प्रशिक्षण दिया जाये। इसके अतिरिक्त एक मांग और कि है कि ग्राम पंचायतों में कार्य के दौरान ई अटेंडेंस सर्वर नही होने के कारण नही हो पाती, पोर्टल की समस्या एक बडी समस्या है इस पर भी प्रशासन ध्यान देवे तथा आफ लाईन अटेंडेंस लेवे। इस दौरान प्रमुख रूप जनपद सभापति दिनेश लाड़े तथा मेट संघ से संघ अध्यक्ष साहिद अली, उपाध्यक्ष तेजराम लिल्हारे, उमेन्द्र हरिनखेडे, संतोष कुमार बिसेन, हेमलता हनोते, रीना बारमाटे, उर्मिला बंसोड, पुष्पा हाथीमारे, राजेन्द्र यादव, डालेश्वरी घोंघडे सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# माना समाज उत्थान समिति ने सेवानिवृत्त अधिकारियों का किया सम्मान

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** माना समाज उत्थान समिति, लांजी के तत्वावधान में 12 अक्टूबर 2025 को ग्राम दहेगांव में समिति के अध्यक्ष नरोत्तम चौधरी के निवास पर दोपहर 12 बजे से एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में लांजी क्षेत्र सहित महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ में शासकीय सेवाओं में कार्यरत रहे और सेवानिवृत्त हुए लगभग 80 सामाजिक बंधुओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ माणिक देवी, धरती आबा बिरसा मुंडा, महात्मा ज्योतिबा फुले, माता सावित्री बाई फुले, और डॉ. भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। तत्पश्चात, समिति के सचिव एस.आर. धारणे ने माँ माणिक देवी की आरती प्रस्तुत की, जबकि मोरध्वज गुरदे ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। मंचासीन मुख्य अतिथि शंकर दास धारणे, कार्यक्रम अध्यक्ष नरोत्तम चौधरी, विशेष अतिथि उल्लास डडमल, जुगराम धरते, दुलीचंद नारनौरे, चिंतामन सोरकुरे, बाडूलाल घोरमारे, भाऊजी नारनौरे, सालिकराम नारनौरे, रोशन दल्लेमाल, जनपद सदस्य टूमन घोरमारे, तुकाराम बारेकर, और द्रोपदी चौधरी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। उद्बोधन सत्र में शंकर दास धारणे, एन.टी. चौधरी, बाडूलाल घोरमारे, जुगराम धरते, खुन्नीराम धरते, भीमराव वाकड़े, और युगल डडमल ने सामाजिक उत्थान और अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार साझा किए। इसके बाद, माना समाज उत्थान समिति और माना युवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने सभी सेवानिवृत्त अधिकारियों और कर्मचारियों को



सफेद गमछा और स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। समारोह में समाज के भविष्य के कार्यक्रमों पर भी चर्चा हुई, जिसमें माना समाज उत्थान समिति और माना युवा प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में विभिन्न सामाजिक गतिविधियों को आयोजित करने पर सहमति बनी। सम्मानित सेवानिवृत्त अधिकारियों और कर्मचारियों ने आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा, इस सम्मान से हम अभिभूत हैं और समाज के उत्थान के लिए हमेशा सहयोग करेंगे।卐 कार्यक्रम को सफल बनाने में सदाराम रंधेये, ओमकार लाल कारमेघे, केशोराव चौके, राधेश्याम नारनौरे, डॉ. ओमप्रकाश नेवारे, विश्वेश्वर दल्लेमाल, सुरेंद्र चौधरी, सुभाष धारणे, वेदकुमार डोंगरे, समारूलाल घोरमारे, महेंद्र गुरदे, ओमप्रकाश नारनौरे, रविंद्र कुमार घोरमारे, मोरध्वज गुरदे, सुरेंद्र कुमार घोरमारे, लालचंद डोंगरे, ज्ञानचंद चौधरी, भोजेंद्र घोरमारे, सूर्यप्रकाश घोरमारे, लखाराम बागड़े, खुनीराम ढोक सहित अन्य सामाजिक बंधुओं का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन माना युवा प्रकोष्ठ, लांजी के अध्यक्ष अशोक घरते ने किया, जबकि मंच संचालन कोमल गुरदे ने कुशलतापूर्वक किया।

# दिव्यांग बच्चों के लिए चिकित्सकीय मूल्यांकन शिविर का हुआ आयोजन

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** कलेक्टर एवं मिशन संचालक, बालाघाट के निर्देशानुसार जनपद शिक्षा केंद्र, लांजी में 13 अक्टूबर को समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत शासकीय स्कूलों में कक्षा 1 से 8 तक अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों के लिए चिकित्सकीय मूल्यांकन एवं उपकरण चिन्हांकन शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 282 बच्चों का पंजीयन किया गया, जिन्हें 50 रुपये का यात्रा भत्ता नगद और स्वल्पाहार प्रदान किया गया। एलिमको की टीम द्वारा किए गए मूल्यांकन में 103 बच्चों को श्रवण यंत्र, एमएस आईडी किट, बैसाखी, ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, सीपी चेयर, ब्रेल किट और कैलिपर्स जैसे उपकरणों के लिए चिन्हित किया गया। आगामी शिविर में 136 उपकरणों का वितरण किया जाएगा। शिविर में जिला शिक्षा केंद्र, बालाघाट से शिरिश थानथर्राटे, एलिमको सहायक अक्षय मोरे, कृष्णा मोरिया, अखिलेश यादव, नेत्र सहायक श्रीमती सारिका बोरले, जनपद शिक्षा केंद्र, लांजी से बीएसी युवराज टेम्भरे, अरुण भीमटे, लक्ष्मीकांत मडामें, एमआरसी खिलेष डोहरे, श्रीमती कलपना खोटेले, अनिश वैध, तोमेश्वर घासले, जनशिक्षक डाकचंद पारधी, राधेश्याम ओमप्रकाश मरकाम, गणेश यादव, संतोष कावडे, महेश उईके, श्रीमती विद्या पटले, लोकराम पीपरे, अनिल बापुरे, मनोज नेवारे,




सोनवोन, दादूराम रणदिवे, प्रदीप कुमार मुरकुटे, मधुसूदन मस्करे, मदनलाल टाण्डेकर, राजेंद्र धारणे, सहयोगी शिक्षक गादीराम गुरदे, कैलाश वैद्य, ईश्वरी सातपुते, अखिलेश घोरमारे आदि उपस्थित थे। शिविर का संचालन बीआरसी शिवेंद्र उके के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह आयोजन दिव्यांग बच्चों के सशक्तिकरण और उनकी शिक्षा को

# शालेय राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए जिले के 08 खिलाड़ी सागर जिले के लिए हुए रवाना

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।**

सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती शकुन्तला डामोर के संरक्षक एवं मार्गदर्शन में विगत दिवस विभागीय राज्य स्तरीय बैडमिंटन आयु वर्ग 14 बालक-बालिका की चयन प्रतियोगिता बैहर में आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में जनजातीय कार्य विभाग अंतर्गत दक्षिण क्षेत्र, पश्चिम क्षेत्र एवं मध्य क्षेत्र के बालक बालिका शामिल हुए। प्रतियोगिता बालक क्रीड़ा परिसर उत्कृष्ट विद्यालय बैहर बैडमिंटन इंडोर हॉल में सम्पन्न हुई, जिसमें चयनित खिलाडियों को संस्था के प्राचार्य, समस्त पीटीआई ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी डीके मेश्राम ने बताया कि खिलाड़ियों का चयन होने के फलस्वरुप सागर जिले में 13 से 17 अक्टूबर तक आयोजित शालेय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 14 सदस्यीय जनजातीय कार्य विभाग का दल एवं जनरल मैनेजर तथा कोच शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में दक्षिण क्षेत्र बालाघाट जिले के 08 बालक बालिका एवं पश्चिम क्षेत्र धार जिले से 01 बालिका, खरगौन जिले से 01 बालिका शामिल होंगे।

# दिलीप बिल्डकॉन पर आयकर विभाग का छापा

## अमृतसर से आई टीम, 2 ठिकानों पर सर्चिंग; कंपनी के पास मेट्रो समेत कई बड़े प्रोजेक्ट

भोपाल, एजेंसी। आयकर विभाग ने सोमवार सुबह दिलीप बिल्डकॉन और उससे जुड़े सहयोगियों के ठिकानों पर छापामार कार्रवाई की। अमृतसर से आई इनकम टैक्स विभाग की टीम भोपाल में दो जगहों पर दस्तावेज खंगाल रही है।

दिलीप बिल्डकॉन ग्रुप के मालिक दिलीप सूर्यवंशी के चूनाभट्टी स्थित द तर पर भी सर्चिंग की जा रही है। पंजाब के चंडीगढ़ रीजन के आयकर विभाग की डीजी इन्वेस्टिगेशन बत्सला झा ने बातचीत में दिलीप बिल्डकॉन के भोपाल में दो ठिकानों में छापे की पुष्टि की है।

अमृतसर की आईटी टीम ने एमपी एसएएफ की मदद ली है। लोकल पुलिस या केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों को नहीं बुलाया है। अमृतसर से आई टीम ने इस छापेमारी में भोपाल के विभागीय अफसरों को साथ नहीं लिया है। चूनाभट्टी स्थित ऑफिस पर 12 से 15 और कंपनी के मालिक दिलीप सूर्यवंशी के अरेरा कॉलोनी स्थित घर पर छह से सात अफसरों की टीम ने जांच की थी। कंपनी के पार्टनर समेत तीन लोगों से पूछताछ की थी।

### कंपनी के पास भोपाल मेट्रो समेत कई बड़े प्रोजेक्ट

भोपाल मेट्रो रेल का ठेका दिलीप बिल्डकॉन के पास है। कंपनी को हाल ही में केरल में बड़ा प्रोजेक्ट मिला है। इसके अलावा गुरुग्राम मेट्रो का काम दिलीप बिल्डकॉन और रंजीत बिल्डकॉन को 1,503.63 करोड़ में मिला है, जिसमें मिलेनियम सिटी सेंटर से साइबर सिटी तक 26.65 किमी के कॉरिडोर में वायडक्ट और 14 एलिवेटेड स्टेशन का निर्माण शामिल है।

### 100 मेगावॉट सोलर पावर का ठेका मिला

कंपनी को मध्य प्रदेश जल



निगम मर्यादित (एमपीजेएनएम) से स्वीकृति पत्र (एलओए) मिला है। यह कैप्टिव मोड के तहत 100 मेगावाट की ग्रिड-कनेक्टेड ग्राउंड-माउंटेड सौर फोटोवोल्टिक परियोजना के विकास के लिए है।

दिलीप बिल्डकॉन के कार्यक्षेत्र में सौर परियोजना की डिजाइन, इंजीनियरिंग, आपूर्ति, निर्माण, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग शामिल है। इसमें 25 वर्षों तक संचालन और रखरखाव सेवाएं प्रदान करना भी शामिल है। चालू होने के बाद, यह परियोजना 25 वर्षों तक एमपीजेएनएम को 2.09 रुपए प्रति किलोवाट घंटे की दर से बिजली की आपूर्ति करेगी। प्रोजेक्ट का काम मंदसौर जिले के रामनगर और धनवाडा गांवों में होगा।

### एमपी समेत 17 से ज्यादा राज्यों में फैला काम

कंपनी एमपी समेत देश के 17 से अधिक राज्यों में काम कर रही है। इनमें केरल, राजस्थान, हरियाणा, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक और तमिलनाडु राज्य भी शामिल हैं। दिलीप बिल्डकॉन के प्रोजेक्ट सड़क, रेलवे, सुरंग, औद्योगिक गलियारा, मेट्रो रेल और शहरी विकास परियोजनाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में फैले हुए हैं। कंपनी में 17 हजार से ज्यादा कर्मचारी काम करते हैं।

# बारूद के ढेर पर बैठी है 25 हजार की आबादी!

भोपाल, एजेंसी। उपनगर के पास हलालपुर-लालघाटी जो आवासीय एवं कमर्शियल क्षेत्र है वहां पर इस बार भी जिला प्रशासन के अधिकारियों ने निजी स्वार्थ के चलते होलसेल एवं रिटेल फटाका व्यापारियों को दुकानें लगाने की अनुमति दी है। इन दुकानों में दीपावली पर्व की बिक्री के चलते 10 करोड़ रुपए का बारूद भरा गया है। यहां पर फटाका दुकानों के मात्र 100 -200 मीटर दूरी पर तीन पेट्रोल पंप, पांच होटले ,दो ढाबे हैं। इंदौर-भोपाल राजमार्ग पर ये सभी दुकाने स्थित है इस मार्ग पर हजारों बड़े वाहनों का रोजाना गुजरना होता है इन वाहनों के साइलेंसर से निकली एक चिंगारी किसी भी फटाका दुकान में घुसकर पूरे लालघाटी- हलालपुर क्षेत्र को तबाह कर सकती है। उधर फटाका व्यापारी एसोसिएशन का कहना है कि यहां पर वर्षों से 15 होलसेल फटाका दुकानें चली आ रही है इन दुकानों के गोदाम शहर से 5 किलोमीटर दूरी पर है लेकिन दुकानों पर केवल ग्राहकों की सप्लाई के लिए ही माल रखा गया है और आवश्यक सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। जबकि नियमों अनुसार राजमार्ग से 100 मीटर दूर तथा पेट्रोल पंप एवं ढाबों से 500 मीटर की दूरी पर ही फटाका दुकान होनी चाहिए।

### शिकायतों पर सुनवाई नहीं

लालघाटी क्षेत्र में रहने वाले लोगों का कहना है कि यहां पर करीब एक दर्जन आवासीय कॉलोनी है जिसमें करीब 20000 लोग निवास करते हैं इसी तरह हलालपुर क्षेत्र में भी पांच आवासीय कॉलोनी है जिसमें 5000 लोग निवास करते हैं। पेटलावद तथा हरदा में हुई फटाका दुकानों एवं फैक्ट्री में आगजनी की घटना से भी जिला प्रशासन के अधिकारियों ने अभी तक कोई सबक नहीं लिया है।

# दीपावली के पहले मोहन सरकार दे सकती है डीए-डीआर

भोपाल, एजेंसी। केंद्र सरकार ने अपने कर्मचारियों को 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता और महंगाई राहत दे दी है। इसे लेकर मध्यप्रदेश के कर्मचारी भी सक्रिय हो गए हैं। कर्मचारियों ने दीपावली से पहले 3त्न डीए एवं डीआर और बोनस देने की मांग मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से की है। कर्मचारी संगठनों का कहना है कि दीपावली से पहले ये लाभ दे दिया जाए, ताकि कर्मचारियों के परिवार त्योहार खुशियों के साथ मना सकें। प्रदेश के कर्मचारियों ने फेस्टिवल एडवांस की राशि बढ़ाने की भी मांग की है। उधर, माना जा रहा है कि राज्य सरकार जल्द ही कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी का ऐलान कर सकती है।

### 10 लाख कर्मचारी-पेंशनर्स होंगे प्रभावित

तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के महामंत्री उमाशंकर तिवारी ने कहा कि दीपावली के अवसर पर हर घर में खर्च बढ़ जाता है। ऐसे में सरकार को कर्मचारियों को आर्थिक राहत देने के लिए बोनस के साथ 3त्न महंगाई भत्ता और महंगाई राहत देना चाहिए। इससे प्रदेश के 10 लाख से अधिक कर्मचारियों और पेंशनर्स को लाभ मिलेगा। राज्य कर्मचारी संघ के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने भी सरकार से दीपावली से पहले महंगाई भत्ते की किस्त जारी करने की मांग की है।

### प्रदेश के कर्मचारियों को मिल रहा 55 प्रतिशत डीए

वर्तमान में मध्य प्रदेश के कर्मचारियों को 55 प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता मिल रहा है। वहीं, केंद्र सरकार के कर्मचारी अब 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी के बाद 58 प्रतिशत डीए प्राप्त कर रहे हैं। प्रदेश के कर्मचारियों का जुलाई 2025 से डीए ड्यू है। कर्मचारी संगठनों का कहना है कि वर्ष 1996 से प्रदेश में बोनस बंद है, जबकि उस समय कर्मचारियों को 1079 रुपए तक बोनस के रूप में मिलता था। केंद्र और रेलवे आज भी अपने कर्मचारियों को दीपावली बोनस दे रहे हैं, लेकिन मध्य प्रदेश में कर्मचारियों को इससे वंचित रखा गया है। यह फिर से शुरू किया जाना चाहिए। संगठनों ने कहा कि सरकार एक ओर दावा करती है कि कर्मचारियों को केंद्र के समान सुविधाएं दी जा रही हैं, लेकिन बोनस न देना कथनी और करनी में अंतर दर्शाता है। कर्मचारी संगठनों ने उम्मीद जताई है कि मुख्यमंत्री मोहन यादव दीपावली से पहले कर्मचारियों को राहत देने का फैसला लेकर त्योहार की खुशियां दो गुनी करेंगे।

# अब हाई कोर्ट में ऑनलाइन पहुंचेगी केस डायरी

## सहज और सुलभ न्याय की दिशा में नवाचार

भोपाल, एजेंसी। मध्य प्रदेश में अब पुलिस प्रकरण की केस डायरी संबंधित कोर्ट में पहुंचाने की व्यवस्था ऑनलाइन की जा रही है। पुलिस मुख्यालय का दावा है कि मध्य प्रदेश जमानत के लिए बेल एप्लीकेशन मैनेजमेंट सिस्टम बनाने वाला देश का पहला राज्य है। हाई कोर्ट के सुझाव पर पुलिस मुख्यालय ने इसका सॉफ्टवेयर तैयार करवाया है। यह व्यवस्था ऑनलाइन होने से बेवजह होने वाली देरी से मुक्ति मिलेगी। इसके पहले ई-समन लागू करने वाला पहला राज्य भी मध्य प्रदेश बना था।

हाई कोर्ट में लंबित मामलों के जल्द निपटारे और सुनवाई के दौरान केस डायरी समेत अन्य जरूरी दस्तावेजों के कोर्ट पहुंचने में लगने वाले लंबे समय को ऑनलाइन कम्युनिकेशन सिस्टम (ओसीएस) से कम किया जा सकेगा। जमानत संबंधी मामलों पर सुनवाई में केस डायरी और इस पर संबंधित जांच अधिकारी के रिमार्क या आपत्ति कोर्ट रूम तक पहुंचाने की प्रक्रिया में कई दिन लगते थे। ऐसे में मप्र हाई कोर्ट ने सहज और सुलभ न्याय की दिशा में नवाचार किया है। अभी तक केस डायरी मंगवाने के लिए महाधिवक्ता कार्यालय द्वारा पुलिस विभाग को रेडियो संदेश, ईमेल या पत्र लिखा जाता था। इसके बाद ये केस डायरी महाधिवक्ता कार्यालय आती थीं, जिन्हें सरकारी वकील कोर्ट में पेश करते थे। नई प्रणाली में जैसे ही कोई मामला सूचीबद्ध होगा तो सुनवाई की तारीख, अपराध संख्या, पुलिस स्टेशन समेत अन्य सभी जानकारी पुलिस विभाग के सीसीटीएनएस से साझा होगी। इसके बाद केस डायरी की ऑनलाइन मांग भी इसी माध्यम से संबंधित पुलिस स्टेशन तक पहुंच जाएगी। इससे समय की बचत होगी। अभी तक हाई कोर्ट में लगने वाले जमानत आवेदनों में सुनवाई के दौरान केस डायरी पहुंचाने के लिए पुलिसकर्मी कोर्ट जाते थे। इस पूरी प्रक्रिया में लगने वाले समय से कोर्ट में पेंडेंसी भी लगातार बढ़ती है।

### इंदौर खंडपीठ में शुरू की गई व्यवस्था

मप्र के कई जिलों में इसका सफल ट्रायल रन किया जा चुका है। अब केस डायरी को सीधे थाने से कोर्ट रूम तक पहुंचाने की व्यवस्था हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ में शुरू की गई है। मप्र के कई जिलों में ट्रायल रन की सफलता के बाद अब इसे सभी पुलिस स्टेशनों में लागू किया जाएगा। इस पूरे सिस्टम की मॉनिटरिंग के लिए एक डैशबोर्ड भी तैयार किया गया है। गौरतलब है कि मप्र हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा के आने के बाद आईटी से जुड़े प्रोजेक्ट के प्रभावी क्रियान्वयन में तेजी आई है। हाई कोर्ट की कार्यवाही को पेपरलेस और त्वरित बनाने के लिए केस प्रबंध सूचना प्रणाली (सीएमआईएस) और ईआरपी जैसे सॉफ्टवेयर विकसित किए गए हैं।

### अब थाने से हाईकोर्ट जाएगी डायरी

मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में शुरू किए गए ऑनलाइन कम्युनिकेशन सिस्टम (ओसीएस) से कोर्ट पुलिस स्टेशनों से सीधे केस डायरी प्राप्त कर सकेगा। हाई कोर्ट में पहले से संचालित हो रहे सीएमआईएस सिस्टम से केस डायरी की डिमांड पुलिस विभाग के सीसीटीएनएस सिस्टम में भेजी जाएगी। संबंधित पुलिस स्टेशनों के थाना प्रभारी सीसीटीएनएस सिस्टम से केस डायरी भेजेंगे। इस पर रिमार्क, आपत्ति भी दर्ज की जा सकेगी। थाना प्रभारी की सीसीटीएनएस आईडी से ये केस डायरी कोर्ट जाएगी। ऑनलाइन भेजी गई केस डायरी महाधिवक्ता कार्यालय और संबंधित कोर्ट में उपलब्ध होगी। गौरतलब है कि बेल एप्लीकेशन मैनेजमेंट सिस्टम को प्रायोगिक तौर पर अभी इंदौर, राजगढ़, देवास, सागर और भोपाल जिले में लागू किया गया है। समय, पैसा और मानव संसाधन की बचत अभी जमानत आवेदन आने पर हाई कोर्ट संबंधित जिले के पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर केस डायरी मांगता है। एसपी से यह सूचना थाने में पहुंचती है। इसके बाद विवेचना अधिकारी (आइओ) डायरी तैयार करता है। कई बार आइओ का स्थानांतरण होने या उसके अवकाश पर होने से डायरी भेजने में ज्यादा समय लगता है। भौतिक रूप से केस डायरी कोर्ट में भेजने में समय, पैसा और मानव संसाधन तीनों लगता है। नई प्रक्रिया में जिस थाने का प्रकरण होगा उसके थाना प्रभारी को संबंधित केस की जानकारी भेजने के लिए संदेश भेजा जाएगा।

# सांवेर में भीषण सड़क हादसा, 2 महिलाओं की दर्दनाक मौत

भोपाल। सांवेर तहसील के चंद्रावतीगंज थाना क्षेत्र में सोमवार शाम लगभग 6.30 बजे मजदूरों से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटना ग्राम रतनखेड़ी और बीबीखेड़ी के बीच रोड किनारे हुई। जानकारी के अनुसार, ग्राम रतनखेड़ी के कुछ मजदूर खेतों में काम करने के बाद अपने घर लौट रहे थे। वे ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार होकर बीबीखेड़ी और हरियाखेड़ी जा रहे थे। इसी दौरान ट्रॉली पलट गई, जिससे लगभग 25 से 27 मजदूर घायल हो गए। दो महिलाओं की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। शेष घायलों को तत्काल सांवेर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया गया, जहां से गंभीर घायलों को अरबिंदो अस्पताल रेफर किया गया।

# सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों मन से दूर करेंगे अंग्रेजी का डर

भोपाल, एजेंसी। सरकारी स्कूलों में हिंदी माध्यम के विद्यार्थियों को अंग्रेजी भाषा विशेषकर बोलचाल में प्रवीण बनाने ओर आत्मविश्वास बढ़ाने के उद्देश्य से रोटरी क्लब ऑफ इंदौर प्रोफेशनल्स ने पहल की है। इस योजना के तहत सरकारी स्कूलों के हाई स्कूल के विद्यार्थियों को 3000 इंग्लिश किट एक साथ में स्कूल बैग भी प्रदान किए जाना हैं। लिटरेसी प्रोग्राम के प्रोजेक्ट कोआर्डिनेटर अक्षत गुप्ता ने बताया कि वर्तमान में शिक्षा समय में अंग्रेजी के महत्व को देखते हुए बच्चों के लिए लाभप्रद होगी। अध्यक्ष भानु तपाड़िया ने कहा कि मंडल के 3000 विद्यार्थियों को यह किट्स वितरित किए जाएंगे।आयोजन में संयुक्त संचालक शिक्षा श्रीमती अनिता चौहान ने बच्चों को अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित किया व रोटरी के सहकारी स्कूलों की बेहतरी में सहयोग की सराहना की। सुशील मल्होत्रा ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में रोटरी आधारभूत ढांचे को सुधारने में कार्य रही है, एवम बच्चे इन 6 बुक्स के माध्यम से ग्रामर पर भी फोकस कर सकेंगे। इस अवसर पर पर लिटरेसी डायरेक्टर दिव्या डफरिया व सुनील अत्तरी, रस्म के अध्यक्ष भगवतीप्रसाद पंडित एवं रोटरी क्लब ऑफ इंदौर प्रोफेशनल्स के सदस्य गण भी उपस्थित थे। स्कूल की प्राचार्या श्रीमती शबाना शेख ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय की गतिविधियों व उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। प्रतिभावान बच्चों एवं श्रेष्ठ परिणाम देने वाले स्कूल के शिक्षकों को पुरस्कृत किया गया। छात्र परिषद को शपथ दिलाई गई। संचालन श्रीमती अंजलि वेद एवं रुचिरा मोहिते ने किया आभार अनामिका जैन ने माना। नितिन डफरिया ने बताया के बच्चों को प्रौढ़ शिक्षा के लिए एक बच्चा एक शिक्षित बुजुर्ग का मंत्र दिया। इसे सरकारी स्कूलों के बच्चों के अत्यंत उपयोगी निरूपित किया। इससे सरकार के साक्षरता अभियान को काफी हद तक गति मिलने की संभावना भी जताई गई।

# वन भूमि अतिक्रमण के साधारण मामले कोर्ट से होंगे वापस

## जिला स्तरीय समितियां लेंगी फैसले; 4443 मामले हैं कोर्ट में विचाराधीन

भोपाल, एजेंसी। राज्य सरकार ने वन भूमि पर हुए अतिक्रमण को हटाए जाने के बाद कोर्ट में चल रहे इससे संबंधित केस वापस लेने की तैयारी की है। इसको लेकर वन विभाग ने वन बल प्रमुख को निर्देश जारी कर कहा है कि जिला स्तरीय समितियों के माध्यम से कार्रवाई की जाकर इस तरह के मामले खत्म किए जाएं। इसके विपरीत वन अपराधों से संबंधित केस वापस नहीं होंगे, यह भी स्पष्ट किया गया है। उधर मुख्यमंत्री ने अतिक्रमण से मुक्त होने वाली ऐसी भूमि पर समृद्ध वन विकसित करने के भी निर्देश वन अफसरों को दिए हैं।

वन विभाग द्वारा दिए गए निर्देशों में कहा गया है कि जिला स्तरीय समितियां प्रदेश में वन भूमि के अतिक्रमण से मुक्त होने पर ऐसे मामलों में चल रहे कोर्ट प्रकरणों को वापस लिया जाए। जिला स्तरीय समिति में कलेक्टर अध्यक्ष होंगे और डीएफओ सदस्य तथा जिला अभियोजन अधिकारी सदस्य सचिव होंगे। इनके द्वारा न्यायालयीन मामलों की लगातार समीक्षा और परीक्षण कर निर्णय लेने की कार्यवाही की जाएगी।

### 4443 मामले कोर्ट में विचाराधीन

वन विभाग के अफसरों के अनुसार वन अधिकार अधिनियम 2006 लागू होने पर 13 दिसम्बर 2005 तक वन भूमि पर आदिवासियों द्वारा किए गए अतिक्रमण संबंधी साधारण वन अपराध के मामलों को जांच की प्रक्रिया से वापस लेते हुए निरस्त



करने के आदेश 6 अगस्त 2006 को दिए गए हैं। इसके बाद पिछले दस सालों में आदिवासियों पर दर्ज अपराधों की सूची तैयार की गई है, जिसमें 3470 मामले वन विभाग के पास हैं। इसके अलावा 4443 मामले कोर्ट में विचाराधीन हैं। इन अपराधों में वन कटाई, अतिक्रमण, अवैध उत्खनन, वन्य प्राणी संबंधी अपराध शामिल हैं। इनमें से जिन मामलों में कोर्ट में चालान पेश कर दिया गया है, उन मामलों को वापस लेने की प्रक्रिया तय कर दी गई है।

### ऐसे मामलों में केस नहीं होंगे वापस

जिन वन अपराधों में वाहनों की जब्ती और राजसात संबंधी कार्रवाही होना है और अवैध आरा मशीन संचालन, संगठित रूप से की गई अवैध पेड़ों की कटाई अवैध उत्खनन, शिकार, वन्य प्राणियों के हानि पहुंचाने संबंधी केस कोर्ट में दायर हैं, उन्हें वापस नहीं लिया जाएगा। इसके साथ ही वन्य प्राणियों के रहवास को नुकसान पहुंचाने, वन भूमि पर संगठित होकर अवैध गतिविधियां संचालित करने, शस्त्रों का प्रयोग करते हुए हिंसक गतिविधियों को अंजाम देकर अतिक्रमण करने संबंधी मामले वापस नहीं लिए जाएंगे।

# अवमानना प्रकरणों में जवाब नहीं देने पर सरकार सख्त

भोपाल, एजेंसी। कोर्ट में लंबित अवमानना प्रकरणों में समय पर जवाब पेश न कर पाने पर राज्य सरकार ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों से जवाब तलब किया है। मंत्रालय ने पूछा है कि आखिर किन कारणों से अदालतों में समय पर जवाब नहीं दिया जा रहा। सरकार ने चेतावनी दी है कि रिपोर्ट समय पर नहीं आने या जवाब में लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी।

सरकार ने विभाग के 12 मुख्य अभियंताओं को पत्र लिखकर निर्देश दिया है कि वे सभी पेंडिंग अवमानना मामलों की विस्तृत रिपोर्ट तय प्रारूप में जल्द भेजें। प्रत्येक प्रकरण में देरी की ठोस वजह भी बताना होगी। इसके साथ ही जिन कर्मचारियों से अवैध भुगतान के मामलों में वसूली की जानी है, उनकी पूरी जानकारी अब संबंधित जिलों में पदस्थ अधिकारियों को भेजने के निर्देश दिए गए हैं। मंत्रालय ने यह भी कहा है कि उच्चतम न्यायालय में लंबित जमीन अधिग्रहण और अवमानना प्रकरणों की पूरी स्थिति भी तत्काल भेजी जाए, ताकि आगामी सुनवाई में विभाग की ओर से प्रभावी जवाब पेश किया जा सके।

मुख्य अभियंता चंबल बेतवा कछार भोपाल, विद्युत और यांत्रिकी भोपाल, गंगा कछार रीवा, यमुना कछार ग्वालियर, बेनगंगा कछार सिवनी, नर्मदा ताप्ती कछार इंदौर, जल संसाधन विभाग उज्जैन, जल संसाधन विभाग नर्मदापुरम, राजघाट नहर परियोजना दतिया, बोधी भोपाल, धसान केन कछार सागर, बांध सुरक्षा जल संसाधन विभाग भोपाल को पत्र लिखकर कहा गया है कि सर्वोच्च न्यायालय में चल रहे प्रकरणों के मामले में फॉर्मेट में जानकारी दी जाए।

राजस्व वसूली के मामलों, रिट अपील से संबंधित केस और न्यायालय में चल रहे अवमानना के प्रकरणों की अपडेट स्थिति भी देने के लिए कहा गया है।

# 'टाइगर मरा, अफसर तरा : जंगल में इंसाफ नहीं, बस इनाम की बयार!'

## - जिसकी निलंबन की सिफारिश थी, उसे आईएफएस अवार्ड देने मिली हरी झंडी..

भोपाल, एजेंसी। राज्य वन सेवा के 24 अधिकारियों को आईएफएस अवार्ड के लिए गुरुवार को नई दिल्ली में डीपीसी हुई। इस डीपीसी बैठक में राज्य वन सेवा के उस एसडीओ को आईएफएस के लिए हरी झंडी दे दी गई, जिसके निलंबन सिफारिश वन मुख्यालय ने की है। निलंबन का प्रस्ताव 2 महीने से शासन के पास विचाराधीन है। आईएफएस अवार्ड दिलाने की मंशा से ही राज्य शासन ने अब तक से निलंबित नहीं किया है।

राज्य वन सेवा से आईएफएस के लिए नई दिल्ली में हुई बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन की जगह अपर मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल और वन बल प्रमुख वीएन अम्बाड़े उपस्थित थे। बैठक में राज्य वन सेवा के 2011, 2012 और 2014 बैच के अफसरों में से आईएफएस के लिए चयनित किया जाएगा। इनमें से एक नाम 2012 बैच के एसएफएस बालकराम




सिरसाम का है। सिरसम दक्षिण बालाघाट में पदस्थ हैं और उनके क्षेत्र लालबर्रा में टाइगर के अवैध शिकार और उसके शव को जगह-जगह जलाकर साक्ष्य नष्ट करने की घटना घटी। इस घटना के लिए उनकी घोर लापरवाही पाई गए और उनके निलंबन की सिफारिश कर प्रस्ताव वन विभाग ने राज्य शासन को भेजा है पर आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। उल्टे, उन्हें आईएफएस के लिए चयनित कर लिया गया है। आईएफएस के लिए हुई डीपीसी में एक नाम 2009 बैच के एसडीओ राम कुमार अवधिया का है, जिनके खिलाफ डीई चल रही है और वे खंडवा में वन विकास निगम के डिवीज़न प्रबंधक है। राज्य वन सेवा के अधिकारियों को आईएफएस अवार्ड के लिए 2009 बैच के रामकुमार अवधिया के अतिरिक्त विद्या भूषण मिश्रा, राजेन्द्र मिश्रा, माधव सिंह मौर्य, श्रीमती ज्योति मुड़िया, संतोष कुमार रनछोरे, हरिश चंद्र बघेल, भानु प्रकाश बधवा, रामकिशन सोलंकी, रेशम सिंह धुर्वे, मोहन कटारा, श्रीमती अनुभा त्रिवेदी, जया पांडे, मनीषा पुरवार, मुकेश पटेल, धीरेंद्र प्रताप सिंह, प्रमोद सिंह, लाल सुधाकर सिंह, श्रीमती शौकी राही, बृजेंद्र कुमार खोब्रागड़े, भारत सोलंकी, एल्विन बर्मन, अंतर सिंह ओहरिया, अविनाश जोशी, हमीदुल्लाह खान, संजय पाठक, शुक्ला और राजेश शर्मा के नाम पर हुआ। सूत्रों के अनुसार जिन नाम में बंधन हुआ उनमें से दो-तीन अधिकारियों के लिफाफे बंद होने की संभावना बताई जा रही है।

# भारतीय टीम दूसरे टेस्ट में जीत से 58 रन दूर

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय टीम को वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में जीत के लिए अब केवल 58 रनों की जरुरत है। मैच के चौथे दिन भारतीय टीम को जीत के लिए 121 रनों का लक्ष्य मिला था जिसका पीछा करते हुए भारतीय टीम ने दिन का खेल समाप्त होने के समय तक अपनी दूसरी पारी में एक विकेट पर 63 रन बना लिए थे। केएल राहुल 25 और साई सुदर्शन 30 रन बनाकर खेल रहे थे। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय पारी की शुरुआत अच्छी नहीं रही। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल 8 रन पर ही आउट हो गये। इसके बाद केएल राहुल और साई सुदर्शन ने नाबाद अर्धशतकीय साझेदारी कर भारतीय टीम के स्कोर को आगे बढ़ाया।

इससे पहले आज सुबह तीसरे दिन के दो विकेट पर 173 रनों से आगे खेलते हुए वेस्टइंडीज की टीम अपनी दूसरी पारी में 390 रन बनाकर आउट हो गयी। जॉन कैम्पबेल ने 115 और शाई होप ने 103 रन बनाकर टीम को यहां तक पहुंचा। भारतीय टीम की ओर से स्पिनर कुलदीप यादव ने 5 विकेट जबकि जसप्रीत बुमराह ने 3 और मोहम्मद सिराज ने 2 विकेट लिए।

इससे पहले भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी पांच विकेट पर 518 रन बनाकर घोषित कर दी थी। जिसके जवाब में वेस्ट इंडीज की टीम अपनी पहली पहली पारी में 248 रन ही बना पायी। इसके बाद भारतीय टीम ने उसे फॉलो-ऑन खेलने के लिए बुलाया। वेस्टइंडीज ने इंडीज को दूसरी पारी में कैम्पबेल और होप के शतक से पारी की हार को टाल दिया। जॉन कैम्पबेल और शाई होप ने तीसरे विकेट के लिए 177 रनों की साझेदारी कर भारतीय गेंदबाजों को टक्कर दी। भारतीय टीम की ओर से पहली पारी में यशस्वी जयसवाल के अलावा कप्तान शुभमन गिल ने भी शतक लगाया था।




# सहवाग का दो तिहरे शतक का रिकार्ड तोड़ सकते हैं यशस्वी- कैफ

नई दिल्ली ।एजेंसी। पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की जमकर प्रशंसा की है। यशस्वी ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 175 रनों की पारी खेली थी जिससे कैफ बेहद प्रभावित हैं। कैफ के अनुसार यशस्वी ही टेस्ट में दो तिहरे शतकों का वीरेंद्र सेहवाग का रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं। कैफ ने सोशल मीडिया पर लिखा, यशस्वी में बड़ी पारियां खेलने का संयम और क्षमता दोनों हैं। अपने पहले 26 टेस्ट मैचों में उनके आंकड़े सचिन और विराट जैसे खिलाड़ियों के करीब नजर आते हैं। तेज स्ट्राइक रेट से लगाये उनके शतक से अधिकतर भारतीय टीम जीती है।

सहवाग ने टेस्ट क्रिकेट में दो तिहरा शतक लगाये है। उन्होंने साल 2004 में पाकिस्तान के खिलाफ 309 जबकि 2008 में दक्षिण अफ्रीका के सामने 319 रनों की



पारी खेली थी। वहीं उसके बाद करुण नायर ने भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक लगाया था। करुण अब भारतीय टीम बाहर हो गये हैं।

वेस्टइंडीज़ के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन यशस्वी ने केवल 145 गेंदों में ही शतक लगा दिया। उन्होंने कई शानदार शॉट खेलकर अपनी बल्लेबाजी को साबित किया है। उनके नाम 24 साल से कम उम्र में सात शतक का रिकार्ड है। उनसे पहले इतनी कम उम्र में साल शतक केवल दक्षिण अफ्रीका के ग्रेम स्मिथ ने लगाये थे। वहीं यशस्वी से पहले भारतीय बल्लेबाजों में यह उपलब्धि केवल महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के नाम थी।

# विराट और रोहित 2027 एकदिवसीय विश्वकप खेलकर टीम को जीत दिलायें - रोहन जेटली

नई दिल्ली ।एजेंसी। दिल्ली क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के अध्यक्ष रोहन जेटली जेटली चाहते हैं कि विराट और रोहित शर्मा आगामी विश्व कप में साथ खेलें और देश को एक और आईसीसी ट्रॉफी जिताएं। विराट और रोहित अब केवल एकदिवसीय क्रिकेट ही खेलते हैं हालांकि बढ़ती उम्र को देखते हुए इन दोनो को विश्वकप के लिए टीम में जगह मिले ये अभी तय नहीं है। विश्व कप से पहले उन्हें कम ही एकदिवसीय खेलने को मिलेंगे। ऐसे में इन्हें अभ्यास के लिए घरेलू क्रिकेटर खेलने की सलाह दी गयी है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) भी दोनों को विजय हजारे ट्रॉफी में खेलते हुए देखना चाहती है। जेटली ने कहा कि ये विराट कोहली पर निर्भर करता है कि वह विजय हजारे ट्रॉफी खेलते हैं या नहीं। जेटली के अनुसार दिल्ली विराट का घर है और उन्हें यहां खेलने के लिए किसी से पूछने की आश्वयकता नहीं है। विराट दिल्ली की ओर से क्रिकेट खेलते रहे हैं।

जेटली ने कहा, 'विराट दिल्ली के लिए विजय हजारे ट्रॉफी खेलेंगे या नहीं, वो समय के साथ पता चलेगा क्योंकि अभी विजय हजारे




के लिए शिविर लगेंगे। रणजी ट्रॉफी के दौरान जो ब्रेक मिलेंगे उस दौरान विजय हजारे ट्रॉफी के कैंप लगेंगे। कोहली कम से कम 2 विजय हजारे के मैच खेल सकते हैं

ऐसा बताया जा रहा है कि अगर विराट और रोहित को अगले एकदिवसीय विश्व कप में खेलना है , तो उन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज से पहले कम से कम विजय हजारे के दो मैच खेलने होंगे। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज खत्म होने और न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज शुरू होने के बीच दिल्ली और मुंबई टीमों के लिए करीब 6 दौर के मुकाबले होंगे।

विराट ने आखिरी बार साल 2010 में विजय हजारे ट्रॉफी खेली थी। उन्होंने तब दिल्ली टीम की कप्तानी की थी। वहीं रोहित और विराट के आगामी विश्व कप में खेलने पर संशय छाया हुआ है। बीसीसीआई के मुख्य सेलेक्टर अजीत अगरकर ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए टीम की घोषणा के दौरान संकेत दिया था कि दोनों का विश्व कप में खेलना अभी तय नहीं है।

## भारत-ऑस्ट्रेलिया महिला विश्व कप मुकाबले में सबसे अधिक छक्के और रनों का बना रिकार्ड

विशाखापत्तनम ।एजेंसी। यहां भारत और ऑस्ट्रेलिया की टीमों के बीच हुए महिला विश्व कप 2025 क्रिकेट मुकाबले में दो रिकार्ड बने है। इसमें एक सबसे अधिक छक्के और दूसरा सबसे बड़े लक्ष्य को हासिल करने का है। दोनो ही टीमों ने कुल मिलाकर 13 छक्के लगाये हैं जो एक नया रिकार्ड है। भारतीय टीम ने 7 जबकि ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 6 छक्के लगाये। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय टीम से मिले 331 रनों के विशाल लक्ष्य को सात विकेट पर हासिल करने के साथ ही तीन विकेट से जीत दर्ज की। विश्वकप में अब तक इस मैच में सबसे अधिक 13 छक्के लगे हैं।

ये महिला एकदिवसीय विश्व कप में अब तक सबसे अधिक छक्के का रिकॉर्ड है। वहीं इस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने 331 रन का लक्ष्य हासिल कर एक नया रिकार्ड बनाया है। इससे पहले लक्ष्य का पीछा करते हुए सबसे अधिक रनों का रिकॉर्ड श्रीलंकाई टीम के नाम था। श्रीलंका ने साल 2024 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 302 का लक्ष्य हासिल किया था।

# भारतीय मूल के ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर हरजस ने बनाया रिकार्ड

सिडनी, एजेंसी। भारतीय मूल के ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर हरजस सिंह अपनी आक्रामक पारियों के बाद भी अब तक टीम में जगह नहीं बना पाये हैं। उनके नाम घरेलू क्रिकेट ग्रेड टूर्नामेंट न्यू साउ वेल्स प्रीमियर चैंपियनशिप में तिहरे शतक का भी रिकार्ड है। हरजस ने इसमें 141 गेंदों पर 314 रन बनाये। इस दौरान उन्होंने 35 छक्के लगाये। हरजस ने इसी के साथ ही एकदिवसीय में सबसे अधिक छक्कों का 120 साल पुराना एक रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। इससे पहले 1903 में विक्टर ट्रंप ने 335 और 2007 में फिल जैक्स ने 321 रन की पारी खेली थी, लेकिन हरजस से सबसे तेज तिहरा शतक लगाया है। उनके नाम अब एक नया विश्व रिकॉर्ड दर्ज हो चुका है।

इस बल्लेबाज ने पिछले साल अंडर-19 विश्वकप फाइनल में भारतीय अंडर-19 के खिलाफ 55 रनों की आक्रामक पारी खेलकर भी अपनी टीम को जीत दिलायी थी। हरजस इसके बाद भी ऑस्ट्रेलियाई टीम में जगह नहीं बना पाये हैं जबकि उनके साथ खिलाड़ी कहीं आगे बढ़ गये हैं। उनके साथ खेले सैम कोंस्टास ने ऑस्ट्रेलिया




के लिए टेस्ट में डेब्यू भी कर लिया हैं। वहीं हरजस को काफी प्रयासों के बिन भी राष्ट्रीय या ए टीम में जगह नहीं मिली है। इसके बाद भी वह निराश नहीं हैं और उनका कहना है कि इर किसी अपना सफर और रास्ता अलग होता है।

पिछले सप्ताह हरजस के तिहरे शतक से ही क्रिकेट ग्रेड टूर्नामेंट न्यू साउ वेल्स प्रीमियर चैंपियनशिप में उनकी टीम वेस्टर्न सबर्ब्स ने सिडनी क्रिकेट क्लब के को 186 रनों से हराया था। उस मैच में ??11वें ओवर में नंबर 3 पर बल्लेबाजी करने आए हरजस ने 35वें ओवर में शतक पूरा किया। इसके बाद उन्होंने 214 रन और बना लिये। यह पारी एनएसडब्ल्यू प्रीमियर प्रथम श्रेणी के इतिहास में तीसरा सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर बन गया और एक पारी में सर्वाधिक छक्कों का 124 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया।

हरजस बोले- शतक के बाद सभी गेंदों पर छक्के लगाना चाहता था। इस क्रिकेटर के पिता पंजाब में राज्य स्तर पर मुक्केबाजी में चैंपियन थे जबकि उनकी मां लंबी कूद की खिलाड़ी थीं। वे साल 2000 में बेहतर भविष्य की उम्मीद में चंडीगढ़ छोड़कर ऑस्ट्रेलिया चले गए थे।



## युवा खिलाड़ी की मैदान पर दिल का दौरा पड़ने से मौत

मुरादाबाद ।एजेंसी। खेल के मैदान में हो रही मौतों के मामले बढ़ते जा रहे हैं। अब उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले में एक स्थानीय क्रिकेट मैच के दौरान एक युवा खिलाड़ी की गेंदबाजी के दौरान दिन का दौरा पड़ने से मौत हो गयी। इससे सभी सन्न रह गये। ये मामला मुरादाबाद के बिलारी ब्लॉक क्षेत्र का है। यहां मैच के दौरान गेंदबाज लड़खड़ाकर गिर पड़ा। अचानक हुए इस घटनाक्रम को पहले तो खिलाड़ी और दर्शक समझ ही नहीं पाये। इसके बाद जब खिलाड़ी नहीं उठा तो पाए। उसे उठाया गया और तत्काल ही अस्पताल ले जाया गया पर न डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एक खिलाड़ी की मैदान पर हुई मौत से इलाके में दुख की लहर फैल गयी है। इससे पहले भी देश में कई जगहों पर खिलाड़ियों की इस प्रकार से हो रही मौतों के मामले सामने आये हैं।

## लगातार दूसरी हार से निराश हरमनप्रीत बोली, हम वापसी करेंगे

विशाखापत्तनम ।एजेंसी। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्वकप मैच में 300 से अधिक रन बनाने के बाद भी मिली हार पर निराशा जताई है। हरमनप्रीत ने साथ ही कहा कि केवल दो मैचों में मिली हार से विश्वकप अभियान पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। इन दोनो ही मैचों में टीम का प्रदर्शन अच्छा रहा हालांकि उसे जीत नहीं मिल पायी।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच में भारतीय टीम ने 330 रनों का विशाल स्कोर बनाया था पर फिर भी वह उसका बचाव नहीं कर पायी। इस मैच में भारतीय टीम को 3 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। हरमनप्रीत ने कहा कि दो मैचों की विफलता से कोई विशेष प्रभाव नहीं पड़ता है और टीम एक बार फिर जीत के साथ वापसी करेगी। हरमनप्रीत कौर ने कहा, हमारी शुरुआत जिस तरह की हुई थी, उससे हम 30 से 40 रन और बना सकते थे पर अंतिम 6 से 7 ओवरों में हमने लगातार विकेट गंवा दिये। बल्लेबाजी के लिए अच्छे विकेट का लाभ नहीं उठा पाने के कारण ऐसा हुआ। सलामी बल्लेबाजों ने काफी अच्छी शुरुआत दी थी पर बीच के ओवरों में हम उसका ठीक से इस्तेमाल नहीं कर पाये हालांकि निचले क्रम का प्रदर्शन अच्छा रहा। हरमनप्रीत ने कहा, अगले कुछ मैच बहुत अहम हैं और इस मैच से कई सकारात्मक बातें सामने आई हैं। हम बैठकर उस पर बात करेंगे। इस संयोजन से हमें पहले भी सफलता मिली है। वहीं भारतीय टीम को पिछले मैच में दक्षिण अफ्रीका के हाथों 3 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार से निराश कोच मजूमदार बोले, 20 रन और बनाये होते तो परिणाम अलग होता

विशाखापत्तनम ।एजेंसी। भारतीय महिला क्रिकेट टीम के मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्वकप मुकाबले में हार पर निराशा जताते हुए कहा कि हमारी टीम ने अगर कुछ रन और बनाये होते तो परिणाम अलग होता। इस मैच में भारतीय टीम ने 330 रनों का विशाल स्कोर बनाया था पर वह इसका बचाव नहीं कर पायी और उसे तीन विकेट से हार का सामना करना पड़ा। कोच मजूमदार ने कहा कि अच्छी शुरुआत के साथ ही बेहतर तरीके से मैच को समाप्त करना आना भी जरुरी है। उन्होंने कहा कि हमें इस मैच में जिस प्रकार की शुरुआत मिली उसके अनुसार टीम को करीब 20 रन अधिक बनाने थे।

मजूमदार ने कहा, 'हमारे बल्लेबाजों ने जबरदस्त बल्लेबाजी कर 330 रनों का काफी अच्छा स्कोर किया था। इससे हमारी टीम की बल्लेबाजी की गहरायी पता चलती है।'



उन्होंने कहा, ' किसी भी मैच में जीत के लिए बेहतर फिनिशिंग की जरुरत होती है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले मैच में हम जीतते-जीतते अंतिम पांच ओवरों में अच्छी गेंदबाजी नहीं कर पाने से हार गये थे। इस मैच में भी यही हुआ। अगर टीम अंतिम ओवरों में करीब 20 रन और बनाती तो उसे इस मैच में जीत मिल जाती। टीम हालांकि मैचों को फिनिश करने की तरकीब सीख रही है।'

टीम को एक अतिरिक्त विशेषज्ञ गेंदबाज की कमी महसूस होने की बात भी कोच ने मानी है। उन्होंने कहा, 'हम आत्ममंथन करेंगे और देखेंगे कि क्या एक और गेंदबाज की जरूरत है। टीम प्रबंधन इस पर विचार करके अगले मैच से पहले सही फैसला लेगा.'

वहीं उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई टीम की तारीफ करते हुए कहा कि उसने विशाल लक्ष्य का जिस प्रकार से पीछा किया उससे वह जीत की अधिकारी बनती है। एक ओवर पहले ही 331 रन का लक्ष्य हासिल करना कठिन है।

# पाक गेंदबाज इहसानुल्लाह का दावा, अभिषेक को 3 से 6 गेंदों में ही आउट कर दूंगा

लाहौर, एजेंसी। एशिया कप क्रिकेट में अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से विरोधी टीम के गेंदबाजों की जमकर पिटाई करने वाले भारतीय क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा को पाकिस्तान के एक गेंदबाज ने चुनौती दी है। पाक गेंदबाज इहसानुल्लाह का एक वीडियो आया है। इसमें इस गेंदबाज ने कहा है कि अगर उसे अवसर मिले तो वह 3 से 6 गेंदों में ही अभिषेक को आउट कर सकता है। उसने इसके लिए अपनी योजना भी बतायी है। इहसानुल्लाह को एशिया कप में पाकिस्तान की टीम में जगह नहीं मिली थी। इस गेंदबाज ने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में प्रवेश किया है। इस गेंदबाज ने पाक के लिए एक एकदिवसीय और 4 टी20 मुकाबले खेले हैं।



वहीं दूसरी ओर अभिषेक ने एशिया कप के सात मैचों में करीब 200 के करीब स्ट्राइक रेट से 314 रन बनाए हैं। उनके नाम सबसे ज्यादा छक्के का रिकार्ड भी है। वहीं पाक सुपर लीग में 152.65 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंकने के लिए मशहूर हुए इहसानुल्लाह के अनुसार वह अभिषेक का विकेट ले सकते हैं।

वायरल वीडियो में इहसानुल्लाह कहते नजर आ रहे हैं, 卐अगर मुझे भारत के खिलाफ खेलने का मौका मिला तो मैं अभिषेक का विकेट 3 से 6 गेंदों के बीच ले लूंगा।卐

साथ ही कहा, 卐मेरी 140 किमी प्रति घंटे की रफ्तार उसे 160 जैसी लगेगी। वह उनकी तेजी का अंदाजा नहीं लगा पाएगा। मैं बाएं हाथ के बल्लेबाज़ों को इनस्विंगर करता हूं, और उसे ऐसी गेंदों से परेशानी होती है। इसीलिए मैं ऐसा कह रहा हूं। मैं बाएं हाथ के बल्लेबाजों के दाएं कंधे पर अपनी बाउंसर फेंकता हूं। जिससे खेलना कठिन हो जाता है। 卐 भारत और पाकिस्तान की टीमों के बीच अगला मुकाबला टी20 विश्वकप 2026 में खेला जाएगा, अब देखना होगा कि इमसें इहसानुल्लाह पाक टीम में जगह मिलती है या नहीं।

# मंधाना एक साल में 1000 रन बनाने वाली पहली महिला खिलाड़ी बनी

## सबसे तेजी के साथ पांच हजार रन बनाकर टेलर का रिकार्ड तोड़ा

मेलबर्न ।एजेंसी। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय विश्वकप मुकाबले में 18 रन बनाते ही एक अहम उपलब्धि हासिल कर ली है। मंधाना एक कैलेंडर वर्ष में 1000 रन पूरे करने वाली पहली महिला खिलाड़ी बनी हैं।

इससे पहले एक कैलेंडर वर्ष में सबसे अधिक 970 रनों का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया की बेलिंडा क्लार्क के नाम था बेलिंडा ने साल 1997 में एक कैलेडर ईयर में 970 रन बनाये थे। मंधाना ने गेंद लगाकर क्लार्क का रिकॉर्ड तोड़ा। वहीं मंधाना के नाम अब 1000 से अधिक रन हो गये हैं।

मंधाना ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 66 गेंदों पर 9 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 80 रन की शानदार पारी खेली, वह सोफी मोलिनक्स की गेंद पर आउट हुई। मंधाना इसी के साथ ही महिला एकदिवसीय क्रिकेट में सबसे तेजी के साथ ही 5000 रन पूरे करने वाली खिलाड़ी भी बनी हैं। उन्होंने अपने 112वें एकदिवसीय मैच में सबसे तेजी से 5000 रन पूरे कर वेस्टइंडीज की स्टेफनी टेलर का 129 मैच में पांच हजार रनों का रिकार्ड तोड़ दिया।

## रमीज ने बाबर पर कसा तंज, सोशल मीडिया पर हुआ वायरल

लाहौर ।एजेंसी। पाकिस्तान क्रिकेट हमेशा से ही विवादों में रहा है। इसी में अब एक और विवाद जुड़ गया है। पूर्व कप्तान रमीज राजा ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच में कमेंट्री के दौरान ही अनुभवी बल्लेबाज बाबर आजम के आउट होने पर तंज कस दिया। रमीज ने कहा कि ये आउट हैं पर ड्रामा जरुर करेगा। इस दौरान वह कमेंट्री बॉक्स में लगे माइक को बंद करना भूल गए। इससे ये बातें सभी ने सुन ली और और सोशल मीडिया पर भी वायरल हो गयीं। यह मामला 49वें ओवर का था। उस समय बाबर 1 रन पर खेल रहे थे। तभी वह कैच आउट दिये गये। जैसे ही बाबर ने डीआरएस रिव्यू के लिए इशारा किया। रमीज ने कहा 卐ये आउट हैं पर ड्रामा जरुर करेगा। वहीं रिप्ले में बाबर को आउट नहीं दिया गया।



इस मैच में पाक ने सलामी बल्लेबाज इमाम-उल-हक और कप्तान शान मसूद के 161 रनों की सहायता से अच्छी शुरुआत की। इमाम 93 रन पर जबकि मसूद 76 रन पर पेवेलियन लौट गये। इसके बाद मध्य क्रम ढ़ह गया और पाक टीम ने 200 रनों के अंदर ही पांच विकेट गंवा दिये। बाबर इसके बाद खेलते रहे लेकिन 48 गेंदों पर केवल 23 रन बनाकर आउट हो गये। इसके बाद मोहम्मद रिजवान और सलमान आगा ने पारी को संभला। इन दोनो के बीच 114 रन की नाबाद साझेदारी हुई। पाकिस्तान ने दिन का अंत तक पांच विकेट पर 313 रन बना लिए थे। इस दौरान रिजवान 62 जबकि आगा 52 रन पर खेल कर रहे थे।

# कोच पर लगा आजीवन प्रतिबंध, अरशद नदीम की मुश्किलें बढ़ीं

लाहौर ।एजेंसी। पाकिस्तान के ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी अरशद नदीम की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। इसका कारण है कि अरशद के कोच सलमान इकबाल पर पाकिस्तान एमेच्योर एथलेटिक्स महासंघ (पीएएएफ) ने आजीवन प्रतिबंध लगा दिया है। कोच पर ये प्रतिबंध पंजाब एथलेटिक्स संघ के संविधान का उल्लंघन करने के लिए लगाया गया है। अब सलमान किसी भी एथलेटिक्स गतिविधि में शामिल नहीं हो पायेंगे। इसके अलावा वह किसी भूमिका में भी भाग नहीं ले पायेंगे।

महासंघ के अनुसार इकबाल ने अगस्त में पंजाब एथलेटिक्स संघ के चुनाव कराकर नियमों को तोड़ा है। इसी के बाद एक जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट में सलमान पर इकबाल पर आजीवन प्रतिबंध लगाने को कहा था। वहीं हाल ही में पाकिस्तान खेल बोर्ड (पीएसबी) ने भी इस कोच से टोक्यो विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अरशद के खराब प्रदर्शन के लिए जवाब मांगा था।

सलमान कई वर्षों से अरशद नदीम के मुख्य कोच और मेंटर रहे हैं और उन्होंने पाकिस्तान के लिए कई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में एथलीट को तैयार किया है पर अब उनकी सेवाएं अरशद को नहीं मिल पायेंगी।

# औद्योगिक क्षेत्र कनकी में 31 हितग्राहियों को उद्यम लगाने 63 भू-खंड आवंटित

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 13 अक्टूबर को भोपाल में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से निवेश प्रोत्साहन एवं संवर्धन योजना के अंतर्गत प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्रों के 237 भू-खंण्डो का उद्यमियों को आवंटन पत्र (एलओआई) सिंगल क्लिक के माध्यम से जारी किया। इसमें बालाघाट जिले के औद्योगिक क्षेत्र कनकी के 63 भू-खण्ड 31 उद्यमियों को उद्यम लगाने के लिए आवंटित हुए है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रदेश की 700 एमएसएमई ईकाईयों को 197 करोड़ तथा स्टार्टअप योजना के अंतर्गत 63 उद्यमियों को 01 करोड़ रुपए से अधिक की राशि अंतरित की।





कलेक्ट्रेट कार्यालय बालाघाट के एनआईसी कक्ष में भोपाल में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। इस कार्यक्रम में बालाघाट जिले के उद्यमी वीडियों कांफ्रेंस के माध्यम से जुड़े थे। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने बालाघाट के हितग्राहियो से संवाद भी किया और उन्हें सफल उद्यमी बनने के लिए शुभकामनाए दी। इस अवसर पर कलेक्टर मृणाल मीना, मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग की सदस्य श्रीमती मौसम बिसेन, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीत सिंह ठाकुर, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र की महाप्रबंधक श्रीमती प्रीति मर्सकोले, अन्य अधिकारी एवं उद्यमी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने औद्योगिक क्षेत्र कनकी में भू-खण्ड पाने वाले उद्यमी अनिल कुमार गोडवानी व प्रेमचंद गुरनानी, एमएसएमई के अंतर्गत प्रोत्साहन राशि प्राप्त करने वाले उद्यमी दीपक रामचंदानी व विनोद राहंगडाले तथा मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के अंतर्गत रेस्टारेंट व्यवसाय प्रारंभ करने वाले कौनेंन कुरैशी व निखिलेश धुवारे से वीडियों कांफ्रेंस के माध्यम से चर्चा कर उनके उद्यमों, निवेश की गई राशि एवं उनके परिजनों के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नक्सल प्रभावित जिले में नए उद्यमियों के इस तरह से आगे आकर उद्यम लगाने और अन्य लोगो को रोजगार देने की सराहना करते हुए कहा कि इससे बालाघाट जिले और प्रदेश के विकास को गति मिलेगी।

औद्योगिक क्षेत्र कनकी में जिन उद्यमियों को सिंगल क्लिक के माध्यम से भू-खण्ड का आवंटन पत्र (एलओआई) जारी किया गया है उनमें उद्यमी अवनेश बजाज, रोहित मंगलानी, मोहेंद्र मरकाम, रति गंगवानी, सौरभ संतोष छुटवानी, यश अशोक गजभिए, सतीश गंगवानी, जोगेश धुवारे, मधुमिलन गुप्ता, मनीषा भगत, श्वेता सहारे, राजेश बजाज, सन्नी बजाज, राहुल मंगलानी, गिरधारी रणदिवे, राहुल गंगाराम राहंगडाले, तपेश सोमचंद तिलाशे, सुनील कुमार कामड़े, करण बजाज, अनिल कुमार गोडवानी, वंश गोडवानी, सोनम योगेंद्र दहीकर, दीपक तेजवानी, भावेश राधेश्याम नत्थानी, प्रेमचंद गुरूनानी, विकास बुधवानी, मुकेश गौतम, शुभम चौधरी, अनिल कुमार गोडवानी, यश गोडवानी एवं वैभव धुर्वे शामिल है। इन उद्यमियों को कलेक्टर श्री मीना ने आवंटन पत्र (एलओआई) प्रदाय किये।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जिन उद्यमियों से संवाद किये है उनमें औद्योगिक क्षेत्र कनकी में भू-खण ?ड प्राप ?त करने वाले अनिल कुमार गोडवानी द्वारा 25 लाख रुपए की लागत से केटलफीड (पशुआहार) की ईकाई लगायी जा रही है। इससे 05 अन्य लोगो को रोजगार मिलेगा। इसी प्रकार प्रेमचंद गुरूनानी द्वारा 01 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से नमकीन तैयार करने का उद्यम लगाया जा रहा है। इससे वे 14 अन्य लोगो को रोजगार देने में सक्षम रहेंगे। एमएसएमई योजना के अंतर्गत प्रोत्साहन राशि पाने वाले दीपक रामचंदानी द्वारा 04 करोड़ 82 लाख रुपए की लागत से परबाईल राईस उद्यम लगाया जा रहा है, इससे वे 17 अन्य लोगो को रोजगार देंगे। विनोद राहंगडाले द्वारा 01 करोड़ 27 लाख रुपए की लागत से राईस उद्योग लगाया जा रहा है, जिससे वे 12 लोगो को रोजगार देंगे।

# साइंस सर्किल के प्रतिभावान बच्चों का सम्मान कार्यक्रम हुआ आयोजित

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** सांदीपनि विद्यालय वारासिवनी के सभागार में 13 अक्टूबर को जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ द्वारा साइंस सर्किल प्रतियोगिता परीक्षा के प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया गया। विद्यालय प्राचार्य हुमराज पटले ने बताया कि इस प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ, विशिष्ट अतिथि अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस)अभिषेक चौधरी एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष जिला शिक्षा अधिकारी अश्विनी कुमार उपाध्याय भी मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभांरभ अतिथियों द्वारा सरस्वती पूजन कर साइंस सर्किल प्रतियोगिता परीक्षा के प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र एवं सिल्ड मेडल देकर सम्मानित कर किया गया। इस दौरान बताया गया कि साइंस सर्किल प्रतिवर्ष एक राज्य स्तरीय कनिष्ठ एवं वरिष्ट आकलन परीक्षा का आयोजन करता है, जिसमें जिले व विकासखण्ड स्तर पर परीक्षा केन्द्र बनाये जाते है। सत्र 2024-25 में यह परीक्षा 29 दिसम्बर 2025 को आयोजित की गई थी तथा इस वर्ष यह परीक्षा 28 दिसम्बर 2025 को आयोजित होनी है। इस परीक्षा में विजेता छात्रों को कनिष्ट एवं वरिष्ट स्तर पर पृथक-पृथक पारितोषिक विज्ञान दिवस 28 फरवरी को प्रदान किये जाते है। साइंस सर्किल के संस्था नोडल श्री प्रवीण राणा द्वारा बताया गया कि साइंस सर्किल द्वारा इस वर्ष नवाचार के तौर पर कक्षा 8 से 12वीं तक के विद्यार्थियों को परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान की गई है। जबकि पूर्व वर्षों में यह परीक्षा केवल कक्षा 9 से 12 तक ही आयोजित होती थी। उन्होंने बताया कि सत्र 2024-25 में प्रतिभावान छात्रों में प्रथम एवं द्वितीय स्थान क्रमश: कक्षा 9वीं से कु. दिक्षा नगपूरे एवं कु. रिद्धिमा पटले, कक्षा 10वीं से कुशल पचोरी एवं कु. महक पारधी, कक्षा 11वीं से गणित संकाय में ओम पारधी, कु. सुजल बिसेन, विज्ञान संकाय मे प्रियांशु चौधरी, कु. कशिश राहंगडाले ने हासिल किया है। छात्र छात्राओं की इस उपलब्धि के लिए साइंस सर्किल के सदस्य डॉ. युवराज राहंगडाले प्राचार्य एवं सचिव साइंस सर्किल, श्री आर.एस.बैस पूर्व प्राचार्य (उपाध्यक्ष) साइंस सर्किल, शरद खण्डेलवाल पूर्व प्राचार्य (उपाध्यक्ष) साइंस सर्किल, श्री आरके.लटारे पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी तथा समस्त विद्यालय स्टॉफ ने बच्चों को शुभकामनाए दी है।

# हट्टा महाविद्यालय के छात्रों का संभाग स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में चयन

पद्मेश न्यूज हट्टा। मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार जिला स्तरीय बास्केटबाल पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय महाविद्यालय हट्टा द्वारा बालाघाट में आयोजित की गई थी इस प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर छात्रों का चयन संभाग स्तरीय बास्केटबॉल पुरुष प्रतियोगिता जो तामिया जिला छिंदवाड़ा में दिनांक 14 एवं 15 - 10 -2025 को आयोजित हो रही है के लिए किया गया इस प्रतियोगिता के लिए बालाघाट जिले की टीम में शासकीय महाविद्यालय हट्टा के तीन छात्र विनय देशमुख नीरज कावडे एवं विवेक खोब्रारागड़े का चयन हुआ है तीनों छात्र संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में बालाघाट जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे छात्रों के चयन में संस्था के प्राचार्य मुकेश बिसेन क्रीडा अधिकारी डॉ. सचिन तिवारी के साथ-साथ संस्था के सभी शिक्षकों एवं हट्टा के सभी खेल प्रेमियों ने शुभकामनाएं दी।

# दुर्गा रोड लाइंस के कार्यालय में भड़की आग,- 5 लाख का नुकसान

पद्मेश न्यूज। उकवा। उकवा से बैहर की ओर जाने वाली सड़क बाजार चौक उकवा के समीप दुर्गा रोड लाइंस संचालक के कार्यालय में 13 अक्टूबर की सुबह करीब 6 से 7:00 के बीच अचानक आग भड़क गई। और देखते देखते रोड लाइंस की कार्यालय में रखें सामान जलकर राख हो गए। इस आगजनी में 5 लाख रुपए का नुकसान होना बताया जा रहा है। दुर्गा रोडलाइंस के संचालक छोटू चौकसे ने बताया कि 13 अक्टूबर को प्रात: सुबह 6:00 बजे अनिल मडावी जो की भरवेली खान में सिक्योरिटी गार्ड के पद पर कार्यरत है उसका फोन आया कि तुम्हारे कार्यालय में आग लगी हुई है। तब जाकर हम कार्यालय आए देखें तो आग भयंकर लग चुकी थी। आग को काबू करने के लिए हमने तत्काल पानी टंकी बुलाया और आग को काबू किये। तब तक लगभग 5 लाख रुपए का सामान जलकर खाक हो गया है। जहां पर मशीन लैपटॉप एलईडी अन्य कीमती सामान जलकर जल चुके थे। जिसकी सूचना पुलिस को दे दी गई है यह आग कैसे लगी किसने लगाई इसका अभी खुलासा होना बाकी है।



# एरियस का भूगतान न होने पर दीपावली अवकाश में धरना देगा आजाद अध्यापक शिक्षक संघ

पद्मेश न्यूज। किरनापुर। आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ब्लॉक किरनापुर द्वारा अध्यक्ष संतोष जामरे के नेतृत्व में 13 अक्टूबर को विकासखंड शिक्षा अधिकारी किरनापुर को अपनी विभिन्न लम्बित मांगों का ज्ञापन सौपा गया। इस सम्बन्ध मे अध्यक्ष संतोष जामरे ने बताया कि कि किरनापुर ब्लॉक के बहुत से शिक्षक साथियों के विभीन्न प्रकार के -एरियस का भूगतान गत 2 वर्षों से लम्बित है, कई बार संकुलों और विकासखंड शिक्षा अधिकारी कामलिय में ज्ञापन सौपा गया। किन्तु ऐरियस का भूगतान नही हुआ ।वर्तमान माह में हिन्दुओं का प्रमुख त्यौहार दीपावली है यदि इस प्रमुख पर्व के पहले हमारे समस्त एरियस का भुगतान नही होता है तो आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ब्लाक किरनापुर की समस्त कार्यकारिणी अवकाश में विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदेशन करेगी। संघ के उपाध्यक्ष रुपलाल उईके ने बतलाया कि विगत श्रषी सक्रयालति आदेश होने के बाद भी आज तक बहुत से शिक्षको को पूर्णरुपेण एरियस अप्राप्त है, उन्होंने जिला कलेक्टर महोदय से मांग की है कि एरियस लम्बित रखने वाले बाबू व अधिकारी से दो वर्षों का ब्याज लिया जायें और इन्हें लम्बित रखने की सजा भी दी जाये जिससे कि ऐसा करने की अगली बार सोचे भी नही अनेको बार संकुला व बीईओ कार्यालय में ज्ञापन दिय किन्तु हल नहीं निकला जो साथी लिपिकों व अधिकारियो से व्यक्तिगत मिलते है, उनका उनका एरियस पूर्ण रूप से निहाल दिया जाता है। हमोर शिक्षक साथी साथी एरियल नही मिलने से मानसिक मानसिक द आर्थिक रूप से परेशान है और ऊल इस दिपावली जैसे प्रमुख पर्व पर भी इन्हें-नहीं होता है, तो निश्चीत ही बकाया एरियस जप्त नहीं हम अवकाश के दिनों में कार्यालय के समय धरना। प्रदर्शन बाध्य होगे और इसी सम्पूर्ण जिम्मा जिम्मेवारी संकुल व बीईओ कार्यालय की होगी। भागे संघ कोषाध्यक्ष प्रफोड धामने ने बतलाया कि हमोर बहुत से साथियों को एचआरए का लाभ प्राप्त हो रहा था, जिसे नियम विरुद्ध तरिके से रोक दिया गया है, और ब्योर शिक्षक साथी परेशान हो रहे है। एचआरए के स्पष्ट निर्देश जिला शिक्षा अधिकार अधिकारी महोदय के होने के बाद भी रोक लगाना यहाँ के अधिकारी जिला शिक्षा अधिकारी से भी आगे है। वही एक महिला शिक्षिका की वेतन अनावश्यक रूप से रोक दी गई है यहा मनमर्जी की सरकार चल रही है न तो जिला शिक्षा अधिकारी और न ही कलेक्टर महोदय की सुनी जाती है। बहुत से साथियों के अनुमोदन कोष व लेखा जबलपुर से होना शेष है, अनुमोदन नहीं होने का कारण जानकारी त्रुतिपूर्ण भेजना जानकारी भेजी जाती है। हमारे बहुत वे शिक्षक एरियस न मिलने से कफी परेशानी महसूस कर रहे है। इसलिए हम दीपावली अवकाश में 20-10-25 से बीईओ कार्यालय किरनापुर के समक्ष अपनी मांगो के निराकरण हेल शांतिपूर्ण धरना देंगे। ज्ञापन सौंपे जाने के दौरान संगठन के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।



# जैव विविधता को खतरा होने से कई प्रजातियाँ विलुप्त हो रही है

## जलवायु परिवर्तन एवं जैव विविधता विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार संपन्न

पद्मेश न्यूज। लामता। शासकीय महाविद्यालय लामता में आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन आज दिनांक 13 अक्टूबर 2025 को किया गया कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुनीता वैद्य सुंदरलाल बिसेन, डॉ. चंद्रशेखर कटरे के द्वारा पूजन अर्चन कर किया गया उद्घाटन सत्र की शुरुआत संयोजक डॉक्टर डुलेश्वरी टेम्भरे सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान के द्वारा वेबीनार के उद्देश्य बताकर किया गया जे. एस. टी. पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे के द्वारा वेबीनार आयोजन हेतु बधाई प्रेषित की गई प्राचार्य डॉ. सुनीता वैद्य के द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ. हेमाराम धुंधवाल असिस्टेंट प्रोफेसर एस. बी. आर.एम.गवर्नमेंट कॉलेज नागौर राजस्थान डॉ निशिकांत बी सीवानकर असिस्टेंट प्रोफेसर हेड यू.जी.पी.जी डिपार्टमेंट ऑफ़ बॉटनी डीडी भोयल कॉलेज ऑफ़ आर्ट एंड साइंस मौदा नागपुर महाराष्ट्र वेबीनार की संयोजक डॉक्टर डुलेश्वरी टेम्भरे ने बताया कि वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन से बहुत सी समस्या उत्पन्न हो रही है हमारी जैव विविधता को खतरा उत्पन्न हो रहा है कई प्रजातियां विलुप्त हो रही है असमय बारिश से कृषि को नुकसान हो रहा है पृथ्वी पर रहने वाले जीव जंतु पर खतरा उत्पन्न हो रहा है इन सब के संरक्षण की आवश्यकता है ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन से एवं औद्योगीकरण से जो पर्यावरण को खतरा उत्पन्न हो रहा है इन सभी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए इस विषय का चयन किया गया ।




डॉ हेमाराम धुंधवाल के द्वारा जलवायु परिवर्तन एवं जैव विविधता के संबंध में बहुत ही सटीक जानकारी उपलब्ध कराई गई भारत के द्वारा जो प्रयास किए गए, संयुक्त राष्ट्र संघ के द्वारा जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जलवायु परिवर्तन को रोकने के जो प्रयास किए गए उनके संबंध में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई इनके द्वारा पीपीटी के माध्यम से बताया गया ।

मुख्य वक्ता डॉ निशिकांत सीवानकर के द्वारा जैव विविधता संरक्षण के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराई गई सर के द्वारा पीपीटी के माध्यम से यह बताया गया कि किस प्रकार पारिस्थितिक विविधता, प्रजाति विविधता, अनुवांशकी विविधता, बहुत सारी प्रजातियां के बारे में बताया गया जैव विविधता अधिनियम के संबंध में, राज्यों में जैव विविधता बोर्ड के संबंध में, जैव विविधता संरक्षण समिति के संबंध में, जंगली सब्जी के बारे में सटीक जानकारी उपलब्ध कराई गई सर के द्वारा बताया गया कि कानूनी प्रावधान को समझना होगा परंपरागत मेडिसिन के बारे में सर के द्वारा बताया गया सर के द्वारा जैव विविधता संरक्षण से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई गई।

प्रोफेसर सुंदरलाल बिसेन सहायक प्राध्यापक भूगोल के द्वारा जलवायु परिवर्तन एवं जैव विविधता विषय पर जो जानकारी विषय विशेषज्ञ द्वारा प्रदान की गई उसे सर के द्वारा संक्षिप्त रूप से समराइज किया गया वेबीनार के सहसंयोजक डॉक्टर चंद्रशेखर कटरे सर के द्वारा कार्यक्रम का सफल संचालन और आभार व्यक्त किया गया कार्यक्रम को सफल बनाने में तकनीकी समिति प्रमोद कुमार यादव डॉ अनिल कुमार विश्वकर्मा सर का महत्वपूर्ण योगदान रहा साथ ही इनका सहयोग विजेंद्र तरुण और राज देशमुख के द्वारा किया गया संपूर्ण वेबीनार को सफल बनाने में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर सुनीता वैद्य मैडम जन भागीदारी अध्यक्ष विनोद बोथरा जी व्यवस्थापक समिति, पंजीयन समिति, अनुशासन समिति, सलाहकार समिति, मार्गदर्शक अतिरिक्त संचालक डॉक्टर पी आर चंदेलकर सर लीड कॉलेज प्राचार्य डॉ अशोक कुमार मराठे सर परसवाड़ा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर एल एल घोरमारे सर, डॉ अरुण कुमार वैद्य सर, श्रीमती चित्रमाला भीमते मैडम महाविद्यालय के समस्त स्टाफ छात्र छात्राओं पत्रकार का अतुलनीय योगदान रहा।

# छिंदवाड़ा में सम्मानित हुई बालाघाट की प्रतिभाएं



पद्मेश न्यूज ।कटंगी। छिंदवाड़ा जिले के अमरवाड़ा मुख्यालय में 11 अक्टूबर को स्व.लखनलाल नागवंशी की पुण्य स्मृति में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के सम्मान समारोह में जिले के एक समाजसेवी एवं तीन प्रख्यात कवियों को सम्मानित किया गया। अमरवाड़ा में स्व.श्री नागवंशी की स्मृति में कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था उक्त कार्यईत्र्म में एसडीएम अमरवाड़ा हेमकरण धुर्वे, एसडीओपी सुश्री कल्याणी वरकड़े, उपजेल अधीक्षक रामनारायण नाग, पश्चिम मध्य रेलवे के निरीक्षक मनोज नागोत्रा, डॉ.सतीश कटकवार समाजसेवी नर्मदापुरम के मुख्य आतिथ्य में पर्यावरण क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए पठार संघर्ष समिति संयोजक आंजनबिहरी के सरपंच दीपक पुष्पतोड़े को श्री सुंदरलाल बहुगुणा पर्यावरणविद् समाजसेवी सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। वहीं कवि अंतू झकास वारासिवनी, दिनेश देहाती तिरोड़ी एवं संजय अश्क पुलपुट्टा को साहित्य सेवा सम्मान से नवाजा गया। इस सम्मान को पाकर कवि एवं समाजसेवी अभिभूत हुए। वहीं कवि सम्मेलन में इन कवियों ने देर रात्रि तक एक से बढ़कर एक काव्यपाठ कर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। उक्त कार्यईत्र्म का संयोजन हास्य कवि भुवन सिंह धांसू एवं आयोजन हरिलाल नागवंशी एवं टीम द्वारा किया गया था।

# लूट के इरादे से घर मे घुसे नकाबपोश लुटेरों ने दंपत्ति पर किया प्राणघातक हमला

पद्मेश न्यूज। किरनापुर। किरनापुर पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत किन्ही पुलिस चौकी के ग्राम चतुरुटोला मे 12 से 13 अक्टूबर की दरमियानी रात्रि नकाबपोश अज्ञात लुटेरो ने लूट की मंशा से एक घर में घुसकर लूट का प्रयास किया है इस दौरान घर में सो रहे दंपति पति-पत्नी की आंख खुल गई तो उन्होंने शोर मचाना शुरू किया इस दौरान अज्ञात लुटेरों ने पति-पत्नी पर धारदार हमले से प्राण घातक हमला कर वहां से फरार हो घटना के संबंध मे मिली जानकारी के अनुसार ग्राम चतुरुटोला निवासी पुरूषोतम कापसे के मकान में बीती रात्रि लगभग 2 बजे अज्ञात व्यक्तियों जिनकी संख्या 6 से 7 होने की आशंका जताई जा रही है । रात्रि के समय मे अचानक घर मे घुस कर सामान तलाशने लगे आहट मिलने पर घर के लोग नींद से जाग गए जिस पर लुटेरों ने धारदार हथियार से प्राण घातक हामला कर दिया। हमले में पुरुषोत्तम कापसे को गंभीर चोटे, आई है तो उसकी पत्नी पुष्पलता कापसे गर्दन मे घातक हथियार,दादाजी मदनलाल कापसे पर भी प्राण घातक वार किया गया । घर के सभी परिवार जाग उठे फिर बिच बचाव करने पर अज्ञात व्यक्ति भाग निकले है। देखने पर घर मे कई सामान बिखरे पड़े हुए थे ।घायल पिता बेटा बहू को मौके पर नागपुर रेफर कर दिया गया है। वही ग्रामीणों द्वारा दबी जुबान से इस पूरे मामले को डबल मनी से जोड़कर देखा जा रहा है। बहरहाल आगे मामले में पुलिस विभाग की टीम एवं डॉग स्कॉट द्वारा घटना स्थल पर पहुंची तथा पुलिस द्वारा विभिन्न बिन्दुओं पर सूक्ष्मता से जांच प्रारंभ कर दी गई है।

# उत्कृष्ट स्कूल की ज्ञानदीप 2025 पत्रिका के 41 वें अंक का हुआ विमोचन

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट में सोमवार को विद्यालय की वार्षिक विज्ञान पत्रिका ज्ञानदीप 2025 के 41 वें अंक का विमोचन उत्कृष्ट स्कूल के सभागार में किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में म.प्र पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग सदस्य मौसम बिसेन, नपा अध्यक्ष श्रीमती भारती ठाकुर,पूर्व नपाध्यक्ष रमेश रंगलानी, पीटीए अध्यक्ष श्रीमती साधना राणा सहित अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई ।कार्यक्रम में विज्ञान एवं नवाचार से जुड़े विद्यार्थियों के रचनात्मक कार्यों को प्रदर्शित किया गया। इस विशेषांक में क्वांटम फिजिक्स, आधुनिक विज्ञान, अनुसंधान एवं तकनीकी प्रगति से संबंधित विद्यार्थियों के लेख, मॉडल और चित्र प्रकाशित किए गए हैं। विमोचन अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य, विज्ञान विभाग के शिक्षक तथा छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।




इस दौरान अतिथियों द्वारा अपने विचार व्यक्त करते हुये कहा गया कि स्कूली वार्षिक पत्रिका में साल भर की स्कूल की उपलब्धि व शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं के ज्ञानवर्धक संदेशों एवं सुझावों का समावेश रहता है। इसमें हर वर्ष नया अपडेट किया जाता है। आवश्यकता ही आविष्कार की जननी है। ज्ञानदीप ज्ञान का सागर है जिसके विमोचन में हम सभी साक्षी बने है। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं से कहा कि स्कूल की पढ़ाई समाप्त होने के बाद दूसरे संस्थान में जाते समय कोई अच्छा कार्य करने का संकल्प लेंवे ।प्राचार्य ने बताया कि यह विशेषांक विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और अनुसंधान की भावना विकसित करने का एक प्रयास है। उन्होंने सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों को इस सृजनात्मक कार्य के लिए बधाई दी ।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार ने भविष्य में भी विज्ञान एवं नवाचार को प्रोत्साहित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की ।इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य शरद ज्योतिषी, तोमर सर, श्रीमती कल्पना ठोम्बरे सहित समस्त स्टॉफ व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# किरनापुर मे राष्ट्रीय पोषण माह पर हुए विविध कार्यक्रम

पद्मेश न्यूज। किरनापुर। म.प्र. शासन के निर्देशानुसार महिला बाल विकास विभाग परियोजना किरनापुर के अंन्तातित वाली आगनवाडी केन्द्र क्रमांक 03 किरनापुर में परियोजना अधिकारी अमृत कुजूर की उपस्थिती में राष्ट्रीय पोषण माह का कार्यक्रम मनाया गया। जिसमें ग्राम किरनापुर सरपंच धर्मकला भाई. जे.पी. रामटेके के मार्गदर्शन में सभी महिलाओं की नियमित स्वास्थ्य जांच में शामिल होने उपस्तिथ और स्तनपान करने वाली माताओ को परामर्श पोषण से भरपूर बच्चों को पोषण आहार 0 -3 वर्ष के बच्चे हेतु अभिभावक सत्र पौष्टिक खाद पदार्थ का उपयोग करें 1 सेक्टर पर्यवेक्षक मंजुललता बिसेन द्वारा गर्भवस्यथा से लेकर1000 दिवसो के बारे में विस्तार से बताया। वही 17 सितम्बर हमारे देश के प्रिय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्म दिन से प्रारंभ कार्यक्रम राष्ट्रीय पोषण माह जिसका समापन 16अक्टूबर 2025 को होगा। हमारे कार्यक्रम की थीम नमक शक्कर तेल कम खाने के बारे मे आगनवाड़ी कार्यकर्ता अलका रामटेके द्वारा बताया गया है। इस कार्यक्रम मे ग्राम के वार्ड 14 की पंच लक्ष्मीकांता चौरीवार, जयमाला रहेकवार पंच की उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम में उप सरपंच रोशनी उपाध्याय भी उपस्थिती हुई थी जिन्होंने पोषण आहार में काफी अच्छी चर्चा कर हमारे कार्यक्रम को गतिप्रदान की। महिला बाल विकास कार्यक्रम में सेक्टर किरनापुर की समस्त कार्यकर्ता उपस्थिति हुई है। जिन्होंने अपने नये नये विचारों को महिलाओं के सामने विचार रखा ।कार्यक्रम में महिला गौरीकला परते, पूजा जांगड़े ,माहेश्वरी रहेकवार ,सुनीता नगपुरे एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भाग्यश्री भिमटे एवं सभी महिलाओं की उपस्थिती रही ।



# धान की फसल पर खतरनाक 'माहू' कीट का जबर्दस्त प्रकोप !

## किसानों की दीवाली हुई फीकी, लगातार बारिश की वजह से हल्के किस्म की धान की फसल की कटाई भी प्रभावित



**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।**

माहू नामक धान की खतरनाक बीमारी ने बालाघाट जिले में धान की फसल को जबरदस्त प्रभावित किया है. मध्ययम अवधि की धान की सभी किस्मो पर इसका प्रभाव ज्यादा है. जिले के किसानों के सामने सिवाय आंसू बहाने के और कोई चारा नहीं है। किसानों में इस बात की चिंता है कि उनका 60 से 70 फीसदी फसल बर्बाद हो रही है. इधर, बाजारों में उपलब्ध माहू कीट नियंत्रक कीटनाशक बेअसर हो रहा है. कोई भी कीटनाशक इस बीमारी को खत्म करता नहीं दिख रहा है।

उधर, लगातार और कभी बीच बीच में हो रही बेमौसम बरसात ने हलकी धान की फसल को चौपट कर दिया है. इससे इस बार किसानों की दीपावली बेरंग नजर आ रही है. यही वजह है कि धान कटाई नहीं होने से बाजार भी सूना सूना है।

गौरतलब है कि धान बालाघाट जिले का प्रमुख फसल उत्पादन है। यह खरीफ और रबी दो सीजन में लगाई जाती है जिसमे खरीफ धान की फसल ज्यादा लाभदायी होती है।

लेकिन इन दिनों इसी खरीफ धान की फसल बर्बादी के कगार पर है. वजह है खतरनाक कीट माहू का प्रकोप. इसके चलते लगभग जिले भर में इसने धान की फसल को अपने चपेट में ले लिया है।

किरनापुर तहसील के मंगोलीकला गाँव के किसान रेखलाल बिसेन बताते हैं कि उनकी पैतृक और अधियादारी की पूरी 6 एकड़ खेत में लगी मध्यम अवधि की धान की पूरी फसल को इस बीमारी ने अपने चपेट में ले लिया है. बमुश्किल फसल होना भी नहीं लग रहा है।

यही हाल कमोबेश सारे किसानों की है. सब के सब धान फसल में खतरनाक माहु कीट को ही इसका जवाबदेह मान रहे हैं. किसान बताते हैं कि कृषि विभाग में भी कीट नियंत्रण की जानकारी देने के अलावा कोई योजना नहीं है जिससे कि इस बीमारी का समूचे इलाके से खात्मा हो जाए।

विशेषज्ञ बताते हैं कि माहू एक कीट है जो धान की फसल का रस चूसकर पौधों को गंभीर नुकसान पहुंचाता है, जिससे पौधे पीले पड़कर सूख जाते हैं और उपज में भारी कमी आती है। यदि समय पर नियंत्रण न किया जाए, तो यह रोग 50 प्रतिशत से 90 प्रतिशत तक फसल को नष्ट कर सकता है और किसानों को आर्थिक नुकसान हो सकता है। माहू की पहचान पत्तियों पर पीले-भूरे धब्बे और पौधों का मुरझाना है, जो धीरे-धीरे पूरे खेत में फैल सकते हैं।

### माहू कीट क्या है?

जानकारी के अनुसार यह एक छोटा कीट है जो धान के पौधों के रस को चूसता है। यह पौधे की वृद्धि के सभी चरणों में नुकसान पहुंचाता है, लेकिन इसका प्रकोप अक्सर फूल आने और दाने बनते समय अधिक होता है।

### धान की फसल पर प्रभाव

माहू पौधे का रस चूस लेता है, जिससे पौधे पहले पीले और फिर भूरे रंग के होकर सूखने लगते हैं।

### उत्पादन में कमी होती है

पौधे की वृद्धि रुक जाती है और दाने कम बनते हैं, जिससे पैदावार में भारी कमी आती है।

### आर्थिक नुकसान

कम उपज और खराब गुणवत्ता के कारण किसानों को भारी आर्थिक नुकसान होता है।

### फसल का बर्बाद होना भी एक कारण है

अगर समय पर नियंत्रण न किया जाए तो यह पूरी फसल को बर्बाद कर सकता है।

### फैलने का तरीका

यह रोग पूरे खेत में गोल घेरों में फैल सकता है, जिसमें पीलापन पहले शुरू होता है और फिर भूरापन आता है।

माहू की दवा कई तरह की होती है, जिनमें फिप्रोनिल, इमिडाक्लोप्रिड, थियामेथोक्सैम और पाइमेट्रोजिन जैसे कीटनाशक शामिल हैं। दवा की पसंद फसल और कीट के प्रकार पर निर्भर करती है, और इन्हें विभिन्न ब्रांड नामों के तहत बेचा जाता है।

इस तरह धान की फसल में माहू नामक इस बीमारी के चलते किसान बेहद दुखी हैं. दीपावली का त्यौहार सिर पर है और उनकी मेहनत की कमाई पर पानी फिरता दिख रहा है।

उधर हलके किस्म की धान की फसल भी बेमौसम बारिश की वजह से बर्बाद हो चुकी है. छोटे और भूमिहीन कृषकों के सामने भारी चुनौती है।

# महिला से उसके पड़ोसी ने की मारपीट

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** ग्रामीण थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम चीचगांव में एक महिला को उसके पड़ोसी ने हाथबुक्के से मारपीट कर उसका हाथ पकड़ कर मरोड़ दिया। मारपीट में घायल महिला कविता पति रवि लिल्हारे 25 वर्ष ग्राम चीच गांव निवासी को जिला अस्पताल बालाघाट में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कविता लिल्हारे घरेलू काम करती है। जिसके परिवार में पति और दो बच्चे हैं। बताया गया है की कविता लिल्हारे के पति रवि लिल्हारे का मोहल्ले के ही कैलाश पांचे के साथ पूर्व में विवाद हुआ था और इस विवाद के चलते दोनों के बीच रंजिश बनी हुई थी। 13 अक्टूबर को दोपहर 1:30 बजे कविता अपने घर में बैठी थी। तभी पड़ोस की पपीता पांचे उसके घर बैठने के लिए आई और दोनों बातचीत करते थे। सभी कैलाश पांचे गालियां देते हुए आया और कविता से पूछने लगा कि पति कहां है और कहां गया है। कविता ने। उसे गालीया देने से मना कि तभी कैलाश पांचे ने कविता का हाथ पकड़ कर मरोड़ दिया जिससे उसकी चूड़ी फट गई और हाथ बुक्के से मारपीट कर जान से मार डालने की धमकी देकर वहां से भाग गया। मारपीट में घायल महिला कविता को उसके देवर कैलाश लिल्हारे ने जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किया है। जिला अस्पताल पुलिस ने कविता लिल्हारे का बयान लेकर अस्पताल तहरीर अग्रिम कार्रवाई हेतु घटनास्थल से संबंधित पुलिस थाना ग्रामीण भिजवा दी है।






# सांसद श्रीमती भारती पारधी का दौरा कार्यक्रम

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** बालाघाट-सिवनी लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती भारती पारधी 14 अक्टूबर को प्रात: 10 बजे अपने निवास पर आमजनों से भेंट करेंगी और प्रात: 11:30 बजे पीपरटोला बिरसा के लिए प्रस्थान करेंगी। दोपहर 01:30 बजे चित्रकुमार ठाकरे से पारिवारिक भेंट के उपरांत बिरसा से परसवाड़ा के लिए प्रस्थान करेंगी और दोपहर 02:30 बजे जनपद पंचायत परसवाड़ा में सांसद खेल महोत्सव की बैठक में शामिल होंगी। दोपहर 03:30 बजे वे परसवाड़ा से लालबर्रा के लिए प्रस्थान करेंगी तथा सायं 04:30 बजे लालबर्रा में सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत कबड्डी प्रतियोगिता में उपस्थित रहेंगी और शाम 05:30 बजे बालाघाट के लिए प्रस्थान करेंगी।



# कीटनाशक के प्रभाव में आने से एक महिला की मौत

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** मलाजखंड थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम टिंगीपुर के बाहीटोला में कीटनाशक दवाई सेवन में आने से इसी ग्राम की एक महिला सुनीता पति देवलाल मर्सकोले 38 वर्ष की बिरसा अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। मलाजखंड पुलिस ने इस महिला का शव पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुनीता अपने पति देवलाल के साथ मछली मारने और रेत निकालने के अलावा मजदूरी भी करती थी जिसके दो बेटे दुरपत मर्सकोले और राहुल मर्सकोले है। बड़ा बेटा दुपरत मर्सकोले बाहर मजदुरी करने गया हुआ है 12 अक्टूबर को सुबह 6:00 सुनीता रेत निकालने के लिए नदी गई थी किंतु कुछ देर बाद ही वह अपने घर वापस आ गई थी। जिसके बाद सुनीता घर की बाड़ी में लगी मिर्ची में कीटनाशक दवाई का छिड़काव करने गई और छिड़काव करने के बाद अपने घर लौटी तभी उसे उल्टी होने लगी और मुंह से झाग निकलने लगी थी जो बेहोशी की हालत में घर में पड़ी हुई थी। जिसे उसके बेटा राहुल ने देखा और अपने नाना बुधराम मेश्राम को जाकर बताया घटना के दौरान सुनीता का पति देवलाल मर्सकोले घर में नहीं था। बुधराम मेश्राम सुनीता के घर पहुंचा और उसे प्राइवेट वाहन से बिरसा अस्पताल ले किंतु डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिए। सुनीता की बिरसा अस्पताल लाते समय रास्ते में ही मौत हो चुकी थी। सूचना मिलते ही मलाजखंड पुलिस थाना से सहायक उप निरीक्षक रतन सोनवाने बिरसा अस्पताल पहुंचे। और शव पंचनामा कार्यवाही पश्चात सुनीता का शव पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिए। संभावना व्यक्त की गई है कि मिर्ची में कीटनाशक दवाई का छिड़काव करते समय सुनीता के मुंह में कीटनाशक दवाई चले जाने से उसकी मौत हो गई। मलाजखंड पुलिस द्वारा धारा 194 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।





पैसा ठीक होने के बाद देना

शादी से पहले एवं शादी के बाद

उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का छोटापन, टेडापन, नि:संतान, शुक्राणुओं की कमी, शुगर से आयी कमजोरी आदि सभी सेक्स समस्याओं का शर्तिया ईलाज किया जाता है।

पता-जगजीवन आयुर्वेदिक दवाखाना

गुरूनानक पेट्रोल पंप के सामने समाजवाड़ी रोड, बालाघाट, मो. 9243880464


# पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग सदस्य का दौरा कार्यक्रम

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग सदस्य श्रीमती मौसम बिसेन 14 अक्टूबर को दोपहर 01 बजे बालाघाट से भोपाल के लिए प्रस्थान करेगी और रात्रि 09 बजे भोपाल पहुंचेगी।

# जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन समिति की बैठक आज

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** 14 अक्टूबर को जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन समिति की बैठक का आयोजन किया गया है। जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरस्वार की अध्यक्षता में आयोजित यह बैठक जिला पंचायत कार्यालय सभाकक्ष में दोपहर 02 बजे से प्रारंभ होगी। बैठक में विगत सामान्य प्रशासन समिति का पालन प्रतिवेदन, गृह निर्माण मंडल (हाउसिंग बोर्ड) अंतर्गत कार्यों की समीक्षा, सहकारी विभाग की कार्यो की समीक्षा व अन्य एजेण्डो पर समीक्षा की जाएगी।









स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट ( म.प्र. ) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, प्रधान संपादक - उमेश बागरेचा, मो.नं. - 9425138710, स्थानीय संपादक - विपिन बिहारी शांडिल्य, रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /2009/32311, न्यायलयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट